आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

www.navpradesh.com

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, रविवार, 23 अगस्त 2026 शुक्ल पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-12 अंक- 132 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

त्योहारी सीजन से पहले महंगी हुई मिठास, 3 महीने में 40% बढ़े चीनी के दाम, 70 रुपये किलो पहुंचा भाव

चीनी की कीमतों में उबाल, केंद्र सरकार का बयान- एथेनॉल बनाने से नहीं बढ़े दाम

रायपुर-दिल्ली/ए.। त्योहारी सीजन के बीच चीनी की कीमतें सातवें आसमान पर पहुंच गई हैं। राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के जिलों के खुदरा बाजार में तो चीनी के दाम बढ़कर 70 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गए हैं। रायपुर थोक व्यापारियों ने बताया कि पिछले एक महीने में चीनी के दाम में 20 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, सिर्फ पिछले चार-पांच दिन में ही कीमतों में अचानक 10 प्रतिशत का उछाल आया है। चीनी से बने उत्पादों जैसे गुड़, बताशा और नकुलदाना के दाम में भी इसी तरह की बढ़ोतरी हुई है।

मौसम खराब होने से गन्ने से चीनी कम बनी: नेशनल फेडरेशन ऑफ को-ऑपरेटिव शुगर फैक्ट्रीज लिमिटेड के मुताबिक, पिछले साल ज्यादा बारिश से गन्ने 'की फसल को नुकसान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गन्ना एथेनॉल बनाने में खपा

सरकार की नई एथेनॉल ब्लेंडिंग पॉलिसी के तहत गन्ने का एक बड़ा हिस्सा चीनी की बजाय एथेनॉल बनाने में खप रहा है। ऑल इंडिया डिस्टिलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, देश में पिछले साल 720 करोड़ लीटर एथेनॉल बना, जिसमें 1.33 करोड़ टन अनाज व 25 लाख टन चीनी बनाने लायक गन्ना-शीरा लगा।

कम स्टॉक के बावजूद चीनी का एक्सपोर्ट

केंद्र सरकार ने नवंबर 2025 में 15 लाख टन चीनी के निर्यात को मंजूरी दी थी। फरवरी 2026 में 5 लाख टन की मंजूरी और बढ़ा दी। सरकार ने कीमतें बढ़ने पर मई 2026 में चीनी के एक्सपोर्ट पर रोक लगाई, लेकिन तब तक 8 लाख टन चीनी देश से बाहर भेजी जा चुकी थी। इससे चीनी का स्टॉक 47 लाख टन से घटकर 39 लाख टन हो गया और घरेलू बाजार में चीनी की कमी हो गई।

तीन महीने में गुड़ के दाम भी 24 प्रतिशत तक बढ़े

चीनी के अलावा तीन महीने में गुड़ 24%, चावल 16% और मक्के का आटा 11% तक महंगा हुआ है। चीनी के दाम बढ़ने की एक वजह मिलों के पास बचे स्टॉक में कमी भी बताई जा रही है। मिलों के पास शुरुआती स्टॉक भी पिछले साल के मुकाबले कम हुआ है। पिछले सीजन में पेराई शुरू होने से पहले मिलों के पास 47 लाख टन चीनी थी, जो इस बार घटकर 32 लाख टन रह गई है।

एथेनॉल की वजह से चीनी की कीमत नहीं बढ़ी: केंद्र सरकार

केंद्र सरकार ने चीनी की बढ़ती कीमतों के लिए एथेनॉल उत्पादन को जिम्मेदार मानने से इनकार किया है। खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने शुक्रवार को कहा कि कीमत बढ़ने की अन्य वजहों में घरेलू उत्पादन में कमी, त्योहारों से पहले बढ़ी मांग, मौसम से गन्ने की फसल को नुकसान और अंतरराष्ट्रीय बाजार में सप्लाई का दबाव बताया है। चोपड़ा के मुताबिक, 20 जुलाई को चीनी की औसत खुदरा कीमत 48 प्रति किलो थी, जो बढ़कर 56 प्रति किलो हो गई।

ये कैसा आत्मनिर्भर भारत: खरगे

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को चीनी की बढ़ती कीमतों और स्टॉक पर सरकार से 3 सवाल किए। उन्होंने पूछा कि ये कैसा आत्मनिर्भर भारत है, जहां विदेश से चीनी आयात की जा रही है और दूसरी तरफ गन्ने को पेट्रोल में मिलाने के लिए एथेनॉल में झोंका जा रहा है। हालांकि, केंद्र सरकार ने शुक्रवार को चीनी की बढ़ती कीमतों के लिए एथेनॉल उत्पादन को जिम्मेदार मानने से इनकार किया था। देश के कई शहरों में चीनी की कीमत 70 रुपए किलो तक पहुंच गई है। पिछले 3 महीने में इसके दाम करीब 40% यानी 19 प्रति किलो तक बढ़े हैं। कीमत कम करने के लिए केंद्र ने 31 अक्टूबर तक 10 लाख टन रॉ शुगर बिना ड्यूटी के आयात करने की मंजूरी दी है।

आज बेबाक

ये तो चिटिंग है। जगह-जगह बोर्ड लगा रखे हैं - पधारो म्हारे देश... रंग रंगीला राजस्थान...और जब मासूम काकरोच वहां पहुंचे तो कूट कूटकर उनकी चटनी बना दी। मेहमानों की ऐसी खातिरदारी कौन करता है भई? चलो मारा तो मारा लेकिन मारने का भी एक तरीका होता है। ऐसी ऐसी जगह मारा जहां नहीं मारना चाहिए। बड़े आए राजस्थानी शेर?। छुटभैये काकरोचों को कुचलकर सूरमा भोपाली बन रहे हो। अब देखना सबका बदला लेने फैजल उर्फ बड़का काकरोच राजस्थान आएगा और कैसे सबकी बैंड बजाएगा। अगर अपनी मां का दूध पिया है तो दीपके के सामने अपनी बहादुरी दिखाना।

अपराध: भारती कॉलेज में फर्जी डिग्री बेचने की जांच हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के कुल सचिव कर रहे

दुर्ग के भारती कॉलेज का प्रोफेसर निकला पेपर लीक का मास्टरमाइंड

नवप्रदेश लगातार

2,500 में एंडोस्कोपी कैमरा खरीदा, लिफाफे में छेदकर वीडियो बनाया, 11,000 में छात्रों को बेचा, 6 अरेस्ट

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी कृषि फर्स्ट ईयर के प्लांट पैथोलॉजी और सेकंड ईयर के दूसरे सेमेस्टर के कीटशास्त्र पेपर लीक मामले में पुलिस ने प्रोफेसर समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी अब भी फरार हैं। मामला तेलीबांधा थाना क्षेत्र का है। पुलिस के मुताबिक, पहले सेकंड ईयर के कीटशास्त्र का पेपर लीक होने का मामला सामने आया। जांच आगे बढ़ी तो फर्स्ट ईयर के प्लांट पैथोलॉजी का पेपर लीक करने की बात भी सामने आई।

दुर्ग के भारती कॉलेज का प्रोफेसर इस पूरे मामले का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। उसने प्रश्नपत्र वाले सीलबंद लिफाफे में छेद करने के लिए सुई और नुकीले उपकरण का इस्तेमाल किया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने करीब 2,500 में एंडोस्कोपी करने वाला कैमरा खरीदा था। इसी कैमरे को लिफाफे में बने छोटे छेद से अंदर डालकर प्रश्नपत्र का वीडियो बनाया। इसके बाद वीडियो से प्रश्नपत्र की सामग्री की नकल तैयार की गई और इसे अपने कॉलेज के छात्र अजय नायक समेत तीन छात्रों को 11 हजार में बेच दिया गया। बाद में पेपर सोशल मीडिया के जरिए आगे वायरल हो गया।

दरअसल, 7 अगस्त को बीएससी कृषि फर्स्ट ईयर की प्लांट पैथोलॉजी और 20 अगस्त को सेकंड ईयर की कीटशास्त्र परीक्षा होनी थी। दोनों परीक्षाएं विश्वविद्यालय से जुड़े 28 कृषि कॉलेजों में आयोजित होनी थीं। पेपर लीक की जानकारी कवर्धा कृषि कॉलेज और विश्वविद्यालय के अधिकारियों को ई-मेल के जरिए मिली। इसके बाद विश्वविद्यालय प्रबंधन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई।

20 अगस्त को पेपर लीक का मामला सामने आया

डीसीपी क्राइम एंड साइबर स्मृतिक राजनाला ने बताया कि 20 अगस्त को थाना तेलीबांधा में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में एक पेपर लीक का मामला सामने आया था। बीएससी सेकंड ईयर के सेकंड सेमेस्टर का कीट विज्ञान विषय का पेपर लीक हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने 100 से अधिक लोगों की पकड़ते हुए इन्वेस्टिगेशन चालू किया। जांच में भारती कॉलेज जो दुर्ग के प्रोफेसर का नाम सामने आया। टीम अलग-अलग जिलों में रवाना की गई, जो स्टूडेंट पेपर खरीदे उनको भी गिरफ्तार किया गया है। जो पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड प्रोफेसर है, उन्हें भी गिरफ्तार किया गया है। मास्टरमाइंड प्रोफेसर का नाम योगेश सोनकेसरिया है।

11 हजार रुपए, 6 मोबाइल समेत सामान जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 11 हजार रुपए कैश, 6 मोबाइल फोन, वीडियो रिकॉर्डिंग डिवाइस, केबल, मोबाइल कनेक्टर, सुई, सूजा, कॉपी और फेविकोल जब्त किया है।

6 आरोपी गिरफ्तार, 2 की तलाश जारी

पुलिस ने मामले में कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं, 2 अन्य आरोपी अभी फरार हैं। उनकी तलाश के लिए पुलिस की टीमें लगातार काम कर रही हैं। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर पेपर लीक में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

पूछताछ में पता चला एक पेपर पहले भी किया था लीक

पुलिस की पूछताछ में आरोपी प्रोफेसर ने बताया कि 7 अगस्त को बीएससी फर्स्ट ईयर का प्लांट पैथोलॉजी का पेपर भी लीक किया है। बीएससी के सेकंड सेमेस्टर का पेपर 20 तारीख को भी लीक किया है। इस पेपर को उसने 2 से 3 स्टूडेंट को 11 से 12 हजार रुपए में बेचा। इन स्टूडेंट के माध्यम से दूसरे स्टूडेंट तक यह पेपर पहुंचाया गया।

जेन जी पर भाजपा का बड़ा दांव युवाओं से सीधे संवाद की तैयारी

■ नितिन नवीन, स्मृति-तावड़े शामिल, कांग्रेस के पूरा वंदे मातरम न गाने के खिलाफ प्रस्ताव पास

नई दिल्ली/ए.। बीजेपी ने जेन-जी यानी युवा वोटर्स से जुड़ने के लिए खास टीम बनाई है। इसमें भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी और विनोद तावड़े के साथ गुजरात के मंत्री हर्ष सांघवी और छत्तीसगढ़ के मंत्री ओपी चौधरी शामिल हैं। वहीं, दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में शनिवार को नितिन नवीन की अध्यक्षता में 65 सदस्यीय नई राष्ट्रीय टीम की पहली बैठक हुई।

वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस के फैसले के खिलाफ प्रस्ताव पास किया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

नई टीम की बैठक में वंदे मातरम पर अभियान चलाने का फैसला

बीजेपी अध्यक्ष नितिन नवीन की अध्यक्षता में हुई नई टीम की बैठक में आगामी चुनावों, संगठन को मजबूत करने और पार्टी के कार्यक्रमों पर चर्चा हुई। नवीन ने कहा कि बीजेपी वंदे मातरम का इतिहास और महत्व देशभर में पहुंचाने के लिए अभियान चलाएगी। खासतौर पर युवाओं के बीच जागरुकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी पूरे वंदे मातरम और उससे जुड़े इतिहास को समझ सके। इससे पहले 19 अगस्त को कांग्रेस कार्यसमिति ने 1937 के अपने फैसले पर कायम रहने का फैसला किया था।

छत्तीसगढ़ के मंत्री ओपी चौधरी को मिला स्थान

रायपुर/नवप्रदेश। बीजेपी ने जेन-जी यानी युवा वोटर्स को साधने के लिए नई टीम बनाई है। इस टीम में भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, राष्ट्रीय महासचिव स्मृति ईरानी, गुजरात के डिप्टी सीएम हर्ष सांघवी के साथ छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी भी शामिल हैं। दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन की अध्यक्षता में पार्टी की नई 65 सदस्यीय राष्ट्रीय टीम की पहली बैठक हुई। इसमें नई टीम में शामिल सभी 12 महिला सदस्य भी शामिल हुईं। नई टीम जेन-जी के बीच जेन-जी आउटरीच प्रोग्राम चलाएगी। अभियान का नाम युवा संवाद दिया गया है। 14 से 25 साल के युवाओं को जोड़ने के लिए यह कार्यक्रम होंगे। यह अभियान अगले माह से शुरू होगा।

रायपुर में करंट से मां-बेटे की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में करंट लगने से मां-बेटे की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब मां बालकनी में सूख रहे कपड़े लेने गई थी। कपड़े उतारने के दौरान जैसे ही उन्होंने जीआई पाइप को छुआ, वह करंट की चपेट में आ गईं। मां को करंट से चिपका देख उनका बेटा उन्हें बचाने पहुंचा, लेकिन वह भी करंट की चपेट में आ गया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मां अपने बेटे के साथ बेटी से मिलने रायपुर आई थीं। उनकी बेटी किराए के मकान में रहती है। शुरुआती जांच में पता चला कि करंट कूलर से जीआई पाइप में फैला था। घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र की है।

गरमा-गरम

एनटीए के सेंटर पर बिजली गुल एग्जाम छूटा, छात्राओं का हंगामा

जयपुर/ए.। जयपुर के सत्य साई कॉलेज में ऑल इंडिया आयुष पीजी एंट्रेंस परीक्षा के दौरान बिजली गुल होने से हंगामा मच गया। एनटीए द्वारा आयोजित ऑनलाइन परीक्षा के दौरान कुछ अभ्यर्थी पेपर बीच में छोड़कर बाहर आ गए। पहली पारी की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक होनी थी, लेकिन 10.15 बजे ही बिजली गुल हो गई। बिजली नहीं आने के कारण परीक्षा प्रभावित हुई। पहली पारी में बिजली गुल होने के बावजूद व्यवस्था ठीक नहीं हो सकी, जिसका असर दूसरी पारी की परीक्षा पर भी पड़ा।

दूसरी पारी में भी बड़ी लापरवाही देखने को मिली। लाइट नहीं होने के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जज भगवान नहीं, हर फैसला भी सही नहीं: जस्टिस करोल

कहा- न्याय के लिए विनम्रता जरूरी, याचिकाकर्ता के पीछे खड़े इंसान को भी देखें

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजय करोल ने शनिवार को अपने विदाई भाषण में कहा कि जज भगवान नहीं होते। उनसे हर फैसला पूरी तरह सही होने की उम्मीद नहीं की जा सकती।

जस्टिस करोल ने कहा, 'हम जज कोई भगवान नहीं हैं। हम हर फैसला सही नहीं कर सकते। न्याय करने के लिए विनम्रता जरूरी है। जजों को हर मुकदमे में केवल याचिकाकर्ता नहीं, बल्कि उसके पीछे खड़े इंसान को भी देखना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

चार दशक की कानूनी यात्रा को याद किया

जस्टिस करोल ने अपनी चार दशक लंबी कानूनी यात्रा को याद करते हुए कहा कि अदालत उनके लिए कभी सिर्फ काम करने की जगह नहीं रही। कोर्ट रूम ने उन्हें हमेशा सहारा दिया और उनके जीवन में उनसे कहीं बड़ी और महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि उन्होंने अदालतों में करीब 40 साल बिताए।

ट्रक और पिकअप की सामने-सामने भिड़ंत, 3 मजदूरों की मौत, 8 घायल

■ पिकअप में सवार थे 11 मजदूर, राजपुर-कुसमी मार्ग के सेवारी गांव के पास हादसा

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर जिले में एक बड़ा हादसा हो गया। ट्रक और पिकअप वाहन के बीच हुई टक्कर में तीन मजूदरों की मौत हो गई है। जबकि हादसे में आठ लोग घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। कई घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार सुनक स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों की मदद की। हादसे ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ंत

अधिकारियों ने बताया कि 11 मजदूर एक पिकअप वाहन में सवार होकर प्रतापपुर क्षेत्र से शंकरगढ़ की ओर रवाना हुए थे। जब वह सेवारी गांव के करीब पहुंचे तब उनका वाहन सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गया। हादसे में देव कुमार (34), भानू (32), अमर साय (40), लक्ष्मण (30), अजय कुमार (40), राय सिंह (38) और प्रदीप (34) घायल हुए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया।

लैंडिंग करते इंडिगो विमान का पिछला हिस्सा रनवे से टकराया

■ 178 लोग सवार थे, पायलट ने दूसरी कोशिश में उतारा, गोरखपुर की घटना

गोरखपुर/ए.। गोरखपुर एयरपोर्ट पर एक विमान हादसा टल गया। इंडिगो विमान की लैंडिंग के दौरान पिछला हिस्सा (टेल) जमीन से टकरा गया था। इसके बाद पायलट ने विमान को फिर से हवा में ले लिया। कुछ देर बाद एयर ट्रैफिक कंट्रोल के क्लियरेंस मिलने पर विमान की दोबारा लैंडिंग कराई। मामला 19 अगस्त का है।

दिल्ली से आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2381 में क्रू मेंबर्स समेत 178 लोग सवार थे। विमान के उतरने के बाद नियमित जांच में पिछले हिस्से में ऑक्सिलरी पावर यूनिट (एपीयू) के पास खरोंच के निशान मिले।

विमान को अस्थायी तौर पर सेवा से हटा दिया गया है। फिलहाल, इसकी तकनीकी जांच और मरम्मत की जा रही है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार, तकनीकी मंजूरी मिलने के बाद ही विमान को दोबारा उड़ान में शामिल किया जाएगा। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

तमिलनाडु सरकार नवजात बच्चों को देगी सोने की अंगूठी

चेन्नई/ए.। तमिलनाडु सरकार ने सरकारी अस्पतालों में जन्मे नवजात बच्चों के लिए 1.28 लाख सोने की अंगूठियों के वर्क ऑर्डर जारी किए हैं। इस योजना का बजट 220 करोड़ रुपए है। तमिलनाडु मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन ने शुक्रवार देर रात जॉयलुक्कास और कल्याण ज्वेलर्स को ऑर्डर दिए। ये अंगूठियां जून से सितंबर के बीच सरकारी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बेहतर स्वास्थ्य सुविधा पर जोर : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से की मुलाकात

छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्था होगी और मजबूत

■ दूरस्थ और जनजातीय अंचलों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने पर विशेष जोर

रायपुर/नई दिल्ली/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से उनके निवास पर सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा से उनके स्वास्थ्य एवं कुशलक्षेम की जानकारी ली और उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवाओं के विस्तार तथा केंद्र सरकार के सहयोग से संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति को लेकर सार्थक चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री को राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का विशेष फोकस इस बात पर है कि प्रदेश के प्रत्येक नागरिक को उसके निकट ही गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो। इसके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं से लेकर उच्च ■ शेष पृष्ठ 8 पर

केंद्र से मिल रही मदद: साय

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और जनोन्मुखी बनाने की दिशा में व्यापक बदलाव आया है। आयुष्मान भारत सहित केंद्र सरकार की विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं से जरूरतमंद परिवारों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने में बड़ी मदद मिली है। छत्तीसगढ़ सरकार भी केंद्र की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।

नड्डा ने सहयोग का दिया आश्वासन

जेपी नड्डा ने छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। उन्होंने प्रदेश में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए केंद्र सरकार की ओर से आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। सीएम साय ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार के निरंतर सहयोग से छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को और गति मिलेगी तथा विशेष रूप से दूरस्थ एवं जनजातीय क्षेत्रों के नागरिकों को बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने का लक्ष्य तेजी से पूरा होगा।

CVRU
DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY
DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY
A part of aisect india
Bilaspur, Chhattisgarh
Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | NAAC Accredited University
JOIN A NAAC
'A' GRADE UNIVERSITY
AI ENABLED CAMPUS WITH GLOBAL OPPORTUNITIES
ACCREDITED WITH GRADE A NAAC
4000 Students Placed (Last 5 years)
Companies Visited 450+
Up to 100% Scholarship Available for Deserving and Eligible Students
25+ International Students from Nepal & Bhutan.
Highest Package up to ₹ 35 LPA
DR. C. V. RAMAN UNIVERSITY
Approvals & Recognition From Regulatory Bodies
ADMISSION OPEN 2026-27
Google Cloud Certified Digital Campus Elite Tier
futureskills prime
A MeitY - NASSCOM Digital Skilling Initiative
(University Grants Commission) Act 1956
The AICTE (All India Council of Technical Education)
The NCTE (National Council for Teacher Education)
The BCI (Bar Council of India)
Dr. C. V. Raman University is the member of the Association of Indian Universities (AIU)
The University is Approved by CGPURC
The PCI (Pharmacy Council of India, a statutory body constituted under the Pharmacy Act, 1948)
University Grants Commission (UGC) Distance Education Bureau
PROGRAMMES OFFERED
FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY
B.TECH.
B. Tech in Computer Science Engineering (AI and Data Science) In Association with IBM
B. Tech in Computer Science Engineering (AI and ML) In Association with Google
B. Tech in Mechanical Engineering (Global Certification in Mechanical Design) In Association with Ethnotech Academy
B. Tech in Civil Engineering (Global Certification in 3D Design) In Association with Ethnotech Academy
B. Tech in Electronics & Communication Engineering (Global Certification in Electric Vehicle) In Association with Ethnotech Academy
B. Tech Electrical Engineering/ Electrical & Electronics Engineering (Global Certification in Electric Vehicle) In Association with Ethnotech Academy
POLYTECHNIC DIPLOMA
· Civil Engineering
· Mechanical Engineering
· Computer Science Engg.
· Electrical Engineering
M.TECH
· Digital Communication
· Power System
· Computer Science Engineering
· Production Engineering
· VLSI ·Software Engineering
UG DIPLOMA IN FIRE SAFETY MANAGEMENT
FACULTY OF COMMERCE & MANAGEMENT
MBA Marketing | Finance | HR | Production | IT | Retail Tourism and hospitality management
BBA as per (AICTE Model Curriculum)
BBA (Business Analytics with AI)
PGDBM (PG Diploma in Business Management)
B.Com Banking & Finance in Association with IIBF
M.Com Banking & Finance in Association with IIBF
D.B.F. (Diploma in Banking and Finance) in Association with IIBF
Information & Technology
M.Sc. (IT, CS) (AI/ Data Science/ Cyber Security) in Association with Nasscom/NPTEL
BCA (AI & ML/ Data Science) in Association with Google/Nasscom/EthnoTech Academy
B.Sc. (CS) (AI/ Data Science/ Cyber Security) in Association with Nasscom/Google
B.Sc. (IT) (AI/ Data Science/ Cyber Security) in Association with Nasscom/Google
PG Diploma in Computer Application (PGDCA) with AI
Diploma in Computer Application (DCA) with AI
Diploma in Artificial Intelligence (DAI)
Science
Bachelor of Science (B.Sc.) Integrated with PSC Coaching
Physics | Chemistry | Maths | Microbiology
Biotech | Botany | Zoology | Computer Science
Rural Technology | UG Nutrition & Dietetics
Master of Science (M.Sc.) Integrated with PSC Coaching
PCM | Botany | Microbiology | Biotech | Zoology
Rural Tech | Electronics | Applied Physics
PG Diploma in Rural Development (PGDRD)
Law
B.A. (LLB) | B.Com. (LLB) | L.L.B. | L.L.M.
Education & Physical Education
Bachelor of Education (B.Ed)
Master of Education (M.Ed)
Bachelor of Physical Education and Sports (BPES)
Master of Physical Education and Sports (MPES)
Master of Arts in Yoga (MA Yoga)
Bachelor of Vocational (B.Voc)
Automobile Servicing | IT Application Development
House Keeping | Production Technology
Banking, Financial Services and Insurance
Home Care | Construction | AC & Refrigeration
Multimedia & Animation | Hospital Administration
Fashion Designing | Interior Designing
Fire & Safety (Industrial & Construction)
Pharmaceutical Sciences
Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)- 4 Years
Master of Pharmacy (M.Pharm)-2 Years
Diploma of Pharmacy (D.Pharm)-2 Years
Arts
Bachelor of Arts (BA) Integrated with PSC Coaching
B.A. (Geography) Remote Sensing and Geographical Information Systems (GIS).
B.A. (History) Digital Tools and Techniques in Historical Studies.
B.A. (Economics)
B.A. (Sociology) Digital Society, AI and Cyber Sociology.
B.A. (Political Science) Cyber Security and Governance.
B.A (Sanskrit) Vedic studies, Dharamshastra & Karmkand, IKS, Sanskrit Natya Shastra, and Vastu & Jyotish Science.
B.A. (English)
B.A. (Hindi)
Master of Arts (MA) Integrated with PSC Coaching
Hindi | English | Chhattisgarhi | Sanskrit | History
Geography | Economics | Political Science
Sociology | Education | Rural Development
UG Diploma in Foreign Language
PG Diploma in Geospatial Technology
Diploma in Pourohit (Karmakand)
Bachelor of Library Science (B.Lib)
Master of Library Science (M.Lib)
Master of Social Work (MSW)
Bachelor of Journalism | Master of Journalism
Performing Fine & Folk Arts:
BPA (Dance, Instrumental, Vocal) | MPA
Certificate Courses:
Indian Music (Vocal), Kathak, Tabla, Guitar
Research Programmes Ph.D.
Special Features:
· Accredited by NAAC
· Chhattisgarh's first private university
· Skill Courses offered by PMKK in the University
· 100+ Industry Collaborations for a strong industry academia relationship.
· Fully Automated Central Library
· 12 Centre of Excellence in the field of Art & Culture, Biotechnology, Green Energy, Performing Arts, Future & high end skills and many more
· Sprawling 70-acre campus surrounded by lush greenery
· Diverse student base from 8 states
· Career Advancement – Upgrade skills, get promotions, and grow in your career.
· Flexible Timings – Ideal for working professionals, homemakers, and rural learners
· Rich Study Material – Printed self-learning books, e-books, and interactive video lectures.
· Affordable Fee Structure – Quality education at a low cost
· Counselling & Support – Guidance from expert faculty through online/offline modes.
· Technology-Enabled Learning – Online classes, e-resources, and digital libraries for modern education.
· Learner Support Division – Dedicated academic and administrative support through counselling and helplines.
· Inclusive Education – Empowering rural learners, women, and differently-abled students through equal opportunities.
· PSC Coaching integrated UG/PG Programme
· Google Cloud Certified Digital Campus.
OUR PLACEMENT PARTNERS
NIIT Star vivo Tech Mahindra
amazon IndusInd Bank Infosys
vedanta pinnacle LANCO
zomato दैनिक भास्कर genpact
wipro iON AMERICAN EXPRESS
BEST FACILITIES FOR GREAT EXPERIENCES
Research Lab
Volleyball Ground
90.4 Radio Raman
CVRU - Incubation Center (i-TBI)
Centre Library
Bharat Scouts & Guides
Boys Hostel
Skill Development Centre
University Buses
Wi-Fi Campus
National Cadet Corps
International Students
ADMISSION HELPLINE : 6261-900581/88
Campus: Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.) Ph. +91-7753-253801
E-Mail : info@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in
City Office: Dr. C.V. Raman University, Infront of Pallav Bhavan, Ring Road No.2, Bilaspur (C.G.) Ph. 07752-448799, Mo. 9109028878

हर क्षेत्र में नवाचार की सोच के साथ काम करें : डॉ. माखीजा

■ **बच्चों को मोबाइल से रखें दूर, पांच वर्ष की उम्र में कराएं आंखों की जांच**

बिलासपुर/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद के छत्तीसगढ़ प्रांत अध्यक्ष एवं चिकित्सक डॉ. ललित माखीजा ने कहा कि जीवन में सफलता के लिए परिस्थितियों की शिकायत करने के बजाय लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर आगे बढ़ना जरूरी है। हर क्षेत्र में कुछ नया करने और नवाचार की सोच के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि

व्यक्ति को यह ध्यान रखना चाहिए कि वह आज जहां खड़ा है और उसे जहां पहुंचना है, उस दिशा में लगातार आगे बढ़ते रहना चाहिए। जरूरत पड़े तो गति बढ़ानी चाहिए, लेकिन लक्ष्य से भटकना नहीं चाहिए।

डॉ. माखीजा शनिवार को बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अपने जीवन के संघर्ष, मेडिकल शिक्षा, आर्थिक परिस्थितियों, सामाजिक सेवा और संगठन से जुड़े अनुभवों को साझा किया।

उन्होंने कहा कि शुरुआती दौर में आर्थिक स्थिति सामान्य थी और सीमित संसाधनों में पढ़ाई और जीवनयापन किया। संघर्ष के दौरान उन्होंने मेहनत , आत्मविश्वास और कर्म को प्राथमिकता दी। दूसरों के घर, गाड़ी अथवा जीवनशैली देखकर स्वयं को कमतर आंकने के बजाय अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए अंगूठी, माला अथवा किसी अन्य बाहरी सहारे से अधिक जरूरी स्वयं पर विश्वास और निरंतर प्रयास है। किसी जरूरतमंद की मदद करने का अवसर मिले तो उसे अपना अहसान नहीं, बल्कि ईश्वर की ओर से मिला अवसर और जिम्मेदारी मानना चाहिए।

उन्होंने मेडिकल कॉलेज के दिनों के कई संस्मरण साझा करते हुए आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों और जरूरतमंद लोगों की सहायता से जुड़े प्रसंग भी बताए।

राम मंदिर अभियान और संगठन के सवालों पर भी की चर्चा

पत्रकारों ने राम मंदिर अभियान और विश्व हिंदू परिषद की गतिविधियों से जुड़े विभिन्न सवाल पूछे, जिनका डॉ. माखीजा ने विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने संगठन के कार्यों, सामाजिक सरोकारों और विभिन्न अभियानों की जानकारी भी साझा की। अपने जीवन के उतार-चढ़ाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियां व्यक्ति को मजबूत बनाती हैं, बशर्ते वह अपने लक्ष्य और सिद्धांतों से समझौता न करे।

बच्चों के मोबाइल इस्तेमाल पर जताई चिंता

डॉ. माखीजा ने बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर अभिभावकों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि बच्चों की आंखों की नियमित जांच जरूरी है और पांच वर्ष की उम्र में आंखों की जांच अवश्य करानी चाहिए। बच्चों को मोबाइल स्क्रीन से दूर रखना चाहिए तथा मोबाइल का इस्तेमाल सीमित समय तक ही होने देना चाहिए। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों के हाथ में लंबे समय तक मोबाइल न देने की अपील की।

पत्रकारों के लिए ओपीडी निःशुल्क

इस अवसर पर डॉ. माखीजा ने पत्रकारों के लिए विशेष घोषणा करते हुए कहा कि उनके अस्पताल में पत्रकारों का ओपीडी शुल्क नि:शुल्क किया जाएगा तथा इलाज में भी छूट दी जाएगी। इस सुविधा का लाभ लेने के लिए पत्रकारों को प्रेस क्लब अध्यक्ष अथवा पदाधिकारियों के लेटरहेड पर पत्र लेकर आना होगा। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और उनके लिए स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में सहयोग करना सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा है।

न्यूज गैलरी

रक्षाबंधन से पहले मिली महतारी वंदन की सौगात

बिलासपुर/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना महिलाओं के

जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना की तीसरी किस्त की राशि मिलने पर भारतीय नगर निवासी हितग्राही श्रीमती शकुन यादव ने खुशी जताते हुए मुख्यमंत्री विष्णु भैया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि हर माह मिलने वाली 1000 रुपये की सहायता राशि से बच्चों की पढ़ाई, रोजमर्रा की जरूरतों और परिवार की आवश्यकताओं को पूरा करने में काफी मदद मिल रही है। श्रीमती शकुन यादव ने कहा कि रक्षाबंधन जैसे महत्वपूर्ण त्योहार के पहले ही महतारी वंदन योजना की राशि खाते में मिलने से उनकी खुशी दोगुनी हो गई है। त्योहार के समय मिली आर्थिक सहायता से परिवार की जरूरतों को पूरा करने में सहूलियत मिली है। उन्होंने कहा कि योजना से महिलाओं को आर्थिक संबल मिल रहा है और वे अपनी छोटी-बड़ी जरूरतों को स्वयं पूरा करने में सक्षम हो रही हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना को महिलाओं के लिए बेहद उपयोगी बताते हुए मुख्यमंत्री विष्णु भैया के प्रति आभार व्यक्त किया।

छत्तीसगढ़ धोबी समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक आज

सीपत/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश धोबी समाज की कोर कमेटी की आवश्यक प्रदेश स्तरीय बैठक आगामी 23 अगस्त, रविवार को सुबह 11 बजे रतनपुर परिक्षेत्र अंतर्गत एनटीपीसी सीपत नवाडीह स्थित सामाजिक सामुदायिक भवन, माता चौरा पानी टंकी के पास आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रदेशभर से समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी, संभागीय एवं जिला अध्यक्ष, राज परिक्षेत्र पदाधिकारी तथा महिला प्रकोष्ठ की पदाधिकारी शामिल होंगी। प्रदेश महासचिव कृष्ण कुमार निर्मलकर ने बताया कि बैठक का मुख्य एजेंडा आगामी प्रदेश स्तरीय चुनाव को लेकर चर्चा एवं आवश्यक निर्णय लेना है। उन्होंने पांचों संभागों के अध्यक्ष, 33 जिलों के अध्यक्ष, राज परिक्षेत्र अध्यक्षों सहित समाज के सभी पदाधिकारियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर बैठक को सफल बनाने की अपील की है। बैठक में पांचों संभाग एवं 33 जिलों के अंतर्गत मतदाता सूची जारी करने, चुनाव की तिथि एवं स्थान निर्धारित करने, चुनाव भवन का चयन, चुनाव अधिकारी एवं उपचुनाव अधिकारियों की नियुक्ति सहित चुनावी प्रक्रिया को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी। इसके अलावा रसीद, चंदा राशि, प्रचार-प्रसार, फार्म तथा बैलेट पेपर के माध्यम से लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव कराने की रूपरेखा पर भी विचार-विमर्श होगा। एक समाज, एक संगठन और एक प्रदेश अध्यक्ष पर जोर बैठक में छत्तीसगढ़ धोबी समाज को संगठित एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से 'एक समाज, एक संगठन, एक प्रदेश अध्यक्ष' की व्यवस्था को लेकर भी सहमति बनाने का प्रयास किया जाएगा।

व्याख्यान के साथ रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास पर हुआ संवाद

सीजीआईटी में विद्यार्थियों ने जानी नई शिक्षा नीति और रंगमंच की बारीकियां

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रौद्योगिकी संस्थान (सीजीआईटी), बिलासपुर में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई), नई दिल्ली के निर्देशानुसार नवप्रवेशित प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 11 से 22 अगस्त तक द्विसप्ताहिक स्टूडेंट इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के विभिन्न सत्रों में विद्यार्थियों को शैक्षणिक व्यवस्था की जानकारी देने के साथ कला, संस्कृति, रचनात्मकता और व्यक्तित्व विकास से जुड़े विषयों से भी परिचित कराया जा रहा है। कार्यक्रम के 11वें दिन प्रथम सत्र में शासकीय ई. राघवेन्द्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय, बिलासपुर के प्राचार्य डॉ. डी.के. श्रीवास्तव ने राष्ट्रीह्यह्यह्य शिक्षा नीति-2020 पर व्याख्यान दिया। उन्होंने नई शिक्षा नीति के प्रमुख प्रावधानों और उच्च शिक्षा पर उसके प्रभावों की जानकारी देते हुए मेजर एवं माइनर डिसिप्लिन, क्रेडिट सिस्टम, पाठ्यक्रम,

पाठ्यचर्या रूपरेखा और मूल्यांकन प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने विद्यार्थियों को नई शिक्षा व्यवस्था में उपलब्ध शैक्षणिक अवसरों और लचीली अध्ययन प्रणाली का प्रभावी उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

आत्मविश्वास बढ़ाने का संदेश

द्वितीय सत्र में प्रसिद्ध अभिनेता एवं रंगमंच निर्देशक कुणाल भांगे ने विद्यार्थियों से भारतीय रंगमंच की समृद्ध परंपरा और उसकी विविध विधाओं पर संवाद किया। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में प्रचलित रंगमंचीय विधाओं, प्रमुख थिएटर स्कूलों और चर्चित रंगकर्मियों के बारे में जानकारी दी। साथ ही रंगमंच के माध्यम से रचनात्मकता, अभिव्यक्ति, आत्मविश्वास और टीमवर्क विकसित करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कुणाल भांगे ने वर्ष 2006 में रंगमंच की यात्रा शुरू की थी और बिलासपुर के अग्रज नाट्य दल से प्रशिक्षण प्राप्त किया। वे फीचर फिल्म 'कोसा' में अभिनय कर चुके हैं। वर्तमान में वे वेब सीरीज, फिल्मों और शॉर्ट फिल्मों के माध्यम से अभिनय एवं कहानी कहने की अपनी यात्रा आगे बढ़ा रहे हैं। वे एक्टिंग कोच के रूप में भी कार्य कर रहे हैं तथा विभिन्न स्थानों पर थिएटर वर्कशॉप और मास्टरक्लास आयोजित करते हैं। सत्र में प्रो. एम.के. मंडावी समन्वयक के रूप में उपस्थित रहे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां कार्यक्रम के अंतिम सत्र में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। छात्र-छात्राओं ने उत्साह के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनकी रंगारंग प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सत्र का समन्वय प्रो. इंद्राणी बोरकर ने किया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. एस.के. सिंघई के मार्गदर्शन में आयोजित इंडक्शन कार्यक्रम का समन्वय डॉ. अवनीश उपाध्याय, प्रो. आर.के. डहरिया और प्रथम वर्ष के प्राध्यापकों द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल संचालन में संस्थान के विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का सहयोग रहा।

सावन उत्सव में महिलाओं ने जमकर की मस्ती, सुमन अवस्थी बनीं सावन सुंदरी

बिलासपुर/नवप्रदेश। कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छत्तीसगढ़ महिला प्रकोष्ठ की ओर से मध्यनगरीय चौक स्थित नगर कार्यालय परिसर में उल्लासपूर्वक सावन उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस दौरान विभिन्न मनोरंजक खेल, हाउसी, सावन गीत और शिव भजनों की प्रस्तुतियों ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। कार्यक्रम की संयोजिका एवं मंच की प्रदेश महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. रश्मि लता मिश्रा ने बताया कि सावन उत्सव का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक रूप से जोड़ने के साथ ही मनोरंजन और स्वास्थ्य जागरूकता का अवसर उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में महिलाओं ने माचिस की एक तीली से अधिक से अधिक मोमबत्तियां जलाने सहित कई आकर्षक खेलों में हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में सीमा शर्मा प्रथम तथा मीनू दुबे, ममता पाण्डेय और अनामिका बाजपेयी द्वितीय रहीं। सुमन अवस्थी बनीं सावन सुंदरी सावन सुंदरी प्रतियोगिता में सर्वाधिक मत प्राप्त कर श्रीमती सुमन अवस्थी विजेता बनीं। डॉ. अर्पणा मिश्रा फर्स्ट रनरअप रहीं। वहीं श्वेता, ममता और अनामिका को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। हाउसी के विभिन्न खेलों में भी महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में रत्ना पाण्डेय, श्रद्धा तिवारी सहित अन्य महिलाओं ने शिव भजनों और सावन गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। गीत-संगीत और खेलों के बीच महिलाओं ने सावन उत्सव का जमकर आनंद लिया। स्वास्थ्य जागरूकता पर भी जोर उत्सव के दौरान डॉ. अर्पणा मिश्रा ने महिलाओं को ब्रेस्ट कैंसर के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बीमारी के शुरुआती लक्षणों के प्रति जागरूक रहने, समय पर जांच कराने तथा आवश्यक उपचार लेने पर जोर दिया। उन्होंने महिलाओं से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की अपील की।

वीरानी स्कूल की छात्रा जानवी ने ताइक्वांडो में जीता स्वर्ण, बढ़ाया बिलासपुर संभाग का मान

सीपत/नवप्रदेश। 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा ताइक्वांडो प्रतियोगिता गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में आयोजित हुई, जिसमें प्रदेश के विभिन्न संभागों से पहुंचे खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में बिलासपुर संभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए मस्तूरी विकासखंड अंतर्गत विरानी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सीपत की छात्रा जानवी भारद्वाज ने अंडर-17 बालिका वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। ग्राम दर्राभाठा निवासी जानवी भारद्वाज, पिता एसडी भारद्वाज ने प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत दमदार अंदाज में की। उन्होंने पहले मुकाबले में रायपुर संभाग की खिलाड़ी को शिकस्त दी। इसके बाद दूसरे मुकाबले में बस्तर संभाग की खिलाड़ी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मुकाबले में जानवी का सामना दुर्ग

संभाग की खिलाड़ी से हुआ, जिसमें उन्होंने बेहतरीन खेल कौशल और आत्मविश्वास का परिचय देते हुए जीत दर्ज कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। जानवी की इस उपलब्धि से न केवल विरानी पब्लिक स्कूल सीपत, बल्कि बिलासपुर संभाग और पूरे सीपत क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। उनकी सफलता पर स्कूल की संचालिका नसीम विरानी, प्राचार्या तारा गिरी एवं स्पोर्ट्स शिक्षक सूर्यप्रकाश चंद्राकर ने हर्ष व्यक्त करते हुए जानवी को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अब दिखाएंगी दम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने के बाद जानवी भारद्वाज का चयन राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है। आगामी 18 से 24 अक्टूबर तक जम्मू-कश्मीर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में वे छत्तीसगढ़ की ओर से अंडर-17 बालिका वर्ग में अपना हुनर दिखाएंगी। स्पोर्ट्स शिक्षक सूर्यप्रकाश चंद्राकर ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर जानवी से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। जीत का श्रेय माता-पिता और गुरुजनों को : स्वर्ण पदक जीतने के बाद जानवी भारद्वाज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, स्कूल की प्राचार्या एवं स्पोर्ट्स शिक्षक को दिया।

साइबर अपराध रोकने जागरूकता ही बड़ा हथियार

मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय में साइबर जागृति पर हुई कार्यशाला

सीपत/नवप्रदेश। शासकीय मदनलाल शुक्ल महाविद्यालय सीपत में पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना सीपत और महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में साइबर जागृति अभियान के तहत जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। मैं जागरूक हूं इसलिए साइबर फ्रॉड से मुक्त हूं थीम पर आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में साइबर एक्सपर्ट पीएसआई अंकिता साव ने विद्यार्थियों को साइबर फ्रॉड के बदलते तरीकों से सावधान किया। उन्होंने फिश ट्रैप, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन गेमिंग और विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों से होने वाली ठगी के बारे में सरल उदाहरणों के साथ जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साइबर अपराध से बचने के लिए जागरूक और सतर्क रहना जरूरी है। विद्यार्थी स्वयं जागरूक होने के

साथ अपने परिवार, रिश्तेदारों और आसपास के लोगों को भी साइबर ठगी से बचाव के लिए जागरूक करें।जागरूकता की कमी, लालच और डर साइबर ठगी के तीन बड़े कारण : थाना प्रभारी सीपत राजेश कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए साइबर फ्रॉड के तीन प्रमुख कारण जागरूकता का अभाव, लालच और डर बताए। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति स्वयं जागरूक होता है, तभी वह दूसरे लोगों को भी जागरूक कर सकता है। आज पुलिस की जिम्मेदारी केवल अपराध होने के बाद अपराधी को सजा दिलाने तक सीमित नहीं है, बल्कि अपराध को होने से रोकना भी पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका बन गई है। इसके लिए साइबर जागरूकता जैसे कार्यक्रम बेहद प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक करने, संदिग्ध कॉल पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने या डराने-धमकाने वाले साइबर ठगों के झांसे में आने से बचें। उन्होंने कहा कि थोड़ी सी सावधानी और जागरूकता बड़ी साइबर ठगी से बचा सकती है।

क्यूआर कोड से बताए उपयोगी ऐप : कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को क्यूआर कोड के माध्यम से विभिन्न उपयोगी ऐप और साइबर सुरक्षा संबंधी जानकारी भी दी गई। विद्यार्थियों ने साइबर अपराध से जुड़े सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम काउद्देश्य विद्यार्थियों को केवल स्वयं सुरक्षित करना ही नहीं, बल्कि उन्हें साइबर जागरूकता के संदेश का वाहक बनाना भी रहा । कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रघुनंदन पटेल, डॉ. एमडी स्वर्णकार, डॉ. राम प्रसाद, डॉ. श्वेता पंड्या, चंद्रा, डॉ. के. वेणु अचारी, डॉ. जीवन गोरे, हेमपुष्पा नायक, वंदना श्रीवास्तव, भूपेंद्र कुमार देवांगन, तृप्ति शुक्ला, डॉ. पूजा यादव, पुष्पा साहू, निमेष सिंह, विमल तिवारी एवं धनंजय टंडन सहित महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी शत्रुहन घृतलहरे ने किया। कार्यशाला विद्यार्थियों के लिए साइबर अपराध के प्रति सजगता बढ़ाने और सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने की दिशा में उपयोगी साबित हुई।

नियुक्ति : वरिष्ठ किसान नेता श्याम मूरत बने प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव

किसानों की आवाज मजबूती से उठाने का संकल्प

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस ने संगठन विस्तार करते हुए प्रदेश के 21 कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। प्रदेश कार्यालय राजीव भवन, रायपुर से जारी नियुक्ति आदेश क्रमांक 137/26 के अनुसार बिलासपुर के वरिष्ठ किसान नेता श्याम मूरत कौशिक को प्रदेश महासचिव नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से कुर्मी समाज सहित मुंगेली-बिलासपुर अंचल के किसान समुदाय और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

नियुक्ति अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा, राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी अखिलेश शुक्ला, प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मंत्री चरणदास महंत एवं प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैंदू की अनुमति से की गई है। प्रदेश प्रभारी मनोज नवार एवं प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा के हस्ताक्षर से नियुक्ति आदेश जारी हुआ है। नई जिम्मेदारी मिलने पर श्याम मूरत कौशिक ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एक सामान्य कार्यकर्ता को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपना किसानों के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने

कहा कि 'किसान मोर, मितान सदस्यता अभियान' को गांव-गांव और खेत-खलिहान तक पहुंचाने के साथ किसानों की समस्याओं को मजबूती से सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

कौशिक ने अपने कुर्मी समाज, सर्व समाज और क्षेत्र की जनता का भी आभार जताते हुए कहा कि जिन लोगों ने हमेशा उनका साथ और विश्वास दिया है, उनके भरोसे पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे।

समाज और किसान संगठनों में उत्साह

श्याम मूरत कौशिक की नियुक्ति पर मुंगेली-बिलासपुर अंचल के किसान समुदाय, कुर्मी समाज एवं सर्व समाज के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं और किसान साथियों ने कहा कि कौशिक ने लंबे समय से किसानों, मजदूरों और सर्व समाज के हितों से जुड़े मुद्दों को उठाया है। प्रदेश महासचिव की जिम्मेदारी मिलना उनके सामाजिक एवं किसान हितैषी कार्यों का सम्मान है।

कुर्मी समाज के पदाधिकारियों, ग्राम प्रमुखों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उम्मीद जताई कि कौशिक के नेतृत्व में किसान कांग्रेस संगठन को गांव-गांव तक और अधिक मजबूत करने में मदद मिलेगी।

लंबे समय से किसान हितों के लिए सक्रिय कौशिक की संगठन में मजबूत पकड़ मानी जाती है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के किसान एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है।

---

25 को शिक्षक संघर्ष मोर्चा का प्रांतीय आंदोलन

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने शिक्षकों के अधिकारों एवं हितों को लेकर 25 अगस्त को प्रदेशव्यापी आंदोलन का आह्वान किया है। इस दिन प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में विभिन्न संवर्गों के शिक्षक एकजुट होकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। मोर्चा के प्रदेश संयोजक संजय शर्मा, वीरेंद्र दुबे एवं केदार जैन ने सभी संवर्गों के शिक्षकों से आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है। मोर्चा के अनुसार आंदोलन के माध्यम से शिक्षकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को शासन के समक्ष रखा जाएगा। इनमें टेट की अनिवार्यता से मुक्ति प्रमुख मांग है। मोर्चा ने सेवा सुरक्षा एवं पदोन्नति के लिए शिक्षकों को टेट परीक्षा की अनिवार्यता से राहत देने की मांग की है। पूर्व सेवा अवधि को पेंशन में जोड़ने की मांग शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने शिक्षकों को पूर्ण सेवा सुरक्षा देने के साथ पूर्व सेवा अवधि को जोड़कर पेंशन एवं अन्य सेवा लाभ प्रदान करने की मांग भी उठाई है। इसके अलावा राज्य के शिक्षकों को केंद्रीय वेतनमान के समान लाभ देने तथा वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग ज्ञापन में शामिल की गई है। मोर्चा ने 13 फरवरी 2026 को जारी भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में शिक्षकों के हितों को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक संशोधन की मांग की है।

रक्षाबंधन विशेष: कोरे धागे में बंधा विश्वास, भारतीय संस्कृति का अमर और प्राणवान अध्याय

जब भी हम कलाई पर बंधने वाले रेशम के उस साधारण से धागे को देखते हैं, तो वह हमें एक बेहद असाधारण भावना से भर देता है। यह सिर्फ दो इंसानों के बीच का रिश्ता नहीं है, बल्कि यह स्नेह, सुरक्षा और अटूट विश्वास का वह जीवंत दस्तावेज है जो सदियों से हमारी संस्कृति की धड़कन बना हुआ है। रक्षाबंधन महज एक त्योहार नहीं, बल्कि इंसानियत के उस उच्च मानवीय मूल्य का प्रतीक है जहाँ हर व्यक्ति दूसरे की रक्षा और सम्मान को अपना परम कर्तव्य मानता है। आज जब हम इस पावन पर्व को मनाते हैं, तो इसके इतिहास, इसके मूल कारणों और इसके असली आध्यात्मिक व सामाजिक महत्व को गहराई से समझना बेहद जरूरी हो जाता है।

इतिहास के पन्नों में रक्षाबंधन: का पौराणिक और ऐतिहासिक संदर्भ

रक्षाबंधन की परंपरा का इतिहास उतना ही प्राचीन है जितनी कि हमारी सभ्यता। इसके उद्गम और विकास को हम विभिन्न कालों और घटनाओं के जरिए समझ सकते हैं:-

वैदिक काल और देवताओं का प्रसंग: पौराणिक कथाओं के अनुसार, एक बार देवताओं और दानवों के बीच भीषण युद्ध चल रहा था। धर्म की रक्षा के लिए जब देवता संकट में थे, तब देवराज इंद्र की पत्नी इंद्राणी (शची) ने भगवान विष्णु की सलाह पर सावन पूर्णिमा के दिन मंत्रों से अभिमंत्रित एक रक्षा-सूत्र इंद्र की कलाई पर बांधा था। इस आध्यात्मिक बल के प्रभाव से देवताओं को युद्ध में विजयश्री प्राप्त हुई। माना जाता है कि यहीं से युद्ध पर जाने वाले योद्धाओं की कलाई पर रक्षा-सूत्र बांधने की परंपरा शुरू हुई। महाभारत काल और भगवान श्रीकृष्ण की लीला: द्वापर युग में महाभारत के दौरान इस पर्व का एक और अत्यंत मार्मिक प्रसंग मिलता है। जब राजसूय यज्ञ के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की उंगली सुदर्शन चक्र से कटकर लहूलुहान हो गई थी, तब द्रौपदी ने अपनी साड़ी का पल्ला फाड़कर तुरंत उनकी उंगली पर बांध दिया था। उस रक्तहीन पट्टी के एक-एक सूत के कर्ज को चुकाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने चीरहरण के समय द्रौपदी की लाज बचाकर यह साबित कर दिया कि रक्षा-सूत्र के मायने क्या होते हैं।

ऐतिहासिक गाथाएँ : मध्यकाल में भी रक्षाबंधन के ऐतिहासिक उदाहरण मिलते हैं। मेवाड़ की रानी कर्णावती जब संकट में थीं और गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह के आक्रमण का खतरा था, तब उन्होंने मुगल बादशाह हुमायूं को राखी भेजी थी। एक मुस्लिम शासक होने के बावजूद हुमायूं ने उस राखी की लाज रखी और मेवाड़ की रक्षा के लिए अपनी सेना भेज दी। यह इस बात का प्रमाण है कि राखी सरहदों, जातियों और धर्मों की सीमाओं से परे एक सार्वभौमिक मानवीय बंधन है।

आज के दौर में रक्षाबंधन: बदलता स्वरूप और गहराता अर्थ

समय के साथ इस पर्व के मनाने के तरीकों में भले ही बदलाव आया हो, लेकिन इसकी मूल आत्मा आज भी उतनी ही पवित्र है। आज का रक्षाबंधन नए आयाम छू रहा है:

संवेदनाओं का आधुनिकीकरण: आज दूरियों ने रिश्तों की गर्माहट को कम नहीं किया है। तकनीक के जरिए मीलों दूर बैठे भाई-बहन वीडियो कॉल और डिजिटल माध्यमों से इस पर्व की पवित्रता को महसूस करते हैं।

पर्यावरण और सामाजिक सरोकार: आधुनिक युवा पीढ़ी अब पारंपरिक धागों के साथ-साथ 'सीड-राखी' (ऐसी राखियाँ जिनमें पौधे के बीज होते हैं) का उपयोग कर रही है। इसके साथ ही, महिला सुरक्षा और उनके स्वावलंबन के प्रति समाज में नई जागरूकता पैदा करने का माध्यम भी यह पर्व बन रहा है।

2. रक्षाबंधन मनाने का मूल कारण: क्या था इसके पीछे का उद्देश्य?

आदि काल से इस पर्व को मनाने के पीछे कुछ स्पष्ट सामाजिक और नैतिक उद्देश्य रहे हैं, जिन्हें आज के दौर में फिर से रेखांकित करने की आवश्यकता है:-

परस्पर सुरक्षा और सामाजिक एकजुटता का भाव: प्राचीन समाज में जब लोग युद्धों, यात्राओं या अनिश्चितताओं के बीच जीवन जीते थे, तब परिवार और समाज के सदस्यों में एक-दूसरे के प्रति दायित्व का बोध कराने के लिए इस पर्व कीकल्पना की गई थी। यह केवल एक भाई द्वारा बहन की रक्षा का वचन नहीं है, बल्कि यह समाज के हर उस व्यक्ति के प्रति प्रतिबद्धता है जो कमजोर या संकट में है।

नैतिक मूल्यों और भाई-चारे का संवर्धन: रक्षाबंधन का मूल कारण समाज में प्रेम, आदर और सद्भाव की भावना को जीवित रखना है। यह पर्व मनुष्य को यह याद दिलाता है कि रिश्ते सिर्फ स्वार्थ या खून के रिश्तों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि संवेदना और वचनबद्धता ही किसी भी समाज की असली ताकत होती है।

रिश्तों की गर्माहट और मानवीय संवेदनाओं का महापर्व

भारतीय संस्कृति में रक्षाबंधन केवल भाई-बहन के पवित्र रिश्ते का उत्सव नहीं है, बल्कि यह आपसी स्नेह, विश्वास और अगाध प्रेम को सहेजने का एक ऐसा पर्व है जो हमारी व्यस्त और यांत्रिक जिंदगी को मानवीय संवेदनाओं से भर देता है। सावन मास की पूर्णिमा पर मनाया जाने वाला यह त्योहार प्रकृति के उल्लास के साथ-साथ पारिवारिक रिश्तों की गर्माहट को पुनर्जीवित करने का काम करता है। आज के इस आधुनिक और दौड़-भाग भरे युग में, जहाँ मनुष्य डिजिटल स्क्रीन और भौतिकता के पीछे भागते-भागते अपनों से दूर होता जा रहा है, रक्षाबंधन हमें अपनी जड़ों और अपनों के करीब लौटने का अनमोल अवसर देता है। भाई-बहन का रिश्ता इस दुनिया का सबसे अनूठा और निश्छल रिश्ता माना जाता है, जिसमें बचपन की खट्टी-मीठी यादें, बिना किसी शर्त का लड़ना-झगड़ना और पल भर में फिर एक हो जाना शामिल है। समय के साथ भले ही दूरियां बढ़ जाएं या जिम्मेदारियां बदल जाएं, लेकिन इस रिश्ते की मिठास और अपनापन कभी कम नहीं होता। कलाई पर बंधा वह रेशमी धागा महज़ एक सूत नहीं होता, बल्कि यह बहन के मन का अगाध विश्वास और उसकी मंगलकामना होती है, जिसके बदले भाई अपनी बहन की हर परिस्थिति में ढाल बनने का वचन देता है।

गरीब बाला नहीं झन्नाटेदार हुई बिजली बाई

एआई

विजय मिश्रा

प्रदेश इतिहास में पहली बार सरकारी विभागों को बिजली बाई ने तगड़ा झटका दिया है। बिजली खपत के आंकलन एवं पूर्व भुगतान हेतु सरकारी कार्यालयों में प्रीपेड सिस्टम अनिवार्य कर दिया गया है। सरकार के इस निर्णय से सरकारी अमला सकते में है। उसे अपनी आजादी छीनने की पीड़ा खाए जा रही है। बिजली का बेखौफ दुरुपयोग करने वाले बेचारे सरकारी सेवकों को अब बिल भुगतान करने का खौफ सताने लगा है। फोकट की बिजली फूंक्र भाई लल्लू की सोच रखने वालों को डपटते हुए छत्तीस इंची सीना फूलाकर बिजली बोर्ड कह रहा है कि ÷ बिजली गरीब बाला नहीं बल्कि चार सौ चालिस वोल्ट करंट मारने वाली बिजली बाई बन गई है÷।

प्रदेश में प्रीपेड बिजली सिस्टम लागु करने के अलावा घर घर और कार्यालयों में ÷खुंसट चौकीदार÷ स्मार्ट मीटर भी लगाया जा रहा है,जो कि प्रधान सेवक की तरह रात दिन जागते हुए बिजली बिरयानी खाने वालों पर बुरी नजर रखता है। जनहित में आकंठ डूबा वह मीटर ÷न खाऊंगा न खाने दूंगा÷ की तर्ज पर काम करता है। बिजली विभाग भी स्मार्ट मीटर को 'सत्यवादी हरिश्चंद्र' बताते हुए दावा कर रहा है कि स्मार्ट मीटर बिना भेदभाव किए सबको बिजली की सच्ची खपत की घुट्टी पिलाता है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भगवान श्रीराम का ननिहाल छत्तीसगढ़ है। इसीलिए यहां की पावन धरा पर उत्पादित बिजली भी गंगाजल की तरह पवित्र है। ऐसी पवित्र बिजली का दुरुपयोग भगवान के प्रसाद का घोर अपमान है।

राम मंदिर के चढ़ावे की चोरी जैसे ही बिजली की चोरी जघन्य अपराध है। इसे समझ कर राम राज्य लाने के लिए अथक प्रयास में जुटी सरकार ने सरकारी विभागों को एडवांस में अनिवार्यतः बिजली भुगतान करने का तगड़ा खेल खेला है। इसे ईमानदारी से खेले तो सरकार की गिरती छवि सुधार सकती है।

अन्यथा यही खेल उलटा पलट कर बूमेरेंग हथियार की तरह सत्ता पर ही वार करेगा।

सरकारी विभागों की बकाया वसूली के बहाने सरकार ने बिल्ली सी गुर्राती जनता,सरकार के खिलाफ शेर की तरह दहाड़ते दहाड़ते विपक्षियों को चुप भी करा दिया है। साथ ही जनता को ÷प्रीपेड मीटर सिस्टम÷ से फिलहाल मुक्त करके नहले पर दहला मारा है।

हवा का रुख अपनी ओर करने वाला अचूक पासा फेंका है। हालांकि जनता जानती है कि सरकार की नजर में ÷जनता तो बली की बकरी की तरह ही होती है। जिसे पहले तो सरकार खूब खिलाती पिलाती है, फिर समय आने पर एक झटके में हलाल कर देती है।

फिर भी सरकारी विभागों पर प्रीपेड सिस्टम स्मार्ट मीटर का चौकीदार बिठाने और बकाया बिजली बिल भुगतान करने की बाध्यता का निर्णय लेने का साहस करने वाली सत्ता को जनता सलाम कर रही है। दावा किया जा रहा है कि प्रदेश के विकासखंड स्तर तक सभी सरकारी विभागों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं।

अगर इसमें सच्चाई है तो यह बिजली विभाग की अभूतपूर्व अविश्वसनीय उपलब्धि है। विकासखंड स्तर तक शत प्रतिशत स्मार्ट मीटरी करण हो जाना प्रदेश के गुनीजनों के लिए सोच का और भावी इंजीनियरों के लिए शोध का विषय बन गया है।

सरकार ने कौन सी रामबाण घुट्टी पिलाई दी है। जिससे बिजली की गति से स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे है। बिजली मीटर का निर्माण कौन कर रहा है।विपक्षी पार्टी इसे खोज क्यों नहीं पाई है।विपक्षी पार्टियों को भी इन दिनों नया मुद्दा मिल गया है।वे सुबह शाम नारे लगा रहे हैं -बिजली रानी बड़ी सयानी स्मार्ट मीटर के साथ मिलकर करती है मनमानी।

बिजली बदनाम हुई स्मार्ट मीटर तेरे कारण। मेरे अंगने में स्मार्ट मीटर तेरा क्या काम है तू है नाम वाला तभी तो बदनाम है।

इन दिनों बिजली उपभोक्ताओं की एक और आम शिकायत है कि आकाश में बिजली चमकती है तो घरों की बिजली अविलम्ब गुल हो जाती है। घरों से दूर कहीं जाकर दुबक जाती है। सुना था नारी ही नारी की शत्रु होती है।

बरसाती बिजली की चमक से गुल होती घरों की बिजली को देखकर लगता है कि बिजली भी बिजली की बैरी होती है।

दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी का सोशल मीडिया संयोजक छत्तीसगढ़ का लाल

अभिषेक धाड़से

छत्तीसगढ़ के लिए यह गर्व का क्षण है। रायपुर के दीपक म्हास्के को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय सोशल मीडिया संयोजक नियुक्त किया गया है। अमित मालवीय के लगभग 11 वर्षों के कार्यकाल के बाद यह बदलाव पार्टी अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में हुआ। म्हास्के अब उस मशीनरी के सिर पर बैठे हैं जो दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की डिजिटल आवाज है।

यह सिर्फ एक नियुक्ति नहीं, छत्तीसगढ़ की सांगठनिक क्षमता और डेटा-आधारित कामकाज की पहचान है।

छत्तीसगढ़ का गौरव

दीपक म्हास्के का सफर बताता है कि संगठन, डेटा और लगातार मेहनत से कोई भी कार्यकर्ता राष्ट्रीय भूमिका तक पहुंच सकता है। केमिस्ट्री प्रोफेसर से लेकर जैविक किसान, डेटा विश्लेषक और फिर दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के सोशल मीडिया संयोजक तक का यह सफर छत्तीसगढ़ की राजनीतिक परिपक्वता को दर्शाता है। अब उनकी सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि वे युवाओं तक सही कहानी कितनी प्रभावी तरीके से पहुंचा पाते हैं। छत्तीसगढ़ का बेटा अब पूरे देश की डिजिटल लड़ाई का चेहरा है। आशा है कि वे इस जिम्मेदारी को गर्व के साथ निभाएंगे।

शुरुआत कहां से हुई

दीपक म्हास्के का जन्म 1968 में रायपुर में महाराष्ट्रीय ब्राह्मण परिवार में हुआ। परिवार की पृष्ठभूमि जनसंघ और आरएसएस से जुड़ी रही। उनके भाई तेज प्रताप म्हास्के आरएसएस से जुड़े हैं। म्हास्के ने एमएससी केमिस्ट्री की डिग्री ली, सीमेंट टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा किया और कंप्यूटर प्रोग्रामिंग की ट्रेनिंग भी ली। कुछ वर्षों तक कॉलेज में केमिस्ट्री प्रोफेसर रहे।

इसके बाद उन्होंने कृषि की ओर रुख किया। बागवानी और जैविक खेती में 35 साल से ज्यादा का अनुभव है। डेटा कलेक्शन और विश्लेषण में उनकी विशेष रुचि रही, खासकर चुनावी डेटा और सरकारी लाभार्थी योजनाओं का। इंजीनियरिंग इंडिया लिमिटेड में गैर-आधिकारिक स्वतंत्र निदेशक भी रहे और वर्तमान में छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससी) के अध्यक्ष हैं, जो राज्य मंत्री स्तर का पद है।

राजनीति में उनका प्रवेश 2009 के आसपास छत्तीसगढ़ भाजपा आईटी सेल से हुआ। राज्य आईटी सेल प्रभारी और राज्य प्रवक्ता रहे। बिहार, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के विधानसभा चुनावों में सोशल मीडिया अभियानों का नेतृत्व किया। जिला स्तर पर फेसबुक अकाउंट्स खोलकर और कंटेंट टीम बनाकर युवा मतदाताओं तक पहुंच बनाने की रणनीति उन्होंने पहले ही आजमाई थी। चुनाव कभी नहीं लड़े, फिर भी संगठन और डेटा के बल पर राष्ट्रीय भूमिका तक पहुंचे।

क्या अपेक्षाएं हैं

भाजपा में सोशल मीडिया संचार लंबे समय से एक कमजोर कड़ी माना जाता रहा है। खासकर युवा और जेन-ˆ के बीच। किसान आंदोलन, सीएए विरोध और हाल के छात्र आंदोलनों (जैसे कॉकरोच जनता पार्टी प्रदर्शन) के दौरान पार्टी अक्सर स्पष्ट, त्वरित और आकर्षक नैरेटिव बनाने में पिछड़ती दिखी। जबकि विपक्ष और वामपंथी पक्ष सोशल मीडिया पर बेहतर सौंदर्यबोध, रील्स और युवा-केंद्रित भाषा का इस्तेमाल करते रहे।

म्हास्के से उम्मीद है कि वे इस कमी को पूरी करेंगे। सकारात्मक सामग्री को और तेजी से लोगों तक पहुंचाना, फेक नैरेटिव का जवाब देना और बूथ स्तर तक डिजिटल पहुंच मजबूत करना। ये प्रमुख जिम्मेदारियां हैं। पार्टी अब महज आक्रामकता नहीं, लॉजिक और सही जानकारी पर जोर देना चाहती है।

उन्होंने क्या कहा और क्या लागू करने वाले हैं

नियुक्ति के बाद म्हास्के ने साफ कहा कि उनका फोकस विपक्ष द्वारा एआई से बने रील्स के जरिए फैलाए जा रहे फेक नैरेटिव पर रहेगा। वे सकारात्मक कंटेंट को और गति देंगे। जेन-ˆ के लिए उन्होंने इंस्टाग्राम और रील्स को प्राथमिकता दी। कहा कि युवा पहले से सोशल मीडिया पर हैं, पार्टी को उन्हीं प्लेटफॉर्म्स के जरिए सही जानकारी पहुंचानी होगी। 22 अगस्त की बैठक में विस्तृत रणनीति बनेगी।

उन्होंने जोर दिया कि हर राज्य की अपनी जरूरतें हैं, इसलिए एक जैसे कंटेंट से काम नहीं चलेगा। व्हाट्सएप ग्रुप्स, फेसबुक और बूथ स्तर तक पहुंच बनानी होगी। युवा मोर्चा के साथ मिलकर काम करेंगे। अमित मालवीय से उन्होंने बहुत कुछ सीखा है और आगे भी मार्गदर्शन लेंगे। उनका मानना है कि प्रचार क्षणिक माहौल बना सकता है, लेकिन लंबे समय तक सही जवाब देने से भ्रम दूर होते हैं।

चुनौतियां भी कम नहीं

बाएं पक्ष के पास युवाओं के लिए बेहतर सौंदर्यबोध, मीम्स और रील्स का मजबूत इकोसिस्टम है। जेन-ˆ राजनीति को टीवी या अखबार से नहीं, बल्कि इंस्टाग्राम रील्स और शॉर्ट वीडियो से समझता है। पार्टी को इस भाषा और फॉर्मेट में खुद को ढालना होगा। विदेशी खातों से आने वाले प्रचार और लगातार बदलते प्लेटफॉर्म एल्गोरिदम भी चुनौती हैं। म्हास्के को राज्य इकाइयों के साथ समन्वय बनाए रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट संदेश देना होगा।

गुस्ताख़ लड़की

मेरे भीतर
एक गुस्ताख़ लड़की
रहती है
बेअदब, मुँहफट,
बेपरवाह,
मस्तमौला सी
अपनी धुन में खोई
अपनी ही सुनती
अपनी ही कहती
वो किसी से नहीं है
डरती
एक जगह पर टिकती
नहीं
रोके ज़माना तो
रुकती नहीं
अपने सपनों को
अहमियत देती है
नये-नये पैंतरे
आज़माती है
वो लड़की किसी बात
से
नहीं घबराती है
उड़ती पतंग सी
उषा-किरण सी
मदमस्त मलंग सी
जहाँ मन करे वहाँ
चली जाती है
फ़रेबी दुनिया को झेल
कर
रंजो ग़म से खेल कर
कितनी दफ़ा टूटी,
बिखरी,
फिर सम्भली है
तब जाकर बनी है
वो अच्छी लड़की से
एक गुस्ताख़ लड़की।

पूजा बहार

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज भी दिन विपरीत फल देने वाला रहेगा। स्वयं अथवा किसी पारिवारिक सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी दवाओं पर खर्च बढ़ेगा। परिवार में तालमेल बना रहेगा।

वृष: आज दिन का पूर्वार्ध आशा से अधिक शुभ रहेगा। आज के दिन आकस्मिक घटनाएं अधिक घटित होंगी चाहे वो आर्थिक या पारिवारिक हों।

मिथुन: आज आप उदासीनता युक्त जीवन जीयेंगे। पेट सम्बंधित शिकायत रहने एवं अन्य शारीरिक कष्ट के कारण शरीर शिथिल रहेगा। मन के अनुसार कार्य नहीं होंगे। कार्यो में विलम्ब के कारण परेशानियां होंगी।

कर्क: आपका आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा। कार्यो की असफलता अथवा किसी महत्त्वपूर्ण अनुबंध के निरस्त होने से स्वभाव में चिड़चिड़ा पन आ सकता है।

सिंह: आज आपको प्रतिकूल फल मिलने से मन में नकारात्मकता रहेगी। कार्य को करने से पहले ही हार मान लेने से सफलता की उम्मीद भी अल्प रहेगी।

कन्या: आज दिन का प्रारंभिक भाग सुख-शांति से बितायेंगे। मन खुश रहने से आसपास का वातावरण भी हास्यमय बनाएंगे। मित्र प्रियजनों के साथ भविष्य की योजनाओं पर खुल कर विचार करेंगे।

तुला: आज आपकी महात्त्वकांक्षाओ की पूर्ती में अड़चने आने से हताश हो सकते है। फिर भी भले-बुरे का विवेक रहने से मानसिक रूप से परेशान नहीं होंगे।

वृश्चिक: आज के दिन धन की कमी रहने पर भी खुश रहने का सफल प्रयास करेंगे। परिजनों से भावनात्मक सम्बन्ध रहने से मन को शान्ति मिलेगी।

धनु: आज के दिन आपको प्रत्येक कार्य में सावधानी रखने की सलाह है। जल्दबाजी में लिए गए निर्णय के कारण धन के साथ सम्मान की भी हानि हो सकती है। धैर्य से समय बिताएं।

मकर: आज दिन का पूर्वार्ध नयी उलझने लाएगा। हठी प्रवृति रहने से व्यापार में हानि एवं प्रियजनों से दूरी बढ़ सकती है। महत्त्वपूर्ण कार्य को अनुभवियों के परामर्श के बाद ही करें अन्यथा थोड़े समय के लिए टाल दें।

कुंभ: आज भी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहने से लाभ के कई अवसर मिलेंगे परन्तु अज्ञान की स्थिति अथवा गलत सलाह के कारण लाभ होना संदिग्ध ही रहेगा। बहुप्रतीक्षित अतिमहत्त्वपूर्ण कार्य पूरा होगा।

मीन: आज भी दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत होगा। थोड़ी आर्थिक परेशानियां रह सकती है।

QUIZ TIME

1. पेशाब (मूत्र) में पानी की मात्रा कितनी होती है?
2. भारत के महान्यायवादी का कार्यकाल कितना होता है?
3. तीरंदाजी में एक तीरंदाज को तीन तीर चलाने के लिए अधिकतम समय होता है?
4. शाहजहाँ ने ताजमहल देखने के लिए किसका निर्माण किया था?
5. भारत की पहली महिला हाथी महावत के रूप में किसे जाना जाता है?

उत्तरमाला-
(1) 95 प्रतिशत (2) निश्चित कार्यकाल तय नहीं किया गया है (3) 2 मिनट (4) आगरा के किले (5) पार्बती बारूआ

RamaQuiz

कार्टून

कौशल विकास की ओर कदमः शैक्षणिक सत्र में एआई, हैकाथॉन और संचार कौशल पर विशेष जोर

रायपुर/नवप्रदेश। आईएसबीएम यूनिवर्सिटी कैंपस, रायपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम का उत्साहपूर्ण एवं सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों में आत्मविश्वास, शैक्षणिक दक्षता, संचार कौशल, तकनीकी जागरूकता तथा व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देना रहा।

कार्यक्रम के प्रथम दिवस की शुरुआत मे विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति, डॉ. आनंद महालवार ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनका स्वागत किया तथा विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों के बारे में जानकारी दी, जिसके उपरांत "Believe in Yourself" विषय पर डॉ.आदेश वर्मा द्वारा प्रेरणादायक सत्र के साथ हुई। इस सत्र में प्रतिभागियों को स्वयं पर विश्वास रखने, सकारात्मक सोच विकसित करने, अपनी क्षमताओं को पहचानने तथा जीवन में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया गया। सत्र के दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों में आत्मविश्वास एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर विशेष जोर दिया गया। द्वितीय दिवस में शैक्षणिक सत्र आयोजित किए गए, जिसमें स्पोकन इंग्लिश तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। स्पोकन इंग्लिश सत्र में श्री सुब्रत मजूमदार द्वारा प्रभावी संवाद, दैनिक जीवन में अंग्रेजी के प्रयोग, उच्चारण एवं संचार कौशल को बेहतर बनाने पर ध्यान देने को कहा गया। वहीं श्री राहुल कुमार सिंह द्वारा एआई सत्र में प्रतिभागियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मूल अवधारणाओं, इसके उपयोग तथा शिक्षा एवं भविष्य के करियर में इसकी संभावनाओं से अवगत कराया ।श्री अबीर कपूर ने हैकाथॉन, नवाचार एवं समस्या-समाधान के क्षेत्र में विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

तृतीय दिवस पर एनएलपी (न्यूरो-लिंग्विस्टिक प्रोग्रामिंग) विषय पर श्रीमती माधवी शुक्ला और सीए सीमा तयाल का विशेष सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में प्रतिभागियों को सकारात्मक सोच, व्यवहार में बदलाव, लक्ष्य निर्धारण, प्रभावी संचार तथा व्यक्तिगत विकास के लिए इसकी उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। प्रतिभागियों ने सत्र में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए विभिन्न गतिविधियों एवं अभ्यासों के माध्यम से विषय को समझा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण लोकप्रिय रैपर डीहोमी की शानदार प्रस्तुति रही । उनकी दमदार परफॉर्मेंस पर विद्यार्थियों ने जमकर उत्साह दिखाया और कार्यक्रम का माहौल संगीतमय एवं जोशीला हो गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के प्रदर्शन एवं व्यक्तित्व के आधार पर मिस इवनिंग एवं मिस्टर इवनिंग तथा मिस फ्रेशर एवं मिस्टर फ्रेशर के खिताब से विद्यार्थियों को नवाजा गया। विजेताओं को सम्मानित करते हुए अतिथियों एवं संस्था के पदाधिकारियों ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

न्यूज गैलरी

छत्तीसगढ़ यूसीसी मसौदे पर 27 अगस्त को मंथन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने की दिशा में राज्य सरकार ने प्रक्रिया तेज कर दी है। यूसीसी का प्रारूप तैयार करने के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति की मौजूदगी में 27 अगस्त को रायपुर के न्यू सर्किट हाउस स्थित कन्वेंशन हॉल में राज्य स्तरीय परिचयात्मक बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों से करीब 200 प्रबुद्ध नागरिक, जनप्रतिनिधि और विशेषज्ञ शामिल होंगे। बैठक में समान नागरिक संहिता के विभिन्न प्रावधानों, इसके सामाजिक प्रभाव और व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। इसमें शामिल प्रतिनिधियों से यूसीसी के संभावित प्रारूप को लेकर सुझाव और अनुभव लिए जाएंगे। राज्य सरकार का उद्देश्य सभी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए एक समावेशी और संतुलित प्रारूप तैयार करना है। यूसीसी को लेकर राज्य सरकार ने आम नागरिकों और संगठनों से भी सुझाव मांगे हैं। प्रदेश का कोई भी नागरिक या संगठन 30 सितंबर तक समान नागरिक संहिता से जुड़े अपने सुझाव सरकार के समक्ष रख सकता है। इसके अलावा विभिन्न समूहों को अलग-अलग बैठकों के लिए भी आमंत्रित किया जाएगा। राज्य सरकार की योजना इसी वर्ष यूसीसी लागू करने की दिशा में आगे बढ़ने की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पहले ही घोषणा कर चुके हैं कि विधानसभा के आगामी शीतकालीन सत्र में यूसीसी विधेयक पेश किया जाएगा। इससे पहले मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया पूरी करने पर जोर दिया जा रहा है।

छात्रों के मुद्दों और चंदा चोरी को लेकर कांग्रेस चलाएगी व्यापक अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस कार्यसमिति में लिए गए फैसलों को अब छत्तीसगढ़ में जमीन पर उतारने की तैयारी शुरू हो गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पार्टी के राष्ट्रीय कार्यक्रमों के विस्तार और आयोजन को लेकर जिला, ब्लॉक और नगर कांग्रेस कमेटियों के साथ सभी मोर्चा संगठनों, विभागों और प्रकोष्ठों को परिपत्र जारी किया है। कांग्रेस छात्रों के मुद्दों और राम मंदिर चंदा चोरी के आरोपों को लेकर शहरों, कस्बों और शैक्षणिक केंद्रों में व्यापक जनसंवाद अभियान चलाएगी। कांग्रेस जेन-जी से जुड़े मुद्दों और चंदे में कथित अनियमितताओं को राजनीतिक मुद्दा बनाकर भाजपा और केंद्र सरकार को घेरने की तैयारी में है। इसके तहत 'छात्रों की गूंज' अभियान को प्रदेश के सभी शहरों, कस्बों और प्रमुख शैक्षणिक केंद्रों तक विस्तार दिया जाएगा। वहीं राम मंदिर चंदे से जुड़े आरोपों को लेकर जिला और ब्लॉक मुख्यालयों से लेकर कस्बों तक चौपाल लगाकर आम लोगों से संवाद किया जाएगा। पीसीसी के निर्देश के अनुसार राम मंदिर चंदे से जुड़े आरोपों को लेकर स्थानीय स्तर पर सामुदायिक बैठकें और चौपाल आयोजित की जाएंगी। कांग्रेस कार्यकर्ता इन कार्यक्रमों में आम लोगों के साथ चर्चा कर भाजपा द्वारा राम मंदिर के मुद्दे के राजनीतिक इस्तेमाल और चंदे से जुड़े आरोपों को उठाएंगे।

रामगोपाल अग्रवाल और करीबियों के ठिकानों से 1.50 करोड़ से अधिक नकदी जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने गुरुवार को कांग्रेस के पूर्व कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल और उनके करीबियों के रायपुर, धमतरी तथा दुर्ग-भिलाई स्थित आठ ठिकानों पर 12 घंटे से अधिक समय तक जांच की। कार्रवाई के दौरान ईडी ने 1.50 करोड़ रुपए से अधिक नकदी, महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल उपकरण जब्त किए। देर रात जांच पूरी करने के बाद टीम वापस लौट गई।

ईडी की कार्रवाई रामगोपाल अग्रवाल के अलावा उनके भतीजे अनूप अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, कमलेश्वर अग्रवाल तथा बिल्डर सजल जैन और विश्वास गुप्ता से जुड़े परिसरों में हुई। टीम ने चार आवासीय परिसरों और तीन कार्यालयों में दस्तावेजों और डिजिटल उपकरणों की जांच की।

30 से ज्यादा अधिकारी और 50 हथियारबंद जवान रहे तैनात

कार्रवाई के दौरान ईडी के 30 से अधिक अधिकारी और करीब 50 हथियारबंद जवान तैनात रहे। अधिकारियों ने परिसरों में मौजूद दस्तावेजों, कंप्यूटर, मोबाइल फोन और अन्य डिजिटल उपकरणों की जांच की। जांच के बाद महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल साक्ष्य अपने साथ ले गए। बताया जा रहा है कि जब्त दस्तावेजों में कथित तौर पर अवैध तरीके से अर्जित रकम और उसके लेन-देन से संबंधित जानकारी शामिल है। ईडी अब जब्त दस्तावेजों और डिजिटल साक्ष्यों का बयानों एवं अन्य उपलब्ध जानकारी से मिलान कर रही है।

एनआरआई कोटे की 192 सीटों पर संकट, पात्र मिले सिर्फ 32 छात्र

- सख्त नियमों का असर, 160 सीटों के कन्वर्ट होने की संभावना
- छह निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 15% सीटें एनआरआई कोटे में

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के छह निजी मेडिकल कॉलेजों में एनआरआई कोटे की 192 एमबीबीएस सीटों के लिए इस बार महज 32 छात्र ही पात्र पाए गए हैं। एनआरआई कोटे में प्रवेश के नियम सख्त होने के बाद सीटों की तुलना में पात्र अभ्यर्थियों की संख्या बेहद कम रह गई है। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि बाकी 160 सीटों का क्या होगा? संभावना जताई जा रही है कि पात्र अभ्यर्थी नहीं मिलने की स्थिति में इन सीटों को दूसरे कोटे में परिवर्तित किया जा सकता है। हालांकि पहले राउंड की स्थिति होने के कारण अंतिम तस्वीर आगामी काउंसिलिंग राउंड में स्पष्ट होगी।

प्रदेश के छह निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की कुल 1300 सीटें हैं। इनमें 15 प्रतिशत यानी 192 सीटें एनआरआई कोटे के लिए आरक्षित हैं। इस बार एनआरआई कोटे के लिए केवल 36 छात्रों ने आवेदन किया था। दस्तावेज सत्यापन के दौरान चार छात्रों को अपात्र पाए जाने के बाद सिर्फ 32 अभ्यर्थी पात्र बचे हैं।

पात्र पाए गए छात्रों ने नीट यूजी में 720 में से 179 से 403 अंक तक हासिल किए हैं। पहली बार इस कोटे में 403 अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी के प्रवेश की स्थिति भी सामने आई है।

1.40 करोड़ रुपये फीस के बावजूद पात्रता में बड़ी कमी

एनआरआई कोटे की एमबीबीएस सीट की फीस करीब 1.40 करोड़ रुपये है। इसके बावजूद पिछले वर्षों में इस कोटे में प्रवेश के लिए बड़ी संख्या में दावेदार सामने आते रहे हैं। इस बार नियमों में बदलाव के बाद स्थिति पूरी तरह बदल गई है।

अब पालकों को साबित करना होगा एनआरआई संबंध

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग ने इस वर्ष एनआरआई कोटे में प्रवेश के नियम कड़े किए हैं। अब पालकों को यह साबित करना होगा कि छात्र वास्तव में एनआरआई कोटे के लिए निर्धारित पात्रता पूरी करता है। इसके लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ शपथपत्र भी देना होगा।

नियमों के तहत छात्र का निकटतम संबंधी एनआरआई होना चाहिए। इसमें पिता के सगे भाई-बहन यानी चाचा-चाची, माता के सगे भाई-बहन यानी मामा-मौसी, दादा-दादी, नाना-नानी तथा प्रथम श्रेणी के पैतृक और मातृ संबंधी चचेरे भाई-बहन शामिल हैं। संबंधित व्यक्ति का प्रवासी भारतीय होना और सामान्यतः विदेश में निवास करना भी आवश्यक है। पिछले वर्ष तक प्रदेश में एनआरआई स्पांसरशिप का प्रावधान था। दो वर्ष पहले इस व्यवस्था को लेकर विवाद भी हुआ था और मामला हाई कोर्ट तक पहुंचा था।

मानव-हाथी द्वंद्व कम करने में हाथी मित्र दल की भूमिका महत्वपूर्ण

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हाथी-मानव द्वंद्व को रोकने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए वन विभाग द्वारा हाथी मित्र दल (हाथी मितान) के सदस्यों को मोटरसाइकिल और सुरक्षा किट (सुरक्षा उपकरण) प्रदान किए जा रहे हैं। राज्य में वन्यजीवों के संरक्षण और जंगल से लगे इलाकों में जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वन विभाग लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री केदार कश्यप ने कोरबा प्रवास के दौरान पुतका पहाड़ का निरीक्षण किया और कॉफी प्वाइंट में हाथी मित्र दल के सदस्यों को सुरक्षा उपकरण (किट) वितरित किए।

'मंत्री कश्यप ने किया सुरक्षा किट का वितरण'

वन मंत्री श्री कश्यप ने मैदान में तैनात हाथी मित्र दल के सदस्यों को काम के दौरान सुरक्षा संसाधन मुहैया कराने हेतु सुरक्षा उपकरण सौंपे। मंत्री कश्यप ने कहा कि हाथियों की गतिविधियों की सतत निगरानी, ग्रामीणों को समय पर अलर्ट करने और मानव-हाथी टकराव रोकने में दल की भूमिका बेहद अहम है। हाथियों को वन पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा बताते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय स्तर पर जागरूकता और वन विभाग के मैदानी अमले के साथ समन्वय से द्वंद्व की घटनाओं को न्यूनतम किया जा सकता है। मंत्री ने सदस्यों से उनकी सुरक्षा आवश्यकताओं और मैदानी चुनौतियों की जानकारी ली तथा उन्हें सुरक्षित रहकर कर्तव्यों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर श्री गोपाल मोदी, श्री जोगेश लांबा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

एंटोमोलॉजी पेपर लीक, आंदोलनों के बावजूद नहीं सुधरी व्यवस्था : आप

रायपुर/नवप्रदेश।। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर में बीएससी एग्रीकल्चर सेकेंड ईयर के एंटोमोलॉजी (कीट विज्ञान) विषय का प्रश्नपत्र परीक्षा शुरू होने से करीब दो घंटे पहले सोशल मीडिया पर वायरल होने का मामला सामने आने पर आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि 20 अगस्त को सुबह 10 बजे होने वाली परीक्षा का पेपर करीब 8 बजे छात्रों के बीच पहुंचने की खबर से विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा है कि यह महज एक पेपर का मामला नहीं, बल्कि प्रदेश की परीक्षा व्यवस्था में लगातार सामने आ रही लापरवाहियों का परिणाम है। छात्रों के आंदोलनों और पूर्व में सामने आए विवादों के बावजूद यदि परीक्षा से दो घंटे पहले प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर पहुंच जाता है, तो यह विश्वविद्यालय प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न है। विवाद के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने संबंधित प्रश्नपत्र को रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने का फैसला किया है। अभिषेक मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में पेपर लीक और परीक्षा संबंधी गड़बड़ियों की घटनाओं का लंबा सिलसिला बन चुका है। CGPSC राज्य सेवा परीक्षा 2021 में पेपर लीक और प्रभावशाली लोगों को अनुचित लाभ पहुंचाने के आरोपों की CBI जांच और चार्जशीट सामने आ चुकी है। इसके अलावा पटवारी से राजस्व निरीक्षक पदोन्नति परीक्षा 2024 में भी परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक होने का मामला सामने आया।

नगरीय निकायों को एल्डरमैन निधि के 9.44 करोड़ जारी

रायपुर/नवप्रदेश।। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरीय निकायों हेतु कुल 9 करोड़ 44 लाख 25 हजार रुपए की एल्डरमैन निधि जारी की है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत एल्डरमैन निधि की प्रथम किस्त की 50 प्रतिशत राशि विभाग द्वारा जारी की गई है। इस मद से मनोनीत पार्षदों (एल्डरमैन) की अनुशंसा पर विकास कार्य किए जाते हैं । उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री श्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने नगरीय निकायों को ये राशि जारी कर दी है। श्री साव ने नगरीय निकायों को इस निधि का सदुपयोग करते हुए राज्य की शहरी आबादी तक योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा राज्य के 10 नगर निगमों में एल्डरमैन निधि के कुल 2 करोड़ 7 लाख रुपए जारी किए।

रक्षा सूत्र अभियानः दूरस्थ क्षेत्रों में तैनात जवानों तक पहुंचेगा बहनों का स्नेह

- 'रक्षा सूत्र' अभियान के तहत पुलिस जवानों के लिए भेंट की गई राखियां

रायपुर/नवप्रदेश।। सुरक्षा व्यवस्था और सरहद पर तैनात वीर जवानों के प्रति सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता प्रकट करने के लिए रक्षाबंधन के अवसर पर 'राखी से रक्षा' जैसे विशेष अभियान चलाए जाते हैं। इस अनूठी पहल के तहत देश के आम नागरिक, महिलाएं, स्कूली छात्र और सामाजिक संगठन मिलकर सैनिकों के लिए राखियां भेजते हैं। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर सुकमा जिला प्रशासन ने सुरक्षा में तैनात जवानों के प्रति सम्मान और अपनत्व की अनूठी पहल की है। जिला महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले में 'रक्षा सूत्र' अभियान चलाया गया। अभियान के तहत शुक्रवार को पुलिस जवानों के लिए राखियां भेंट की गई, जिन्हें जिले के सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों में तैनात जवानों तक पहुंचाया जाएगा। परिवार से दूर रहकर दिन-रात कर्तव्य निभा रहे जवानों के लिए यह पहल विशेष महत्व रखती है। रक्षाबंधन के अवसर पर उनके हाथों तक राखी पहुंचाकर उन्हें बहनों के स्नेह, शुभकामनाओं और आशीर्वाद का एहसास कराया जाएगा। यह पहल जवानों के त्याग, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा के प्रति सम्मान की भावपूर्ण अभिव्यक्ति है। 'रक्षा सूत्र' अभियान के माध्यम से जिला प्रशासन ने जवानों के साथ सामाजिक जुड़ाव और अपनत्व का संदेश दिया है। प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा व्यवस्था में तैनात जवान समाज की रक्षा के लिए कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। ऐसे में रक्षाबंधन के पर्व पर उनके प्रति स्नेह और सम्मान व्यक्त करना समाज की जिम्मेदारी है। सुकमा जैसे दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों में कई जवान लंबे समय तक अपने परिवार से दूर रहकर ड्यूटी करते हैं। ऐसे जवानों तक राखी पहुंचाने से उन्हें रक्षाबंधन की खुशियों और अपनेपन का एहसास होगा। 'रक्षा सूत्र' केवल एक राखी नहीं, बल्कि समाज की ओर से जवानों के प्रति विश्वास, सम्मान और आत्मीयता का संदेश है।

जनजातीय कारीगरों के हुनर को मिलेगा व्यापक बाजार, 20 कलाकारों एवं कारीगरों ने लगाए स्टॉल

- ट्राइफेड से जुड़कर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर
- एक दिवसीय 'जनजातीय कारीगर सूचीबद्धता मेला' धमतरी में सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश।। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के लाइवलीहुड कॉलेज में 'जनजातीय कारीगर सूचीबद्धता (एम्पैनलमेंट) मेला' आयोजित किया गया। इसे जनजातीय कार्य मंत्रालय के अधीन ञ्ञ्रढ्ढस्नश्वष्ठ (ट्राइफेड) और जिला प्रशासन ने मिलकर आयोजित किया था, जिसका उद्देश्य स्थानीय कारीगरों को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय बाजार दिलाना है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने कहा कि जिला प्रशासन की यह पहल जनजातीय कलाकारों को अपनी कला और हुनर प्रदर्शित करने के लिए प्रभावी मंच उपलब्ध कराएगी। ट्राइफेड से सूचीबद्ध होने के बाद कारीगरों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनियों, 'जनजातीय भारत' बिक्री केंद्रों, मेलों तथा विभिन्न विपणन गतिविधियों में भाग लेने के अवसर मिलेंगे। इससे स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार और कारीगरों को आय के नए अवसर प्राप्त होंगे। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि आजीविका से जुड़ी गतिविधियां केवल आय का साधन नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम भी हैं। जिला प्रशासन का प्रयास है कि जनजातीय समाज की पारंपरिक कला, कौशल और प्राकृतिक संसाधनों पर आधारित उत्पादों को आधुनिक बाजार से जोड़ा जाए। उन्होंने कारीगरों से कहा कि ÷आज इंटरनेट और सोशल मीडिया का दौर है। अपने उत्पादों और हुनर को सोशल मीडिया के माध्यम से दुनिया तक पहुंचाएं।

उद्यमियों को ट्राइफेड से सूचीबद्ध होने का मिला अवसर

जिले के जनजातीय कारीगरों, कलाकारों और उद्यमियों के पारंपरिक हुनर को स्थानीय बाजार से निकालकर राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के बाजारों से जोड़ने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। जनजातीय कारीगरों को बेहतर बाजार, पहचान, विपणन और आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को लाइवलीहुड कॉलेज में एक दिवसीय 'जनजातीय कारीगर सूचीबद्धता मेला' आयोजित किया गया। मेले में जिले के 20 कलाकारों एवं कारीगरों ने अपने उत्पादों के स्टॉल लगाए। पात्र कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों, वन धन विकास केंद्रों, किसान उत्पादक संगठनों तथा जनजातीय उद्यमियों को ट्राइफेड से सूचीबद्ध होने का अवसर प्रदान किया गया।

अगले सप्ताह तक मध्य छत्तीसगढ़ में भारी बारिश के आसार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मानसून एक बार फिर सक्रिय है। अगले कुछ दिनों तक प्रदेश के मध्य और उत्तर हिस्सों में बारिश का दौर जारी रहने की संभावना है। रायपुर समेत मध्य छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने भी छत्तीसगढ़ में बारिश की गतिविधियां बने रहने का पूर्वानुमान जताया है। प्रदेश में अब तक 774.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है, जो सामान्य बारिश से करीब 7 प्रतिशत कम है। इस अवधि तक सामान्य तौर पर 829.9 मिमी बारिश होनी चाहिए थी। वहीं रायपुर जिले में अब तक 808.5 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से करीब 10 प्रतिशत अधिक है। राजधानी में पिछले 24 घंटे के दौरान 5.2 मिमी बारिश दर्ज की गई। हालांकि आसपास के क्षेत्रों में बारिश की गतिविधियां अधिक रही हैं। नवा रायपुर में भी तेज बारिश हुई। आने वाले दिनों में राजधानी में एक-दो दौर की बारिश होने की संभावना बनी हुई है। प्रदेश के छह जिलों में अब तक सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई है, जबकि 27 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगस्त के साथ सितंबर में भी मानसूनी गतिविधियां जारी रहेंगी। सामान्य तौर पर मानसून का सीजन 30 सितंबर तक रहता है, हालांकि कई बार इसकी वापसी अक्टूबर तक होती है।

न्यूज गैलरी

शासकीय गेंदसिंह महाविद्यालय जैसाकर्रा चारामा पुलिस का जागरूकता अभियान

चारामा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक श्री निखिल राखेचा के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री योगेश साहू के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी श्री हरीश पाटिल के पर्यवेक्षण में जिले में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान के तहत दिनांक 22 अगस्त 2026 को शासकीय गेंदसिंह महाविद्यालय जैसाकर्रा चारामा में थाना प्रभारी श्री सुरेश राठौर तथा उपनिरीक्षक हेमन्त मार्गिया,उपनिरीक्षक हितेन्द्र उइके, सहायक उपनिरीक्षक सागर निषाद के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी एवं साइबर फ्रॉड के विभिन्न तरीकों की जानकारी दी गई। OTP, PIN, CVV, पासवर्ड एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की समझाइश दी गई। फर्जी कॉल, संदिग्ध लिंक एवं मैसेज से सावधान रहने तथा साइबर ठगी होने पर तत्काल पुलिस को सूचना देने बताया गया।

25 अगस्त को शिक्षक संघर्ष मोर्चा करेगा एक दिवसीय हड़ताल

अंतागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में विकासखंड के सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं व्याख्याता अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 25 अगस्त को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल में शामिल होंगे। शिक्षक जिला मुख्यालय कांकेर पहुंचकर रैली निकालेंगे और मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री एवं संचालक के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। मोर्चा की प्रमुख मांगों में टीईटी से मुक्ति, पेंशन के लिए पुरानी सेवा अवधि जोड़ना, विभागीय बीएड करवाना, सहायक शिक्षकों को समतुल्य वेतन, पदोन्नति, पदोन्नति संबंधी 2026 के राजपत्र में संशोधन तथा शनिवार को जिले में सुबह शाला संचालन शामिल हैं।मोर्चा पदाधिकारियों का कहना है कि वर्ष 1998 से 2018 तक की सेवा अवधि को पेंशन के लिए नहीं गिना जा रहा है। वहीं 13 फरवरी 2026 को जारी नए भर्ती नियमों में एलबी संवर्ग का कोटा समाप्त होने से पदोन्नति प्रभावित हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर शासन-प्रशासन ने सकारात्मक पहल नहीं की तो आगामी समय में अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया जा सकता है।बैठक में जिला उपाध्यक्ष डूमेंद्र कुमार साहू, विकासखंड संयोजक राजीव चक्र, विकासखंड अध्यक्ष खम्मन नेताम, दुर्गा सोलंकी, आशारानी गजबीये, कमलकंठ टेकाम, नंदकिशोर आड़े, टहरसिंह ठाकुर, विनय साहू, बिरेन्द्र कुमार पोर्ते सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

नुक्कड़ नाटक से दिया एचआईवी-एड्स से बचाव और भेदभाव खत्म करने का संदेश

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर, जगदलपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति के संयुक्त तत्वाधान में एचआईवी-एड्स नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को एचआईवी संक्रमण के कारणों, बचाव के उपायों और इससे जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान की शुरुआत दंतेश्वरी मंदिर प्रांगण से हुई। इसके बाद दलपत सागर, कोतवाली थाना चौक, नया बस स्टैंड तथा विश्वविद्यालय के अटल द्वार के सामने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। स्वयंसेवकों ने प्रभावी प्रस्तुति के माध्यम से एचआईवी संक्रमण से बचाव के लिए सावधानी बरतने तथा संक्रमित व्यक्तियों के प्रति किसी भी तरह का भेदभाव नहीं करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान आम लोगों से एचआईवी-एड्स को लेकर सही जानकारी अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की गई। कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सजीवन कुमार के निर्देशन में हुआ। अभियान को सफल बनाने में जिला संगठक डॉ मौसमी विश्वास, रेड रिबन एवं यूथ रेड क्रॉस सोसाइटी अध्यक्ष डॉ गुलाबचंद साहू,कार्यक्रम अधिकारी डॉ भुनेश्वर लाल साहू, डॉ प्रिंसी दुग्गा, डॉ. प्रेमजीत निराला सहित स्वयंसेवकों भुवनेश्वर कश्यप, यशोदा यादव,सुमन मंडावी,खिरवती नाग,कीर्ति बघेल,लक्ष्मी बघेल, मानसी कंवर,भागीरथी ध्रुव,निरंजन निषाद एवं सागर बघेल की सक्रिय भूमिका रही।

जल जीवन मिशन के क्रियान्वयन का जायजा लेने पहुंचे जिला पंचायत सीईओ

कांकेर/नवप्रदेश। जिले में ग्रामीण अंचलों तक शुद्ध और पर्याप्त पेयजल पहुंचाने के उद्देश्य से 'जल जीवन मिशन' के कार्यों का सतत निरीक्षण जारी है। कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ श्री हरेश मंडावी ने ग्राम कुरुष्ठिकुर एवं ग्राम कानागांव का दौरा कर नल-जल योजनाओं के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दोनों ग्रामों में जल आपूर्ति की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। ग्राम कुरुष्ठिकुर में क्लोरीनेटर युक्त शुद्ध जल आपूर्ति निरीक्षण के दौरान पाया गया कि यहां उच्च स्तरीय जलागार (पानी टंकी) के माध्यम से ग्रामीणों के घरों तक निर्बाध रूप से पेयजल पहुंच रहा है। पानी को रोगाणुमुक्त और पीने योग्य बनाने के लिए टंकी में क्लोरीनेटर स्थापित किया गया है। गांव के पंप ऑपरेटर द्वारा नियमित और व्यवस्थित रूप से जल वितरण प्रणाली का संचालन किया जाना पाया गया। ग्राम कानागांव निरीक्षण के दौरान सौर ऊर्जा (सोलर पंप) के माध्यम से ग्रामीणों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल की उपलब्धता पाई गई। जिला पंचायत सीईओ श्री मंडावी ने जल आपूर्ति को और अधिक मजबूत करने तथा टंकी को पूर्ण क्षमता से भरने के लिए नए पंप स्थापित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अंतागढ़-मद्रासीपारा मुख्य सड़क की हुई मरम्मत, लोगों को मिली राहत

कांकेर/नवप्रदेश। दैनिक समाचार पत्र में 'अंतागढ़-मद्रासीपारा मुख्य सड़क की बदहाली से लोगों को हो रही परेशानी' शीर्षक से प्रकाशित समाचार पर कलेक्टर श्री कुंदन कुमार ने त्वरित संज्ञान लेते हुए लोक निर्माण विभाग को आवश्यक कार्यवाई करने के निर्देश दिए गए। इसके परिपालन में लोक निर्माण विभाग (भ/स) भानुप्रतापपुर द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सड़क की आवश्यक मरम्मत करा दी गई है। उक्त सड़क की मरम्मत होने से क्षेत्र के रहवासियों एवं राहगीरों को आवागमन में बड़ी राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि लंबे समय से सड़क की खराब स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद अब मार्ग पर आवागमन सुगम हो गया है।

वन्य प्राणियों से बचाव के लिए हेल्पलाईन नम्बर जारी

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर शहर एवं ग्रामीण अंचलों में वन्य प्राणी भालू, तेंदुआ की आमद को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री कुंदन कुमार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं वन विभाग द्वारा हेल्पलाईन नम्बर- 90988-35998 तथा 74890-10658 जारी किया गया है। नागरिकगण उक्त हेल्पलाईन नंबर पर फोन कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। जिला प्रशासन द्वारा भालुओं से सुरक्षा एवं बचाव के लिए नागरिकों से अपील की गई है कि अपने घर, मंदिर, सार्वजनिक पूजा स्थलों के आसपास कचरे के साथ खाद्य सामग्री न फेंके तथा कचरे को फेंकने के लिए कुडेदान का उपयोग करें। घरेलु भोजन वन्य प्राणियों के आहर का हिस्सा नहीं है। आपके द्वारा फेंकी या छोड़ी गई खाद्य पदार्थ के कारण वन्य प्राणी भालू शहर व गांव में आ जाते हैं। फेंकी गई भोज्य पदार्थ जंगली जानवर के रहवासी क्षेत्र में पहुंचने का कारण बनता है तथा धीरे-धीरे वह क्षेत्र में आने और रहने का आदि हो जाते हैं।

अंतागढ़-नारायणपुर सड़क की बदहाली को लेकर सांसद ने बुलाई बैठक

अंतागढ़/नवप्रदेश। अंतागढ़-नारायणपुर मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण कार्य के चलते उत्पन्न हो रही गंभीर समस्याओं को लेकर क्षेत्रवासियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। बीते कुछ दिनों से सड़क की स्थिति बेहद खराब होने के कारण आवागमन बुरी तरह प्रभावित है। कई स्थानों पर मार्ग की बदहाल स्थिति के चलते छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही लगभग बंद हो गई है। वहीं यात्री बसों का संचालन भी प्रभावित होने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सांसद भोजराज नाग ने अधिकारियों और ठेकेदारों के साथ बैठक कर समस्याओं से राहत दिलाने निर्देश दिए है। वहीं सड़क की बदहाली का सीधा असर विद्यार्थियों और आम लोगों के दैनिक कामकाज पर पड़ रहा है। स्कूल, कॉलेज, आईटीआई में आने-जाने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ सरकारी कार्यालयों में आवश्यक कार्यों के लिए पहुंचने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतें हो रही है। लंबे समय से चल रहे निर्माण कार्य और खराब सड़क के कारण लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है।

माइंस वाहनों से बढ़ी परेशानी

बैठक में क्षेत्रवासियों ने बताया कि माइंस से जुड़े भारी वाहनों के लगातार आवागमन के कारण सड़क की स्थिति और अधिक खराब हो गई है। भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क पर जगह-जगह कीचड़, गड्ढे और जाम जैसी स्थिति निर्मित हो रही है, जिससे सामान्य यातायात भी प्रभावित हो रहा है। समस्या को देखते हुए बैठक में माइंस के भारी वाहनों के लिए वैकल्पिक रूट निर्धारित करने पर चर्चा की गई।

प्रस्ताव के अनुसार माइंस की गाड़ियों को नारायणपुर से कोंडागांव, कांकेर, भानुप्रतापपुर होते हुए अंतागढ़ रेलवे स्टेशन के डंप यार्ड तक पहुंचाने के लिए अलग मार्ग से परिवहन करने की बात रखी गई। इससे अंतागढ़-नारायणपुर मार्ग पर सामान्य आवागमन को राहत मिलने की उम्मीद है।

बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में सांसद भोजराज नाग, अपर कलेक्टर अंतागढ़ एस.के. पैकरा, एसपी आशीष बंछोर, एसडीएम राहुल रजक, लोकनिर्माण विभाग के अधिकारी कर्मचारी व ठेकेदार एवं पत्रकारगण मौजूद रहे। बैठक में सड़क की वर्तमान स्थिति, निर्माण कार्य, माइंस वाहनों के रूट में बदलाव और आम जनता के आवागमन को सुचारु बनाने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जनजातीय प्रथागत कानून व संस्कृति से जुड़ी पुस्तकें सर्व आदिवासी समाज को प्रदान

जगदलपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, रायपुर द्वारा प्रकाशित जनजातीय समाज से संबंधित महत्वपूर्ण पुस्तकों का संग्रह सर्व आदिवासी समाज,बस्तर संभाग कार्यालय को प्रदान किया गया। यह पहल कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी (बस्तर) आकाश छिकरा के प्रयासों तथा महापौर (नगर पालिक निगम जगदलपुर) संजय पाण्डे एवं आयुक्त (नगर पालिक निगम जगदलपुर) प्रवीण कुमार वर्मा के सहयोग से संभव हुई।

पुस्तक संग्रह में जनजातीय प्रथागत कानून,मोनोग्राफ एवं मानवशास्त्रीय अध्ययन से संबंधित महत्वपूर्ण सामग्री शामिल है। इनमें जनजातीय समाज की सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं, रीति-रिवाजों, प्रथाओं, जीवन-पद्धति, सामाजिक संरचना तथा मानवशास्त्रीय विशेषताओं से संबंधित प्रामाणिक अध्ययन सामग्री उपलब्ध है।

समाज के विद्यार्थियों,युवाओं,शोधार्थियों,सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के लिए यह साहित्य ज्ञानवर्धक और उपयोगी साबित होगा। विशेष रूप से जनजातीय प्रथागत कानून तथा पारंपरिक सामाजिक व्यवस्था को समझने,उनके संरक्षण और अध्ययन की दिशा में पुस्तकें की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी।

स्मार्ट मीटर, बढ़े बिजली बिल से उपभोक्ताओं में असंतोष, कांग्रेस का घर-घर अभियान तेज

■ बिजली बिल बढ़ोतरी के खिलाफ लोकमान्य तिलक वार्ड में पहुंची कांग्रेस, उपभोक्ताओं से भरवाए विरोध आवेदन

जगदलपुर/नवप्रदेश। स्मार्ट मीटर लगाए जाने और बिजली बिलों में बढ़ोतरी के विरोध में कांग्रेस का डोर-टू-डोर जनअभियान तेज हो गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य की मौजूदगी में पूर्व विधायक रेखचंद जैन, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यापानी सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने लोकमान्य तिलक वार्ड में घर-घर पहुंचकर बिजली उपभोक्ताओं से संवाद किया। इस दौरान बिजली बिल, स्मार्ट मीटर और उससे जुड़ी समस्याओं की जानकारी लेकर उपभोक्ताओं से 'स्मार्ट मीटर विरोधी आवेदन' भरवाए गए।

अभियान के दौरान बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं ने बढ़े हुए बिजली बिल और स्मार्ट मीटर को लेकर अपनी चिंताएं एवं आपत्तियां कांग्रेस कार्यकर्ताओं के सामने रखीं। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि स्मार्ट मीटर और बढ़े बिजली बिल को लेकर आम उपभोक्ताओं में असंतोष है। कांग्रेस केवल विरोध प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि घर-घर जाकर वास्तविक समस्याओं को दर्ज कर सरकार के सामने मजबूती से रखेगी।

फेसबुक पोस्ट को लेकर भाजयुमो ने कोतवाली में दर्ज की शिकायत

■ कांग्रेस जिलाध्यक्ष पर हमला

जगदलपुर/नवप्रदेश। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन के खिलाफ फेसबुक पर कथित रूप से भ्रामक एवं झूठी पोस्ट प्रसारित करने तथा सनातन धर्म का अपमान करने के आरोप को लेकर भारतीय जनता युवा मोर्चा ने कांग्रेस शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को कोतवाली थाना पहुंचकर लिखित शिकायत सौंपते हुए मामले में एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की।

शिकायत में भाजयुमो ने आरोप लगाया कि नितिन नबीन के सामाजिक एवं सनातन धर्म से जुड़े सामूहिक भोजन कार्यक्रम को लेकर सुशील मौर्य द्वारा फेसबुक पर कथित रूप से झूठी, भ्रामक और एआई जनरेटेड तस्वीर प्रसारित की गई। भाजयुमो का कहना है कि पोस्ट के माध्यम से मिथ्या दोषारोपण कर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बदनाम करने तथा सनातन धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया।

ग्राम तुएगहन में उत्कृष्ट विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

चारामा/नवप्रदेश। ग्राम तुएगहन में एक भव्य गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष विघानंद सलाम, सरपंच ललेश्वरी जुर्री तथा उपसरपंच हेमबती कुंजाम संयुक्त रूप से उपस्थित रहे।

समारोह में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गई, जिसमें बच्चों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक एवं ओजस्वी भाषण से उपस्थित जनों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान शाला प्रबंधन अध्यक्ष श्री विघानंद सलाम ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। सरपंच श्रीमती ललेश्वरी जुर्री ने बच्चों को मोबाइल की लत व नशे से दूर रहने की सलाह दी। ग्राम पटेल जीवधर सिन्हा ने महापुरुषों के योगदान का स्मरण कराया तथा अधिकारी/ कर्मचारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित किया।

विशेष अवसर पर अधिकारी/कर्मचारी प्रकोष्ठ की ओर से कक्षा 5वीं, 8वीं, 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, कॉपी, फाइल व मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक टीकम साहू ने किया एवं आभार प्रदर्शन संस्था के प्रधान पाठक कुमार लाल सिवना द्वारा किया गया। यह जानकारी अधिकारी/कर्मचारी प्रकोष्ठ सलाहकार राजेश यादव द्वारा दी गई।

नाबालिग को बहला फुसला कर बलात्कार करने वाले फरार आरोपी गिरफ्तार

■ गिरफ्तारी से बचने घटना दिनांक से फरार था आरोपी

चारामा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कांकेर निखिल अशोक कुमार राखेचा (भा.पु.से.)के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश साहू (रा.पु.से.) के मार्गदर्शन में एवं श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कांकेर हरीश पाटिल (रा.पु.से.) के पर्यवेक्षण में थाना चारामा के अपराध क्रमांक 135/26 धारा 137(2),87, 64(2)(ड) 64(1)65(1) बीएनएस 4, 6 पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में घटना दिनांक से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

मामले में दिनांक 25.06.26 को प्रार्थीया थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 24.06.26 को सुबह करीबन 10:00 बजे इसकी नाबालिग पुत्री आपने घर से स्कुल पढ़ने जा रही हुं बोल कर निकली जो शाम रात तक घर वापस नही आने पता तलाश किया गया, कही पता नही चला कि प्रार्थिया के रिपोर्ट पर थाना चारामा में दिनांक 25.06.26 को अपराध क्रमांक 135/26 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के अपहृत पीडिता को दिनांक 28.06.26 को बरामद कर पूछताछ करने पर दिनांक घटना को आरोपी युगल किशोर रजक द्वारा बहला फुसला कर ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाना बताने पर प्रकरण में धारा 87, 64(2)(ड) 64(1)65(1) बीएनएस 4,6 पॉक्सो एक्ट जोड़ा गया। प्रकरण की विवेचना के दौरान आरोपी का पता तलाश किया गया जो घटना दिनांक से घटना कारित कर फरार था प्रकरण के फरार आरोपी युगल किशोर रजक पिता मनोज रजक उम्र 23 वर्ष निवासी कंडेल थाना चारामा जिला उत्तर0 कांकेर का पता तलाश किया जा रहा था जिसे दिनांक 21.08.26 को आरोपी को गिर. कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

टीईटी अनिवार्यता से राहत और पूर्व सेवा अवधि की गणना की मांग

■ शिक्षक साझा मंच ने सौंपा ज्ञापन

अंतागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के शासकीय स्कूलों में लंबे समय से सेवाएं दे रहे सहायक शिक्षकों एवं शिक्षकों की विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षक साझा मंच छत्तीसगढ़ ने मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से सेवारत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से राहत देने, सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने की मांग की गई है। शिक्षक साझा मंच के पदाधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ के शासकीय विद्यालयों में शिक्षक संवर्ग के अंतर्गत सहायक शिक्षक एवं शिक्षक लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में उनकी सेवा से जुड़ी महत्वपूर्ण समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाना आवश्यक है। ज्ञापन में प्रमुख रूप से मांग की गई है कि छत्तीसगढ़ में सेवारत शिक्षकों को अन्य राज्यों की तर्ज पर विशेष टीईटी के प्रावधान में राहत देते हुए सेवा सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही वरिष्ठता के आधार पर पूर्व प्रचलित नियमानुसार पदोन्नति प्रक्रिया पूरी करने की मांग की गई है। इसके अलावा मोरती/मर्ज के मामले में सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर शिक्षक संवर्ग में नियुक्ति तिथि से पूर्व की सेवा की गणना करते हुए क्रमोन्नति एवं पेंशन सहित समस्त लाभ प्रदान करने की मांग भी ज्ञापन में प्रमुखता से रखी गई है।

शिक्षक साझा मंच ने शासन से मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया है। मंच का कहना है कि वर्षों से स्कूल शिक्षा विभाग में सेवाएं दे रहे शिक्षकों को न्याय एवं सेवा सुरक्षा मिलने से उनका मनोबल बढ़ेगा और वे अधिक बेहतर ढंग से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकेंगे।

आत्मीय मुलाकात

विधायक मंडावी ने रायपुर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री से की सौजन्य भेंट, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना

पूर्व सीएम बघेल को विधायक सावित्री मंडावी ने दी जन्मदिवस की बधाई

कांकेर/ रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता श्री भूपेश बघेल जी के जन्मदिन के अवसर पर उन्हें बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी क्रम में भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती सावित्री मनोज मंडावी जी ने शनिवार को रायपुर पहुंचकर श्री बघेल से सौजन्य भेंट की और उन्हें जन्मदिन की अग्रिम बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दीं।श्रीमती मंडावी ने श्री बघेल के स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल एवं स्वस्थ भविष्य के लिए शुभेच्छाएं व्यक्त कीं। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच आत्मीय मुलाकात हुई और प्रदेश की राजनीतिक एवं सामाजिक परिस्थितियों सहित विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा भी हुई।

विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि श्री भूपेश बघेल का सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा के क्षेत्र में योगदान महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने प्रदेश के विकास तथा जनहित से जुड़े अनेक विषयों को प्राथमिकता देते हुए कार्य किया है। उनके नेतृत्व एवं जनसेवा के अनुभव से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को निरंतर प्रेरणा मिलती है।

23 अगस्त को है भूपेश बघेल का जन्मदिन: उल्लेखनीय है कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता भूपेश बघेल का जन्मदिन 23 अगस्त 2026 को है। जन्मदिन से एक दिन पूर्व विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने रायपुर पहुंचकर उन्हें व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर दोनों के बीच सौहार्दपूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में मुलाकात हुई।

मुलाकात के दौरान प्रदेश के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, जनहित से जुड़े मुद्दों तथा संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। विधायक मंडावी द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री को जन्मदिन की अग्रिम बधाई दिए जाने से कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में भी उत्साह देखा गया।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को जन्मदिन की अग्रिम बधाई देने पहुंची विधायक सावित्री मनोज मंडावी की इस आत्मीय मुलाकात को कांग्रेस संगठन एवं राजनीतिक हलकों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जन्मदिन के एक दिन पूर्व हुई इस भेंट के दौरान नेताओं के बीच आपसी सौहार्द एवं आत्मीयता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की रही मौजूदगी

इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष एवं बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव, पूर्व विधायक बिलाईगढ़ चंद्रदेव राय, आदिवासी कांग्रेस के महामंत्री कुलदीप ध्रुव सहित अन्य कांग्रेस नेता उपस्थित रहे। सभी ने श्री बघेल को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

भेंट के दौरान नेताओं के बीच संगठन एवं जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई। विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन संगठन को मजबूती प्रदान करता है तथा कार्यकर्ताओं को जनसेवा के लिए नई ऊर्जा मिलती है।

12 सौ से अधिक लोगों तक पहुंचा साइबर सुरक्षा का संदेश

रायगढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा प्रदेश को साइबर अपराध मुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'साइबर जागृति अभियान' के तहत रायगढ़ जिले में भी व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एसएसपी शशि मोहन सिंह के मार्गदर्शन में 15 अगस्त से 02 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान को जिले में विशेष गति दी गई है। अभियान के प्रथम सप्ताह में स्कूल-कॉलेजों को केंद्र में रखते हुए थाना एवं चौकी स्तर पर पुलिस टीमों द्वारा विद्यार्थियों, शिक्षकों और युवाओं को साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए जा रहे हैं। इसी क्रम में 20 अगस्त को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में एक साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनके माध्यम से करीब 1200 छात्र-छात्राओं तक साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाया गया।

थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक प्रशांत राव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शासकीय महाविद्यालय तमनार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों, सोशल मीडिया पर बरती जाने वाली सावधानियों तथा ऑनलाइन लेनदेन के दौरान सतर्क रहने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। पुलिस ने विद्यार्थियों से साइबर जागरूकता का संदेश अपने परिवार और आसपास के लोगों तक पहुंचाने की अपील की। थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक कुमार गौरव के नेतृत्व में कन्या शाला घरघोड़ा में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं एवं शिक्षकों को साइबर अपराधों से बचने के उपाय

बताए गए। पुलिस ने विशेष रूप से अनजान लोगों से सोशल मीडिया पर बातचीत करते समय सावधानी बरतने, संदिग्ध लिंक पर क्लिक नहीं करने और किसी भी व्यक्ति के साथ OTP अथवा बैंकिंग संबंधी गोपनीय जानकारी साझा नहीं करने की समझाइश दी। थाना भूपदेवपुर क्षेत्र के ग्राम मुरा हायर सेकेंडरी स्कूल में थाना प्रभारी रोशन कौशिक के नेतृत्व में पुलिस टीम ने साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं को साइबर अपराध के बदलते स्वरूप और उससे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।

विद्यार्थियों को बताए ठगी से बचने के तौर-तरीके

थाना जूटमिल पुलिस द्वारा राजीव गांधी नगर स्कूल जूटमिल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस टीम ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराध और डिजिटल भुगतान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में जानकारी दी। इससे पूर्व थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक अभिनव कांत के नेतृत्व में जयदेव पाठशाला में भी साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

न्यूज गैलरी

अब ऑनलाइन होगी मेडिकल रिपोर्टिंग

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। पुलिस विवेचना के दौरान मेडिकल और पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त करने में होने वाली देरी को कम करने के लिए सरगुजा पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग ने डिजिटल व्यवस्था की शुरुआत की है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में MedLEaPR एवं CCTNS मॉड्यूल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न शासकीय अस्पतालों में पदस्थ 19 डॉक्टरों को ऑनलाइन मेडिकल रिपोर्टिंग की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। डीआईजी एवं एसएसपी सरगुजा राजेश अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस और अस्पतालों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर मेडिकल रिपोर्टिंग को तेज, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाना है। नई व्यवस्था के तहत थानों से CCTNS के माध्यम से स्क्क और क्क्क से संबंधित अनुरोध MedLEaPR पोर्टल पर ऑनलाइन भेजे जाएंगे। अस्पताल द्वारा तैयार मेडिकल अथवा पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी इसी पोर्टल के माध्यम से संबंधित थाने के CCTNS सिस्टम पर भेजी जाएगी। इससे कागजी कार्रवाई और रिपोर्ट के लिए होने वाले अनावश्यक आवागमन में कमी आएगी। प्रशिक्षण में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रितेश चौधरी, डॉ. संटू बाघ, डॉ. रवि किरण तिर्की सहित 19 डॉक्टर शामिल हुए।

आईसीयू की छत से टपक रहा पानी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मेडिकल आईसीयू की बदहाल व्यवस्था एक बार फिर सामने आई है। बारिश के दौरान आईसीयू की छत से पानी टपकने और जगह-जगह पानी जमा होने के बाद अस्पताल प्रबंधन को मरीजों और महंगे चिकित्सा उपकरणों की सुरक्षा के लिए तिरपाल का सहारा लेना पड़ा। संवेदनशील वार्ड में इस तरह पानी का रिसाव होने से संक्रमण के साथ-साथ विद्युत उपकरणों को नुकसान और शॉर्ट सर्किट का खतरा भी बना हुआ है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, पिछले दिनों हुई बारिश के बाद मेडिकल आईसीयू की छत में कई जगह पानी जमा हो गया था। छत से रिसता पानी बेड और वेंटिलेटर के आसपास तक पहुंचने लगा। स्थिति को देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल छत पर तिरपाल लगवाया, ताकि बारिश का पानी आईसीयू के अंदर न पहुंचे और मरीजों को किसी तरह की परेशानी न हो।

छात्राओं को मिली नि:शुल्क साइकिल

रामानुजगंज/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, रामानुजगंज में छत्तीसगढ़ शासन की सरस्वती साइकिल योजना के तहत छात्राओं को नि:शुल्क साइकिल वितरण समारोह एवं पालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अनूप तिवारी के मुख्य आतिथ्य में जनप्रतिनिधियों, शिक्षक, पालकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में शैलेश गुप्ता ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए अनुशासन, समयपालन और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। वहीं अनूप तिवारी ने कहा कि बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने में सरस्वती साइकिल योजना की महत्वपूर्ण भूमिका है। इससे छात्राओं की विद्यालय में उपस्थिति और शिक्षा के प्रति रुचि बढ़ी है।

महतारी वंदन योजना से वृंदावती सिदार के जीवन में आई नई रोशनी

रायगढ़/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में छत्तीसगढ़ सरकार की एक ऐसी पहल बनकर सामने आई है, जिसने प्रदेश की

लाखों माताओं-बहनों को अपने छोटे-बड़े घरेलू खर्चों के लिए आर्थिक सहारा दिया है। योजना के तहत मिलने वाली नियमित सहायता राशि महिलाओं के लिए केवल आर्थिक मदद नहीं, बल्कि आत्मविश्वास और सम्मान का आधार भी बन रही है। ऐसी ही कहानी वृंदावती सिदार की है, जिनके परिवार की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में महतारी वंदन योजना की राशि महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

रायगढ़ की वृंदावती सिदार बताती हैं कि महतारी वंदन योजना के तहत हर महीने मिलने वाली राशि से उन्हें घर के जरूरी खर्चों को संभालने में काफी मदद मिलती है। कभी बच्चों की पढ़ाई से जुड़ी जरूरतें पूरी करनी हों, कभी दवाई खरीदनी हो या घर-गृहस्थी की छोटी-छोटी आवश्यकताओं का खर्च उठाना हो, योजना की राशि उनके लिए उपयोगी साबित हो रही है।

मुख्यमंत्री साय के मंशानुरूप एवं वित्तमंत्री के प्रयासों से

सड़कों के निर्माण और मजबूतीकरण के लिए 65.50 करोड़ की स्वीकृति

रायगढ़/नवप्रदेश। जिले में सड़क अधोसंरचना को मजबूत करने और आम लोगों के आवागमन को अधिक सुगम बनाने की दिशा में राज्य शासन ने चार महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण एवं सतह मजबूतीकरण कार्यों के लिए करोड़ों रुपये की प्रशासकीय एवं तकनीकी स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री साय की मंशानुरूप तथा वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी के विशेष प्रयासों से मिली इन स्वीकृतियों से जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क संपर्क व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। लंबे समय से इन प्रमुख मार्गों के निर्माण एवं नवीनीकरण की मांग की जा रही थी, जिसे राज्य शासन ने जन आकांक्षाओं और क्षेत्र की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मंजूरी दी है।

ढिमरापुर-कोतरा थाना मार्ग के लिए 41.49 करोड़ की स्वीकृति

सबसे महत्वपूर्ण स्वीकृति राष्ट्रीय राजमार्ग ढिमरापुर चौक से

कोतरा थाना एनएच तक सड़क निर्माण के लिए मिली है। लगभग 4.250 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के निर्माण के लिए राज्य शासन ने 41 करोड़ 49 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस सड़क के लिए 31 करोड़ 73 लाख रुपए की तकनीकी स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है।

सड़क निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी हो गई है और निर्माण कार्य प्रारंभ करने की दिशा में प्रक्रिया आगे बढ़ रही है। शहर के महत्वपूर्ण यातायात मार्गों में शामिल इस सड़क के बेहतर होने से आवागमन सुगम होने के साथ यातायात व्यवस्था को भी राहत मिलेगी। रायगढ़ से पुसौर मार्ग के 12.07 किलोमीटर हिस्से के सड़क सुदृढ़ीकरण एवं नवीनीकरण कार्य के लिए 7 करोड़ 43 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है। यह मार्ग रायगढ़ शहर को पुसौर क्षेत्र से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। सड़क की सतह मजबूत होने से इस मार्ग पर आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम होगा।

इसी तरह पुसौर-रेंगापाली से लारा (छोटे हरदी) तक 11.23 किलोमीटर सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं नवीनीकरण के लिए 6 करोड़ 45 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। इस मार्ग के बेहतर होने से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और आसपास के क्षेत्रों के बीच सड़क संपर्क और मजबूत होगा।

मेडिकल कॉलेज पहुंच मार्ग के लिए 10.13 करोड़

छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत जिले की महत्वपूर्ण सड़कों के सुदृढ़ीकरण, सतह मजबूतीकरण एवं नवीनीकरण कार्यों के लिए भी प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसमें रायगढ़ से एकताल ग्राम होते हुए मेडिकल कॉलेज पहुंच मार्ग शामिल है। लगभग 15.30 किलोमीटर लंबे इस मार्ग के सुदृढ़ीकरण के लिए 10 करोड़ 13 लाख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस मार्ग के बेहतर होने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के साथ मरीजों और उनके परिजनों को मेडिकल कॉलेज तक पहुंचने में सुविधा मिलेगी।

चरमराई जलापूर्ति व्यवस्था, 20 दिनों से शाम की सप्लाई बंद

शिवरीनारायण/नवप्रदेश। नगर में सार्वजनिक जल प्रदाय की व्यवस्था बुरी तरह चरमरा गई है. विगत बीस दिनों से केवल सुबह के समय पानी दिया जा रहा है वो भी बहुत कम समय के लिए ऊपर से पानी की धार एकदम पतली रहती है जिससे लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।

शिवरीनारायण महानदी के किनारे बसा है और विडंबना ही है कि यहाँ लोग पेयजल के संकट से जूझ रहे हैं. नगर की एक बड़ी आबादी टेपनल से होने वाली पानी सप्लाई पर निर्भर है लेकिन एक लम्बे अरसे से यह व्यवस्था सुचारु रूप से नहीं चल रही है. सबसे पहले तो पहले की तरह सुबह शाम पानी नहीं दिया जा रहा है लेकिन शुल्क में कोई कमी नहीं की जा रही है. सात सौ साठ रूपये का माहाना शुल्क इक्कीस सौ साठ रूपये हो चुका है और जिस अनुपात में शुल्क में वृद्धि हुई है उसी अनुपात में सप्लाई व्यवस्था बदतर हुई है. बीस दिनों से भी अधिक समय तक शाम के समय पानी सप्लाई बंद है. नागरिकों को पानी सप्लाई बंद होने का कारण भी नहीं पता. पहले नगर पंचायत

के वाट्सअप ग्रुप में इसकी सूचना आती थी कि किस कारण से पानी सप्लाई बंद रहेगी लेकिन कुछ समय पूर्व उक्त ग्रुप में कमेंट बंद करके केवल एडमिन कर देने से उपभोक्ता सवाल भी नहीं पूछ सकते। जल प्रदाय की एक समस्या पानी की धार कम होने की भी है जिसके कारण बाल्टियाँ बहुत देर से भरती हैं और अक्सर निस्तारी के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी मिल नहीं पाता. इन दिनों एक और समस्या पानी के गंदा और दुर्गन्धयुक्त आने की भी है जिसके कारण पानी उपयोग के लायक नहीं रह जाता. कायदे से बरसात के दिनों में पानी टंकी में क्लोरीन टेबलेट या पावडर डाला जाना चाहिए ताकि पेयजल सुरक्षित रहे लेकिन जब से वर्तमान परिषद नगर पंचायत में काबिज हुई है कभी पेयजल को सुरक्षित रखने की ओर ध्यान नहीं दिया है।

शबरी सेतु की बदहाली से राहगीर परेशान, गड्ढों में तब्दील हुई सड़क

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। बलौदा बाजार और रायपुर को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क और शबरी सेतु की बदहाली अब राहगीरों के लिए बड़ी परेशानी बन गई है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे नजर आ रहे हैं, वहीं कई स्थानों पर सड़क से सरिया बाहर निकल आई है।

ऐसे में दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को बेहद सावधानी से सफर करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि सड़क की यही हालत रही तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। दरअसल, शबरी सेतु और गिधौरी से लगी सड़क लंबे समय से बदहाली का दंश झेल रही है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं और कई हिस्सों में निर्माण सामग्री और सरिया बाहर निकल आई है। बारिश के दिनों में इन गड्ढों में पानी और कीचड़ भर जाने से सड़क की हालत और भी खतरनाक हो जाती है। राहगीरों को गड्ढों की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। मौसम चाहे बारिश का हो या सूखे का, इस सड़क से गुजरने वाले लोगों की परेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर इस बदहाल सड़क की जिम्मेदारी किसकी है? स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की समस्या को लेकर संबंधित विभाग और प्रशासन को कई बार अवगत कराया जा चुका है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। लोगों का आरोप है कि समय-समय पर मेंटेनेंस और मरम्मत के नाम पर सड़क की लीपापोती तो की जाती है, लेकिन गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जाता। नतीजा यह होता है कि कुछ ही दिनों बाद मरम्मत किए गए हिस्से फिर से उखड़ने लगते हैं और सड़क दोबारा गड्ढों में तब्दील हो जाती है। यह सड़क सिर्फ स्थानीय लोगों के आवागमन का जरिया नहीं है।

घर के सामने फंदे पर मिला युवक का शव

रामानुजगंज/नवप्रदेश। रामानुजगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भवरमाल में शनिवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब 21 वर्षीय युवक

सूरज सिंह का शव घर के सामने फांसी के फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने तत्काल रामानुजगंज पुलिस को सूचना दी।

महंत लालदास महाराज की स्मृति में जुटे संत

शिवरीनारायण/नवप्रदेश। श्रावण शुक्ल दशमी तिथि तद्नुसार 22 अगस्त को श्री शिवरीनारायण मठ के पूर्वाचार्य महन्त लालदास महाराज को याद किया गया, भगवान की विशेष पूजार्चना की गई साथ ही नगर के सभी विप्र बंधुओं को ब्राह्मण भोजन कराया गया तत्पश्चात उन्हें तिलक लगाकर दक्षिणा सहित ससम्मान विदा किया गया।

इस अवसर पर अपने संदेश में महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने कहा कि - श्री शिवरीनारायण मठ में प्रतिवर्ष श्रावण शुक्ल दशमी तिथि

को यहां के पूर्वाचार्य महन्त लालदास महाराज को याद किया जाता है। इसी सिलसिले में ब्राह्मण भोजन का आयोजन किया गया जिसमें नगर के सभी विप्रवर बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान श्रीजगन्नाथ का भोजन प्रसाद प्राप्त किए हैं, उन्हें ससम्मान विदाग्री दी गई है, काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति पर उन्होंने आभार जताया। इस अवसर पर विशेष रूप से संत रामगोपाल दास महाराज, दिनेश दुबे,हेमंत दुबे,शत्रुघ्न शर्मा, अशोक शर्मा, हिमांशु तिवारी,अनिल शर्मा, उत्तम उपाध्याय, संजय शर्मा, सुधीर मिश्रा, राजू शर्मा, कमल शर्मा, कान्हा दुबे, लाडली मोहन शर्मा, रेखेंद्र तिवारी सहित नगर के सभी विप्रबंधु सम्मिलित हुए।

विद्यार्थियों को मोबाइल से दूरी और रचनात्मक गतिविधियों की दी सीख

शिवरीनारायण/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, शिवरीनारायण में विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, संस्कार निर्माण एवं चरित्र निर्माण के उद्देश्य से नैतिक शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के विद्वान एवं प्रबुद्ध वक्ताओं ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, अनुशासन, संस्कार, सदाचार, कर्तव्यनिष्ठा तथा राष्ट्रप्रेम के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय

के व्याख्याता कोमल साहू ने किया। उन्होंने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल अच्छे अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को एक अच्छा इंसान, जिम्मेदार नागरिक और संस्कारवान व्यक्तित्व बनाना भी है। ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि नैतिक शिक्षा मनुष्य के जीवन की आधारशिला है। विद्यार्थी जीवन में सीखे गए संस्कार जीवनभर साथ रहते हैं। हमें अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं बड़ों का सम्मान करना चाहिए तथा सत्य, ईमानदारी और अनुशासन को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अच्छे विचारों को अपनाकर समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएँ। बसंत देवांगन ने कहा कि चरित्र ही मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान है। ज्ञान के साथ विनम्रता, संस्कार और संवेदनशीलता का होना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करने, मेहनत करने तथा गलत संगति और नकारात्मक प्रवृत्तियों से दूर रहने की प्रेरणा दी।

न्यायालय तहसीलदार मुंगेली, जिला - मुंगेली (छ.ग.)

// ईश्तहार //

राजस्व प्रकरण क्र. अ-6/2025-26
ग्राम मुंगेली मन -2 , प.ह.न. 19

एतद द्वारा ग्राम मुंगेली मन -2 के आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सीमा केशरवानी पति मनोज केशरवानी जाति निवासी अम्बेडकर वार्ड मुंगेली तहसील मुंगेली जिला मुंगेली ग्राम मुंगेली मन -2 प.ह.न. 19 तहसील व जिला मुंगेली स्थित भूमि स्वामी हक भूमि ख. नं. 970/5 में से 1620 वर्गफुट रकबा को पंजीकृत बैनामा किये जाने आवेदन पेश किया है। ।

उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई भी दावा / आपत्ति हो तो वह स्वयं या अभिभाषक या प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 10.09.2026 को समय 11.00 बजे दिन को तहसील कार्यालय मुंगेली में दावा / आपत्ति पेश कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/8/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
मुंगेली

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक 2458/न.पा.नि. / 2026 रायगढ़ दिनाँक 21/08/26

।। ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना ।।

नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सि.नि.क्र.	कार्य का विवरण	अनु. लागत राशि रू. (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5
01	198085	CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM DOODH DAIRY SLRM CENTER TO SANJAY MAIDAN AT W.N. 01	30.64	15.09.2026
02	198098	CONSTRUCTION OF PULIA INFRONT OF SPRINGVELLY COLONY AT MANGLUDIPA COLONY W.N. 03, 04	44.74	15.09.2026
03	198103	CONSTRUCTION OF RCC DRAIN AT SIDHIVINAYAK COLONY W.N.09	16.97	15.09.2026
04	198111	वार्ड क्र. 17 कलेक्टर बंगले के पीछे से हण्डी चौक मार्ग तक एवं आगे आलोक सिटी मॉल तक नाला निर्माण कार्य।	39.58	15.09.2026
05	198125	CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM RAMNIVAS TAKIES TO CSEB OFFICE COMPLEX TO JAGDAMBA ASHRAM NEW MARINE DRIVE AT W.N. 19/20	46.61	15.09.2026
06	198133	CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM ATUL DEWANGAN TO Dr. SAHU HOME (KHETPARA) AT W.N. 21	49.75	15.09.2026
07	198135	CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM GULMOHAR COLONY GARDEN TO BELADULA SCHOOL AT W.N. 21	43.87	15.09.2026
08	198140	CONSTRUCTION OF RCC DRAIN FROM KAMLA NEHARU GARDEN TO NALA AT W.N. 23	37.90	15.09.2026
09	198142	CONSTRUCTION OF SAMUDAYIK BHAVAN BEHIND T.V. TOWER KRISHNA NAGAR AT W.N. 26 (2nd Call)	48.77	07.09.2026
10	198146	संजय मैदान विकास कार्य (बचत कार्य)	40.16	15.09.2026

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेन्ट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि., रायगढ़

कार्यालय प्राचार्य, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा, छ.ग.

Ph.No.- 07774-230921, 9826305014, Email - rgpg.apur1960@gmail.com,
www.rgpgcapur.ac.in

परिशिष्ट-1

अतिथि व्याख्याता हेतु संक्षिप्त विज्ञापन

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा (छ.ग.) में विषय - भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, भूगर्भ शास्त्र, वाणिज्य, क्रीड़ा अधिकारी में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता/अतिथि क्रीड़ा अधिकारी एवं अतिथि शिक्षण सहायक / क्रीड़ा सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदक अपने समस्त प्रमाण-पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन दिनांक 31.08.2026 को सायं 5.30 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

नोट :-1. शासन द्वारा समय-समय पर जारी समस्त दिशानिर्देश एवं नियमों का पालन किया जायेगा।

2. विस्तृत जानकारी महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड एवं वेबसाईट (www.rgpgcapur.ac.in) पर उपलब्ध है।

प्राचार्य
राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
जी-262702907/3 अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा

जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य शिकायतों एवं समस्याओं का निराकरण करना: विधायक

अनूपपुर/नवप्रदेश। विधायक पुष्पराजगढ़ फुंदेलाल मार्को ने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने के साथ ही क्षेत्र में पहुंचकर नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करना, उनकी समस्याओं को सुनना तथा शिकायतों एवं समस्याओं का प्रभावी और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि पुष्पराजगढ़ क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों, मेहनतकश लोगों और अपार विकास संभावनाओं से समृद्ध क्षेत्र है। हमारा प्रयास है कि विकास की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। विधायक फुंदेलाल मार्को जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के स्व सहायता भवन में मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान के अंतर्गत आयोजित शिविर को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर रत्नाकर झा ने कहा कि शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ आमजन को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर अधिकारी विशेष ध्यान दें। शासन की योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में जाकर जनता से सीधा संवाद एवं जुड़ाव स्थापित करना, उनकी शिकायतों एवं समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करना,

क्षेत्र की वास्तविक स्थितियों का फीडबैक प्राप्त करना तथा प्रशासन के पर्यवेक्षण तंत्र को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। इसके साथ ही इस अभियान के माध्यम से प्रशासन की पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील छवि को मजबूत करना भी प्रमुख उद्देश्य है। कलेक्टर झा ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे पूरी सजगता और संवेदनशीलता के साथ आमजन की समस्याओं को सुनें तथा उनका समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करें। अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने के लिए कार्यालय आने वाले किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। कार्यक्रम को जिला पंचायत सदस्य नर्मदा सिंह, भुवनेश्वरी देवी तथा जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष श्री हीरा सिंह श्याम ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में राजस्व, उद्योग, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, खाद्य, नगरीय प्रशासन, कृषि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, नवाचारों, उपलब्धियों एवं उनके प्रभावी क्रियान्वयन की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने उपस्थित नागरिकों को योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया तथा योजनाओं से मिलने वाले लाभों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया।

न्यूज गैलरी

बीपीएल हितग्राहियों को 74 ट्रेडों में स्वरोजगार प्रशिक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक के प्रयासों से ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केन्द्र प्रारंभ किया गया है। जिसमें 18 से 45 वर्ष के बीपीएल के लोगों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के लिए 74 ट्रेडों में ट्रेनिंग प्रारंभ किया गया है। ट्रेनिंग के पश्चात स्वरोजगार के लिए ॠण का आवेदन भी संबंधित प्रतिष्ठान से ही किया जा सकेगा। विगत दो माह पूर्व प्रारंभ हुए इस प्रशिक्षण केन्द्र से जहां बेरोजगारों को रोजगार के अलावा प्रशिक्षण मिलेगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार मिलेगा। 74 ट्रेडों में 15 से 20 दिनों से लेकर 6 माह तक की ट्रेनिंग दी जाएगी। जिसमें रहना, खाना एवं यूनिफार्म निःशुल्क दिया जायेगा। अब तक जिले में 3 ट्रेडों में ट्रेनिंग दी जा चुकी है। जिला जेल में मशरूम की खेती के संबंध में, प्रशिक्षण केन्द्र में राजमिस्त्री के संबंध में तथा पशु सखी का भी प्रशिक्षण दिया गया है। दो माह पूर्व तक यह प्रशिक्षण बिलासपुर के कोनी में दिया जाता था, अथक प्रयासों के बाद जिले में प्रारंभ हुए इस ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण से लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिलेगा।

चौकीदारी कर रहे युवक ने फांसी लगाई

मुंगेली/नवप्रदेश। अमर टापू में निर्माणाधीन पुलिया के सामानों के सुरक्षा के लिए मकान में रह रहे युवक ने कमरे में फासी लगा ली। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है। ग्राम टेढ़ाधौरा निवासी पीयूष सिंह उम्र 23 वर्ष अमर टापू स्थित निमाणाधीन पुलिया के समानो की देख-रेख करता थे। सुबह सामान रखने वाले कमरे में फांसी पर लटका हुआ था। घटनास्थल पर परिजनों के द्वारा संदेह व्यक्त करने पर पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर बारीकी से जांच पड़ताल किया गया। पंचनामा के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। युवक के दोनों कान में इयरबड्स लगा हुआ था, पास में ही उसका मोबाइल था जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर जांच की कार्यवाही कर रही है।

प्रतिभागियों को जिला ग्रंथालय में 'जनमन' पत्रिका वितरित

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका 'जनमन' का वितरण किया गया। जनमन पत्रिका में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों, महत्वपूर्ण निर्णयों तथा राज्य के विकास से संबंधित विषयों को सरल एवं तथ्यपरक रूप में प्रस्तुत किया जाता है, जिससे विद्यार्थियों को सीजीपीएससी, व्यापम सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में मदद मिलती है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए 'जनमन' सामान्य ज्ञान एवं समसामयिक घटनाक्रम की जानकारी का उपयोगी स्रोत साबित होगी। किशन ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में छत्तीसगढ़ से संबंधित योजनाओं, सरकारी कार्यक्रमों और समसामयिक घटनाओं से जुड़े प्रश्न महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में 'जनमन' के माध्यम से राज्य शासन की योजनाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यों की प्रमाणिक जानकारी आसानी से प्राप्त हो सकेगी। इससे उनकी तैयारी को बेहतर दिशा मिलेगी और अध्ययन सामग्री के लिए अलग-अलग स्रोतों पर निर्भरता भी कम होगी। जिला ग्रंथालय में 'जनमन' का वितरण विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ राज्य की सामाजिक, आर्थिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से परिचित कराने की सकारात्मक पहल है।

24 को रोजगार मेला

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, मुंगेली द्वारा 24 अगस्त को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक ग्राम जमकोर में आयोजित होगा। रोजगार मेले में विभिन्न निजी कंपनियों द्वारा अलग-अलग पदों पर कुल 174 रिक्तियों के लिए योग्य अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी।

100 गुम मोबाइल, धारकों को लौटाए

सक्ती/नवप्रदेश। साइबर सेल सक्ती ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 100 गुम मोबाइल फोन बरामद किए हैं। इन मोबाइल की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख बताई गई है। तकनीकी सहायता से जिले के अलावा अन्य जिलों और राज्यों से गुम मोबाइल की पतासाजी कर उन्हें बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार जनवरी 2026 से अब तक साइबर सेल ने कुल 240 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनकी कीमत 50 लाख रुपये से अधिक है।

निधन

शिवम सोनी

मुंगेली/नवप्रदेश। सुभाष वार्ड सोनार पारा निवासी शिवम सोनी

पिता स्व.धनु लाल सोनी का आकस्मिक निधन 20 अगस्त को हो गया। वे राजकुमार, दशरथ, लक्ष्मीप्रसाद, विजय, सुशील, का भतीजा था। उसका अंतिम संस्कार गुरूवार को खर्राघाट स्थित मुक्ति धाम में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सामाजिक जन उपस्थित थे।

अभिषेक पाठक

मुंगेली/नवप्रदेश। पाठकपारा निवासी पूर्व मंडी सचिव अरुण

पाठक के बड़े सुपुत्र अधिवक्ता अभिषेक पाठक (टोनु) 42 वर्ष का कवर्धा जाते समय 21 अगस्त को प्रातः फास्टरपुर के पास सड़क दुर्घटना में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दाऊपारा स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गणमान्य नागरिक व परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक में कार्यों पर विस्तारपूर्वक समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत कार्यों को पूरा करें: संभागायुक्त

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा संभागायुक्त नरेन्द्र कुमार दुग्गा ने शुक्रवार को सरगुजा संभागायुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में विकसित भारत-जी राम जी तथा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण से संबंधित योजनाओं की संभागस्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में योजनाओं की प्रगति, लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धियां, लंबित प्रकरणों के निराकरण तथा आगामी कार्ययोजना को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर सचिव एवं विकसित भारत जी राम जी के अपर आयुक्त एस.आलोक समीक्षा बैठक में राज्य से जिलावार आबंटित लक्ष्य एवं कमियों को रखा गया। उन्होंने कार्यों पर विस्तारपूर्वक समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही बैठक

में उपायुक्त आर के खूंटे, सरगुजा जिला पंचायत सीईओ रोमा श्रीवास्तव, जशपुर सीईओ अभिषेक कुमार, बलरामपुर सीईओ आशुतोष चतुर्वेदी, एमसीबी सीईओ अंकिता सोम, कोरिया सीईओ योगेंद्र श्रीवास एवं सभी जनपदों के सीईओ भी उपस्थित रहे। बैठक में विकसित भारत-जी राम जी अंतर्गत जुलाई एवं अगस्त माह में सृजित मानव दिवस तथा विगत वित्तीय वर्ष की तुलना में मानव दिवस सृजन की स्थिति की समीक्षा की गई। संभागायुक्त दुग्गा ने कहा कि मानव सृजन दिवस गत वर्ष की तुलना में कम है, इसे शत-प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अनिवार्य रूप से सभी विद्यालयों में शौचालय, मुक्तिधाम में प्रतीक्षालय एवं शेड निर्माण हेतु निर्देश दिए। उन्होंने जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को क्षेत्र में जल संरक्षण एवं जल संचयन से जुड़े कार्य प्राथमिकता के साथ कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों से कहा गया है कि वर्षा जल को संरक्षित करने, भूजल स्तर बढ़ाने तथा पानी की बर्बादी रोकने के लिए आवश्यक कार्य समय-सीमा में पूर्ण कराए जाएं।

कार्य में कोताही बरतने पर होगी सख्त कार्रवाई

बैठक में जिलेवार समीक्षा के दौरान संभागायुक्त दुग्गा ने कहा कि सम्भाग अनुसूचित जनजाति क्षेत्र है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति, हर घर, हर गांव तक पहुंचे, इसके लिए गम्भीरता से अपने कार्यों का निर्वहन करना होगा। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि शासकीय योजना का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें, शासन की अपेक्षा के अनुरूप कार्य कठिन परिश्रम से समय पर कार्य पूर्ण करें स उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुसार शत-प्रतिशत कार्यों गुणवत्तापूर्ण ढंग से समय सीमा में पूरा करें। उन्होंने सभी को निर्देशित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत करके सभी क्षेत्र में सरगुजा संभाग का प्रदर्शन बेहतर करना होगा।

ग्रामीण परिवारों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराए

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला जल एवं स्वच्छता मिशन अजीत वसंत ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित एकल ग्राम योजना एवं समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने योजनावार कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जहां-जहां जल स्रोत उपलब्ध हैं, वहां शत-प्रतिशत जल प्रदाय सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं में जल स्रोत उपलब्ध हैं और आवश्यक कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उन्हें प्राथमिकता के साथ चालू कर ग्रामीण परिवारों को नियमित पेयजल उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन ठेकेदारों के कार्य पूर्ण हो चुके हैं उन्हें समय सीमा में भुगतान करना सुनिश्चित करें। भुगतान नहीं किए जाने पर विभाग पर कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने निर्देशित किया कि जिन स्थानों पर योजनाओं के कार्य पूर्ण हो चुके हैं, वहां विभागीय अधिकारी एवं संबंधित ठेकेदार संयुक्त रूप से मौके पर जाकर कार्यों का भौतिक सत्यापन करें। सत्यापन के दौरान कार्य की गुणवत्ता एवं निर्धारित मापदंडों की जांच सुनिश्चित की जाए, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ ग्रामीणों को मिल सके। बैठक में लंबित बिलों की भी समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को लंबित बिलों को एक माह के भीतर पोर्टल पर अपलोड करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने, साथ ही जिन ठेकेदारों के कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनके कार्यों की नियमानुसार जांच कर आवश्यक प्रक्रिया पूर्ण करते हुए भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

तुसमा में गूंजेगी महाभारत की गाथा, पंडवानी गायन कल

शिवरीनारायण/नवप्रदेश। जिले के तुसमा गांव में धर्म, संस्कृति और लोककला से जुड़ा विशेष आयोजन किया जा रहा है।

भूफोड़ लिंगेश्वर महादेव एवं जोदगीर मोहल्ला ग्राम तुसमा के तत्वावधान में 24 अगस्त को महाभारत पंडवानी गायन कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध पंडवानी गायिका निर्मला बाई भट्ठ अपनी प्रस्तुति देंगी। पंडवानी छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोककला है, जिसमें महाभारत की कथाओं और प्रसंगों को

संगीत, संवाद तथा भावपूर्ण गायन के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है। आयोजन का उद्देश्य छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति और पंडवानी की परंपरा को संरक्षित करते हुए नई पीढ़ी को इससे जोड़ना है।

आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में महाभारत की गाथाओं का प्रभावशाली गायन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के श्रद्धालुओं, कला प्रेमियों और ग्रामीणजनों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस सांस्कृतिक आयोजन का आनंद लेने की अपील की है।

ऑनलाइन सट्टा खिलाते आरोपी गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। जिले में अवैध जुआ और सट्टा गतिविधियों के खिलाफ सक्ती पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। पुलिस ने दो दिनों के भीतर दो प्रकरणों में तीन सटोरियों को गिरफ्तार किया है। इसी अभियान के तहत पुरैना तालाब सक्ती के पचरी के पास ऑनलाइन सट्टा खिलाते एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति मोबाइल के माध्यम से व्हाट्सएप पर सट्टे के अंक लिखकर रुपये-पैसों की हार-जीत का दांव लगवा रहा है। सूचना पर

थाना सक्ती पुलिस ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर सट्टा खेलने वाले अन्य लोग भाग गए, जबकि एक आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी की पहचान अशोक श्रीवास (48 वर्ष), निवासी वार्ड क्रमांक 18, हटरी चौक, सक्ती के रूप में हुई। उसके कब्जे से करीब 7 हजार रुपए कीमत का टेक्नो स्पार्क मोबाइल फोन, 1,780 रुपए नगद, सट्टा-पट्टी और डॉट पेन बरामद किया गया। सट्टा-पट्टी में करीब 22 हजार रुपए का सट्टा लेखा दर्ज था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 6 और 7 के तहत कार्रवाई कर उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। पुलिस ने कहा कि सट्टा-जुआ में संलिप्त लोगों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सूचना मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बस से उतरकर सड़क पार कर रहे युवक को ट्रक ने मारी टक्कर, मौत

मुंगेली/नवप्रदेश। फास्टरपुर चौक के पास बस से उतरते समय ट्रक की चपेट में आने से युवक के सिर में चोट लगी जिससे युवक घायल हो गया। घायल युवक पुलिस की सहायता से जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी।

शिक्षक नगर निवासी अभिषेक पाठक जो पेशे से वकालत का काम करता था। कवर्धा में किसी प्रकरण के मामले में पुष्पराज बस से बैठ कर कवर्धा जा रहा था। फास्टपुर चौक में बस रूकने पर पिछले दरवाजे से सड़क पार करते समय सिंगरोली से तिल्दा जा रही ट्रक क्रमांक एचआर 74, ए 8844के चपेट में आ जाने से अभिषेक पाठक के सिर में चोट आई। आस-पास लोगो ने पुलिस को सूचना दी। घायल युवक को जिला अस्पताल ले जाया गया। ईलाज के दौरान युवक की मौत हो गयी। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है।

औषधि प्रशासन ने बर्फी-जलेबी-कलाकंद और पेड़ा के लिए नमूने

मुंगेली/नवप्रदेश। रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए जिले में नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा 23 अगस्त तक 'बने खाबो-बने रहिबो 2.0' विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत मिठाई दुकानों, डेयरी एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता की जांच की जा रही है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा विभिन्न मिठाई दुकानों एवं होटलों

का निरीक्षण किया गया। इस दौरान आईस केन्डी बरेला, मुंगेली से बर्फी, होटल दाउपारा चौक, मुंगेली से जलेबी एवं कलाकंद तथा संत होटल, पड़ाव चौक, मुंगेली से पेड़ा के नमूने संकलित किए गए। सभी नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजा गया है। निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठान संचालकों को वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजीत बघेल ने खाद्य पदार्थों के निर्माण, भंडारण एवं विक्रय में स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए। प्रतिष्ठानों में पीने योग्य पानी को ढककर रखने, खाद्य पदार्थों को तलने में उपयोग किए जाने वाले तेल का दो बार से अधिक उपयोग नहीं करने तथा खाद्य सामग्री की पैकिंग के लिए कागज का उपयोग नहीं करने की समझाइश दी गई। इसके साथ ही खाद्य पदार्थों के निर्माण में अखाद्य रंगों का उपयोग नहीं करने, शाकाहारी एवं अन्य खाद्य सामग्री के लिए अलग-अलग पात्रों का उपयोग करने तथा मिठाइयों में अत्यधिक कृत्रिम रंगों के प्रयोग से बचने के निर्देश दिए गए।

पेज 1 का शेष...

त्योहारी सीजन से पहले महंगी...

हुआ। इससे गन्ने से चीनी बनने की दर यानी रिकवरी रेट 12% से नीचे आ गया। मतलब 100 किलो गन्ने से 12 किलो से भी कम चीनी बनी। इससे देश का चीनी उत्पादन करीब 3 करोड़ टन रहा, जबकि अनुमान 3.2 करोड़ टन का था।

त्योहारी सीजन के दौरान जमाखोरी: गणेश चतुर्थी और दीवाली जैसे त्योहारों के सीजन, यानी अगस्त से नवंबर तक मिठाइयों और कन्फेक्शनरी की खपत बढ़ जाती है। मिठाई और बेवरेज वगैरह बनाने वाली कंपनियां चीनी स्टॉक करने लगती हैं। ज्यादा डिमांड और स्टॉक कम होने के चलते दाम और बढ़ जाते हैं।

जेन जी पर भाजपा का...

गया। भाजपा ने कांग्रेस के कार्यक्रमों में राष्ट्रगीत के केवल दो पैरा गाने के फैसले की निंदा की। नितिन नवीन की नई टीम शनिवार शाम 7 बजे प्रधानमंत्री मोदी से बीजेपी मुख्यालय में मुलाकात करेगी। टीम की घोषणा 17 अगस्त को हुई थी। बैठक में आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारी, बूथ और जमीनी स्तर पर संगठन मजबूत करने और सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने की रणनीति पर चर्चा हुई।

एनटीए के सेंटर पर...

चलते ऑनलाइन परीक्षा शुरू नहीं हो सकी। अभ्यर्थियों का प्रवेश दोपहर 1 बजे से 2.30 बजे तक होना था, लेकिन करीब 3 बजे तक भी अभ्यर्थी बाहर बैठे रहे।

जनरेटर से भी नहीं बना काम

हैरानी की बात यह रही कि बिजली गुल होने पर कॉलेज के जनरेटर को चालू करने का प्रयास किया गया, लेकिन उसमें डीजल नहीं था। इसके बाद दूसरा जनरेटर मंगाया गया, लेकिन वह भी तकनीकी कारणों से शुरू नहीं हो सका। फिर तीसरा जनरेटर मंगवाया गया, लेकिन उससे भी अभी तक बिजली आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी।

दोबारा परीक्षा आयोजित होगी

एनटीए ने जयपुर के श्री सत्य साईं पीजी कॉलेज में बिजली गुल होने से प्रभावित अभ्यर्थियों की दोबारा परीक्षा कराने का फैसला किया है. एनटीए की ओर से जारी बयान में कहा गया कि 22 अगस्त को AIAPGET परीक्षा की पहली पारी में देशभर के 200 केंद्रों पर 35,837 अभ्यर्थी शामिल हुए थे, जिनमें से 35,788 ने परीक्षा पूरी की। हालांकि, जयपुर के श्री सत्य साईं पीजी कॉलेज केंद्र पर परीक्षा में शामिल 192 अभ्यर्थियों में से 49 अभ्यर्थी बिजली गुल होने के कारण परीक्षा पूरी नहीं कर सके। एनटीए ने असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि इन 49 अभ्यर्थियों की दोबारा परीक्षा 1 सितंबर 2026 को सुबह 10 बजे राजस्थान कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग फॉर वुमन, जयपुर में आयोजित की जाएगी। इससे जुड़ी आगे की जानकारी संशोधित एडमिट कार्ड के जरिए दी जाएगी।

जज भगवान नहीं, हर...

चाहिए। जस्टिस करोल ने कहा कि संविधान जजों से केवल कानून को सही तरीके से लागू करने की उम्मीद नहीं करता। वह कानून को न्यायपूर्ण तरीके से लागू करने की भी मांग करता है।

ट्रक और पिकअप की...

की जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के राजपुर-कुसमी मार्ग पर सेवारी गांव के करीब शनिवार तड़के ट्रक और पिकअप वाहन के बीच हुई टक्कर हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बाहर निकाला गया और एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने रान साय (34), उदय कुमार (25) और अमर साय (35) को मृत घोषित कर दिया। तीनों को सिर और सीने में गंभीर चोटें आई थीं।

लैंडिंग करते इंडिगो विमान...

इंडिगो प्रवक्ता ने कहा- विमान को गो-अराउंड यानी दोबारा हवा में ले जाने का फैसला पूरी तरह सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया था। यात्रियों, क्रू और फ्लाइट की सुरक्षा कंपनी की सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

तमिलनाडु सरकार नवजात बच्चों...

अस्पतालों में जन्मे बच्चों को दी जाएंगी। यह योजना 15 सितंबर को द्रविड़ आंदोलन के नेता सीएन अन्नादुरई की जयंती पर शुरू की जाएगी। हालांकि, विपक्ष ने टेंडर प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं।

छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्था...

स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं तक स्वास्थ्य तंत्र को लगातार मजबूत किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से बस्तर और सरगुजा सहित प्रदेश के दूरस्थ, वनांचल एवं जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने के प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भौगोलिक परिस्थितियों के कारण दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता एक महत्वपूर्ण चुनौती रही है। राज्य सरकार इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य अधोसंरचना के विस्तार, चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता और आधुनिक उपचार सुविधाओं तक लोगों की पहुंच आसान बनाने की दिशा में प्राथमिकता से कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने केंद्रीय मंत्री श्री नड्डा को प्रदेश में केंद्र सरकार के सहयोग से संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति से भी अवगत कराया।

कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने तीसरा पनडुब्बी रोधी जलयान 'मैंग्रोल' को भारतीय नौसेना को सौंपा

कोच्चि/ए.। कोच्चि स्थित कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने भारतीय नौसेना को तीसरा पनडुब्बी रोधी जलयान मैंग्रोल (Mangrol) सौंप दिया है। इस जहाज में 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है और यह पानी के भीतर निगरानी, तटीय जलक्षेत्र में पनडुब्बी रोधी अभियान (एएसडब्ल्यू), निम्न-तीव्रता समुद्री अभियान (एलआईएमओ) और बारूदी सुरंगों से बचाव की क्षमताओं से सुसज्जित है। यह जहाज वाटरजेट से संचालित होता है और अत्याधुनिक टॉरपीडो, पनडुब्बी रोधी रॉकेट, उन्नत रडार और सोनार से लैस है।

मैंग्रोल नाम गुजरात के जूनागढ़ जिले में स्थित तटीय शहर और छोटे बंदरगाह 'मैंग्रोल' से लिया गया है, जो समुद्री मत्स्य पालन उद्योग का एक प्रमुख बंदरगाह है। यह जहाज भारतीय नौसेना के पूर्व माइनस्वीपर आईएनएस मैंग्रोल की विरासत को भी दर्शाता है, जो 2004 तक सेवा में रहा, और इस प्रकार विशिष्ट युद्धपोतों के नामों को संरक्षित करने की नौसैनिक परंपरा को जारी रखता है।

मैंग्रोल की सुपुर्दगी भारतीय नौसेना के स्वदेशी जहाज निर्माण के सफर में एक और मील का पत्थर है और सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण की पुष्टि करती है। यह जहाज स्वदेशी रक्षा विनिर्माण प्रणाली की बढ़ती ताकत का प्रमाण है।

ईरान अब मजबूत स्थिति में है युद्ध खत्म करना बेहतर: मसूद

तेहरान/ए.। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा कि अब युद्ध को समाप्त करना बेहतर है क्योंकि ईरान मजबूत और सम्मान की स्थिति में है। ईरानी राष्ट्रपति की तरफ से ये बयान हाल ही में अमेरिका और ईरान के बीच 60 दिनों की डेडलाइन पूरी होने के बाद सामने आया है। वहीं, दूसरी तरफ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान के खिलाफ सख्ती से प्रतिबंधों को लागू करने की बात कर रहे हैं। राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने शुक्रवार को राजधानी तेहरान में ईरानी मेडिकल सोसाइटी के इस्लामिक एसोसिएशन की 31वीं महासभा में ताजा बयान दिया है। उनके कार्यालय की वेबसाइट पर प्रकाशित एक बयान के अनुसार, ईरानी राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ युद्ध किसी न किसी मोड़ पर खत्म होना ही चाहिए। उन्होंने कहा, ÷बेहतर है कि हम आज ही युद्ध समाप्त कर दें जब हम शक्ति और सम्मान की स्थिति में हैं और पूरी दुनिया हमारी जीत को स्वीकार कर रही है और इस बात पर जोर दे रही है कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने सभी नियमों का उल्लंघन करते हुए हमारे स्कूलों, अस्पतालों और बुनियादी ढांचे पर हमला किया। दुनिया इस वजह से अमेरिका की काफी आलोचना कर रही है। पेजेश्कियन ने जून में ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच हस्ताक्षरित ज्ञापन समझौते को सम्मानजनक और मूल्यवान बताया और इस बात पर जोर दिया कि समझौते का एक भी प्रावधान आत्मसमर्पण का सुझाव नहीं देता है और सभी दायित्व दूसरे पक्ष पर हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ बातचीत के दौरान जो हासिल किया गया वह एक बड़ी उपलब्धि थी, जिसे ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में एकता और एकजुटता के साथ मंजूरी दी गई थी और परिषद के सभी सदस्यों ने इसका निर्णायक रूप से बचाव किया। हालांकि, राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि अगर फिर से हमला किया गया तो ईरान आत्मसमर्पण नहीं करेगा।

वंदे मातरम के सम्मान में भाजपा का प्रस्ताव, कांग्रेस के फैसले पर प्रहार

नई दिल्ली/ए.। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय पदाधिकारियों के साथ शनिवार को पहली बैठक की जिसमें चुनावी रणनीति और जमीनी स्तर पर जनसंपर्क को लेकर चर्चा की गई। इसी बैठक में वंदे मातरम् (Vande Mataram) से जुड़े हुए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को भी पास किया गया। इस प्रस्ताव के जरिए बीजेपी ने कांग्रेस कार्यसमिति (CWC) द्वारा हाल ही में लिए गए उस फैसले की कड़ी आलोचना की है, जिसमें राष्ट्रीय गीत के केवल पहले दो पदों (स्टैंजा) के गायन को सीमित करने की बात कही गई थी।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा पारित प्रस्ताव में निम्नलिखित संकल्प लिए गए हैं:-

संवैधानिक स्थिति की पुष्टि

वर्ष 1950 में संविधान सभा की घोषणा और 2026 में संसद द्वारा राष्ट्रीय गीत को 'जन गण मन' के समान वैधानिक संरक्षण दिए जाने की स्थिति को दृढ़ता से दोहराया गया।

जनता के सामने उस ऐतिहासिक और राजनीतिक संदर्भ को उजागर किया जाएगा जिसके तहत मुस्लिम लीग की आपत्तियों के बाद 'वंदे मातरम' के पूर्ण गायन को सीमित करने का प्रयास किया गया था।

महात्मा गांधी के उस कथन को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा जिसमें उन्होंने 'वंदे मातरम' को "साम्राज्यवाद-विरोधी नारा" और "शुद्धतम राष्ट्रीय भावना" का प्रतीक बताया था।

कांग्रेस के 1937 के रुख को दोहराने पर कड़ा विरोध

बीजेपी ने अपने प्रस्ताव में कहा कि 19 अगस्त 2026 को कांग्रेस कार्यसमिति ने 1937 के अपने पुराने प्रस्ताव को पुनः स्वीकार करते हुए अपने कार्यक्रमों में 'वंदे मातरम' के केवल प्रथम दो पदों तक गायन सीमित करने का निर्णय लिया है। पार्टी ने इस कदम को तुष्टीकरण और संकीर्ण वोट-बैंक की राजनीति से प्रेरित बताते हुए इसकी स्पष्ट शब्दों में निंदा की है। बीजेपी का कहना है कि 1937 का राजनीतिक समझौता या कांग्रेस की कार्यसमिति का कोई भी प्रस्ताव देश के संवैधानिक संस्थानों और संसद द्वारा बनाए गए कानूनों से ऊपर नहीं हो सकता।

युवाओं के लिए देशव्यापी अभियान

बीजेपी कार्यकर्ता पूरे देश में छह पदों वाले संपूर्ण राष्ट्रीय गीत के इतिहास, अर्थ और महत्व को लेकर जागरूकता अभियान चलाएंगे, ताकि इसकी गौरवशाली विरासत विस्मृति में न जाए।

वोट-बैंक की राजनीति में नहीं बांधी जा सकती राष्ट्रीय चेतना

बीजेपी ने स्पष्ट किया कि 'वंदे मातरम्' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत माता के प्रति श्रद्धा की अभिव्यक्ति, स्वतंत्रता संग्राम का मूल मंत्र और राष्ट्रीय चेतना का अमर प्रतीक है।

गोरखा मुद्दे पर 'फाइनल डील' की तैयारी : शाह

नई दिल्ली/ए.। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में गोरखा नेताओं, पश्चिम बंगाल सरकार और अन्य हितधारकों की बैठक के बाद गोरखा मुद्दे के स्थायी राजनीतिक समाधान की दिशा में अहम पहल सामने आई है। भाजपा सांसद राजू बिस्टा के अनुसार, गृह मंत्रालय ने मध्यस्थ पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में एक समिति गठित की है, जो बैठक में बनी सहमति के आधार पर अंतिम समझौते का मसौदा तैयार करेगी। यह पहल 1988 के गोरखा समझौते की वर्षगांठ के दिन हुई बैठक के कारण भी राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। शाह के उत्तर बंगाल दौरे के तीसरे और आखिरी दिन दार्जिलिंग की तलहटी में स्थित सुकना के एक होटल में यह अहम बैठक हुई। इसमें पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी, पहाड़ी इलाकों की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के नेता और क्षेत्र से जुड़े अन्य हितधारक शामिल हुए।

बिस्टा ने कहा कि मध्यस्थ पंकज कुमार सिंह के नेतृत्व में गृह मंत्रालय के तहत एक समिति का गठन किया गया है। यह समिति आज हुए समझौते के मसौदे को अंतिम रूप देने का काम करेगी।

पंकज कुमार सिंह को मिली अहम जिम्मेदारी

अक्टूबर 2025 में गृह मंत्रालय ने सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी और पूर्व उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार पंकज कुमार सिंह को इस मुद्दे के लिए आधिकारिक सरकारी मध्यस्थ नियुक्त किया था। उनकी भूमिका राजनीतिक बातचीत को आगे बढ़ाने और गोरखा समुदाय की लंबे समय से चली आ रही मांगों के समाधान की दिशा में काम करने पर केंद्रित है। दार्जिलिंग के सांसद बिस्टा ने कहा कि शनिवार को हुई बैठक अपने आप में एक ऐतिहासिक दिन पर हुई, क्योंकि इसकी तारीख 1988 में हुए गोरखा समझौते पर हस्ताक्षर की तारीख से मेल खाती है।

समाजवादी पार्टी का वादा, नहीं टूटेगा नाता, अखिलेश ने ठोकी 2027 की ताल

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को यह स्पष्ट कर दिया कि उनकी पार्टी किसी भी कीमत पर अपना गठबंधन नहीं तोड़ेगी। उन्होंने कहा कि सपा की असली लड़ाई भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ है। उन्होंने सत्तारूढ़ दल पर बड़े पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने और आम जनता को महंगाई की आग में झोंकने का आरोप लगाया। सपा प्रमुख ने जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी ने हमेशा अपने वादे निभाए हैं और आगे भी सहयोगियों के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। अखिलेश यादव ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सपा का मुख्य लक्ष्य समाजवादी विचारधारा और पीडीए आंदोलन के जरिए सामाजिक न्याय पर आधारित सरकार बनाना है। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोग पीडीए की बढ़ती ताकत से डरे हुए हैं और इसीलिए इसकी परिभाषाएं बदलने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, तकलीफ जितनी बढ़ेगी, पीडीए आंदोलन उतना ही ज्यादा मजबूत होकर उभरेगा। सपा मुखिया का सरकार से सवाल महंगाई के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी त्योहारों के सीजन में जरूरत की चीजें लगातार महंगी हो रही हैं। पेट्रोल और डीजल के दाम आसमान छू रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि जब गन्ने का इस्तेमाल एथनॉल बनाने के लिए हो रहा है, तो फिर चीनी के दाम क्यों बढ़ाए जा रहे हैं? सरकार मुनाफे के लिए पेट्रोल में एथनॉल मिला रही है, लेकिन यह सारा मुनाफा आखिर किसकी जेब में जा रहा है? सरकार के प्रति व्यक्ति आय बढ़ने के दावों पर चुटकी लेते हुए अखिलेश यादव ने पूछा कि अगर देश इतनी तरक्की कर रहा है, तो उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को सरकारी राशन पर क्यों निर्भर रहना पड़ रहा है? इन गरीब परिवारों की वास्तविक आय क्या है, इसका जवाब सरकार को देना चाहिए।

ओहायो के शानदार गवर्नर साबित होंगे रामास्वामी

नई दिल्ली/ए.। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे. डी. वेंस ने ओहायो के गवर्नर पद के रिपब्लिकन उम्मीदवार विवेक रामास्वामी का समर्थन किया है। वेंस ने उन्हें अपना करीबी मित्र बताते हुए कहा कि रामास्वामी ओहायो के शानदार गवर्नर साबित होंगे। डोनाल्ड ट्रंप के समर्थन से रिपब्लिकन प्राइमरी जीतने वाले रामास्वामी नवंबर में होने वाले गवर्नर चुनाव में पार्टी के उम्मीदवार हैं। इससे पहले वह ट्रंप के सरकारी दक्षता विभाग के सह-अध्यक्ष रह चुके हैं और 2024 के राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में भी शामिल हुए थे। अमेरिका के उपराष्ट्रपति जे. डी. वेंस ने ओहायो के गवर्नर पद के चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार एवं अपने ''करीबी मित्र'' विवेक रामास्वामी का समर्थन करते हुए कहा है कि उद्यमी से नेता बने भारतीय-अमेरिकी रामास्वामी ''एक शानदार गवर्नर साबित होंगे।'' वेंस ने 41 वर्षीय रामास्वामी का समर्थन ऐसे समय में किया है जब कुछ सप्ताह पहले सिनसिनाटी में 'यंग अमेरिकन्स फॉर लिबर्टी' के सम्मेलन में उनकी कुछ टिप्पणियों से नाराज लोगों ने उनका विरोध किया था और उन्हें तय समय से पहले मंच छोड़ना पड़ा था। वेंस ने शुक्रवार को ओहायो में एक रैली में कहा, ''मेरा मानना है कि हमारे पास गवर्नर पद के लिए एक बेहतरीन उम्मीदवार ही नहीं, बल्कि ओहायो का अगला शानदार गवर्नर भी है- मेरे मित्र विवेक रामास्वामी।''

भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स युवा और खेल मंत्रियों की बैठकें विशाखापत्तनम में होंगी

नई दिल्ली/ए.। भारत, अपनी ब्रिक्स अध्यक्षता 2026 के तहत आज शनिवार से आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में ब्रिक्स युवा मंत्रियों और खेल मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा। दो दिन तक चलने वाली इन बैठकों में ब्रिक्स के सभी 11 सदस्य देशों के मंत्री और प्रतिनिधिमंडल के प्रमुख शामिल होंगे। इन बैठकों का मकसद युवा मामलों और खेल के क्षेत्रों में ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को मजबूत करना है। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया इन बैठकों की अध्यक्षता करेंगे।

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग क्र. 2, रामानुजगंज
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal:https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक **10.09.2026**, (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्रमांक	निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक	कार्य का नाम	निविदा की लागत जी. एस.टी. छोड़ कर (लाख में)	आमंत्रण का क्रमांक
197924	03/व.ले.लि /2026-27 दिनांक 20.08.2026	रामानुजगंज कन्हर एनीकट का जीर्णोद्धार अंतर्गत पुराने गेट को तोड़कर नया गेट सप्लाई एंड फिक्सिंग कार्य, डक्ट एवं बैरल का निर्माण, रिटेनिंग वाल का निर्माण कार्य, डाउन स्ट्रीम फ्लोर व सी.सी.ब्लॉक का निर्माण कार्य, अप स्ट्रीम में घाट का निर्माण कार्य सहित।	341.27	द्वितीय आमंत्रण

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर **दिनांक 27.08.2026**, समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

नोटः 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 एवं दिनांक 08.08.2025 के जारी संशोधन के अनुसार है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग क्र. 2 रामानुजगंज
जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार,
जल संसाधन विभाग अंबिकापुर, सरगुजा (छ.ग.)

जी-262702902/7

फिर साथ नजर आएगी अमलेश नागेश और मन कुरैशी की जोड़ी

'तोर मयारू मोर मयारू' का ट्रेलर लॉन्च

रायपुर/नवप्रदेश।। छत्तीसगढ़ी सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता एवं कॉमेडी किंग अमलेश नागेश और चॉकलेटी बॉय मन कुरैशी की जोड़ी तीन साल बाद एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। नीलजय फिल्म्स के बैनर तले बनी आगामी फिल्म 'तोर मयारू मोर मयारू' का ट्रेलर 22 अगस्त को सतीश जैन, अनुज शर्मा, मनोज वर्मा, योगेश अग्रवाल, राज वर्मा, मोहित साहू और पवन सिंह के मुख्य आतिथ्य में आयोजित गरिमामय समारोह में लॉन्च किया गया।

रोमांस और कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म छत्तीसगढ़ की सोंधी मिट्टी, यहां के लोगों के निश्छल प्रेम और उनकी हाजिरजवाबी को खूबसूरती से दर्शाती है। फिल्म में लोकगीतों की मिठास और पुरानी परंपराओं के साथ सोशल मीडिया का जुनून और नई पीढ़ी के 'यो' स्टाइल का दिलचस्प मेल देखने को मिलेगा। देसी जुगाड़ और किरदारों के बीच की मीठी नोकझोंक फिल्म को खास बनाती है। फिल्म को प्रसिद्ध फिल्ममेकर मनीष मानिकपुरी प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म में कुल सात मनमोहक गीत हैं, जिन्हें अनुराग शर्मा, अल्का चंद्राकर और अनुपमा मिश्रा जैसे सुरीले गायकों ने अपनी आवाज दी है। संगीत नवलदास मानिकपुरी, अनुराग शर्मा और परवेज़ खान ने दिया है।

चीनी की कीमतों में बढ़ोतरी का कारण एथेनॉल उत्पादन नहीं, मक्के का हो रहा उपयोग

नई दिल्ली/ए.। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को कहा कि चीनी की कीमतों में हालिया बढ़ोतरी का कारण एथेनॉल उत्पादन के लिए चीनी का इस्तेमाल करना बताना गलत है। आधिकारिक बयान में कहा गया कि एथेनॉल उत्पादन के लिए उपयोग हो रही चीनी का शेयर 2025-26 में कम होकर करीब 9 प्रतिशत हो गया है, जो कि 2022-23 में करीब 12 प्रतिशत था। साथ ही, कहा कि मौजूदा समय में देश में एथेनॉल के उत्पादन के लिए मक्के का उपयोग हो रहा है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
इंजीनियरिंग कार्य हेतु ई-निविदा सूचना

क्र.संख्या (1) ई-निविदा संख्याः डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-166-26-27, दिनांकः 18.08.2026.
कार्यः वरिष्ठ मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत कलमीटार, सलकारोड, उस्लापुर, जयरामनगर, टेंगनमाडा, खोंगसरा, खोडरी, वेंकटनगर, जैतहरी और पुलहा पर ट्रैक मशीन स्टेबलिंग साइडिंग का निर्माण।
निविदा मूल्यः ₹ 9,92,58,969.31, अमानत राशिः ₹ 19,85,200.00/- कार्य पूर्णता की अवधिः 18 माह।
निविदा जमा करने की आरंभ तिथिः 01.09.2026 के 11.00 बजे से। निविदा जमा करने की अंतिम तिथिः 15.09.2026 के 11.00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदा हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

मंडल रेलवे प्रबंधक(अभियंता)/
सीपीआर/10/पीएस/361 बिलासपुर

South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना

निविदा क्रमांकः 28-सीईई-एसईसीआर-सी-2026
दिनांकः 14.08.2026

कार्य का नामः दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर और बिलासपुर डिवीजन में इन कामों के लिए इलेक्ट्रिकल सामान्य निर्माण कार्यः (i) भिलाई में सेंट्रलाइज्ड सिक लाइन और उससे जुड़े विकास कार्य; (ii) बिलासपुर-दाधापारा के बीच चौथी लाइन के निर्माण के सिलसिले में 02 नग ऑटो गुमटी की व्यवस्था और (iii) अभनपुर-धमतरी सेक्शन के बीच गेज कन्वर्जन के काम के सिलसिले में आर. पी. एफ. बैरक - 01 नग, एस. एस. ई का ऑफिस 04 नग, ओ. आर. एच. - 01 नग, रेलवे क्वार्टर (टाइप-II - 12 नग, टाइप-III - 05 नग, टाइप - IV - 01 नग और टाइप-V - 01 नग) का निर्माण।"
निविदा मूल्यः रु. 3,54,31,655.78 (तीन करोड़ चौवन लाख इकतीस हजार छः सौ पचपन रुपये एवं अठहत्तर पैसे) मात्र। **बयाना राशिः** 7,08,600/- (सात लाख आठ हजार छः सौ रुपये मात्र)। **निविदा बंद होने का समय एवं दिनांकः** 11.09.2026 को 15:30 बजे। **निविदा खुलने का समय एवं दिनांकः** 11.09.2026 को 15:45 बजे। **कार्य पूर्णता की अवधिः** 12 (बारह माह) एल. ओ. ए. जारी होने के तारीख के बाद से।
वेबसाइट का विवरण तथा नोटिस बोर्ड का स्थानः ऊपर दिए गए कार्य के लिए विस्तृत जानकारी/ ई-निविदा दस्तावेज पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु ई-निविदा कागजात, जो हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है उसे डाउनलोड कर/ देख सकते हैं।

सहायक कार्यपालन विद्युत अभियंता/निर्माण
सीपीआर/10/353 द.पू.मध्य रेलवे, रायपुर

South East Central Railway @secrail

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग
कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्रमांक 197927/निविदा सूचना क्रमांक 02/वलेलि/2026-27, कवर्धा, दिनांक 20.08.2026

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 10.09.2026 समय 17:30 तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :

कार्य का नाम : कबीरधाम जिले के विकासखण्ड सहसपुर लोहारा की सुतियापाट लिंक केनाल का जीर्णोद्धार एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य।

अनुमानित लागत : रूपये 212.51 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर **दिनांक 27.08.2026 समय 17:31** बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार
जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी-262702901/7

माइंस की गाड़ियां फर्राटा भर रहीं हैवी वाहनों से सड़क जर्जर

पखांजूर/नव प्रदेश। सुरजगढ़ माइंस की भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से पखांजूर क्षेत्र की सड़कें बदहाल होने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस ने अब आर-पार की लड़ाई का ऐलान किया है। पखांजूर कांग्रेस मंडल अध्यक्ष राजदीप हालदार ने कहा कि माइंस की सैकड़ों गाड़ियों के दबाव ने सड़क, पुल-पुलियों की हालत बिगाड़ दी है। इसके बावजूद जिम्मेदारों पर कार्रवाई और मरम्मत की दिशा में ठोस पहल नहीं होने से ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ रहा है। मरोड़ा से महाराष्ट्र सीमा तक सड़क की हालत खराब है। पीवी-39, पखांजूर प्रवेश द्वार,अंजाड़ी नाला,नया बाजार, पुराना बाजार, मुख्य चौराहा,हरनगढ़,कापसी बिजली कार्यालय, पीवी-34, बड़गांव और छिंदपाल सहित कई स्थानों पर राज्यमार्ग जर्जर हो चुका है। भारी वाहनों के काफिले से दोपहिया और छोटे वाहनों का निकलना मुश्किल है और दुर्घटना का खतरा मंडरा रहा है।

24 अगस्त को जिला स्तरीय धरना : हालदार ने कहा कि 24 अगस्त को एक दिवसीय जिला स्तरीय धरना दिया जाएगा। उन्होंने चेताया कि तत्काल सड़क-पुल-पुलियों की मरम्मत शुरू नहीं हुई और भारी वाहनों की आवाजाही पर ठोस व्यवस्था नहीं बनी तो आंदोलन उग्र होगा। कांग्रेस ने कहा कि जनता की सुरक्षा से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।

नाबालिग छात्रा से अश्लील फोटो-वीडियो मांगने का आरोप, शिक्षक गिरफ्तार

बांदे-पखांजुर/नव प्रदेश। उत्तर बस्तर कांकेर जिले के बांदे थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा को कथित रूप से धमकाकर अश्लील फोटो और वीडियो मांगने के मामले में पुलिस ने एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। न्यायालय में पेश करने के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। परिजनों ने 20 अगस्त को बांदे थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के मुताबिक, उनकी नाबालिग पुत्री स्कूल कैंप में अध्ययनरत है। इसी स्कूल में पदस्थ शिक्षक द्वारा कथित रूप से धमकी देकर छात्रा पर अश्लील फोटो एवं वीडियो भेजने के लिए मानसिक दबाव बनाया जा रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। आरोपी शिक्षक अजीत मंडल, पिता संतोष मंडल, उम्र 38 वर्ष, निवासी सीबी-41 को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 75 एवं पॉक्सो अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्कूलों में बच्चों की निगरानी को लेकर चिंता बढ़ गई : पुलिस की कार्रवाई के बाद क्षेत्र में नाबालिग छात्राओं की सुरक्षा और स्कूलों में बच्चों की निगरानी को लेकर चिंता बढ़ गई है। अभिभावकों ने विद्यालयों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा शिक्षकों के आचरण पर प्रभावी निगरानी की मांग की है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच जारी है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

विश्व हिंदू परिषद का 2 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ

जगदलपुर/नवप्रदेश। विश्व हिंदू परिषद का 2 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आज कुम्हारपारा स्थित माहेश्वरी भवन जगदलपुर में प्रारंभ किया गया। जिसमें जिले के आठों प्रखंडों के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए। विश्व हिंदू परिषद समय समय पर राष्ट्रहित को ध्यान में रखते हुए संगठन विस्तार के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करते रहती है।इसी तारतम्य में आज संगठन द्वारा उसके उद्देश्यों को जन जन तक पहुंचाने के साथ अपने कार्यकर्ताओं में राष्ट्र प्रेम हेतु कर्मठ कार्यकर्ता तैयार करना भी है। इसी को ध्यान मे रखते हुए राष्ट्र के प्रत्येक जिले में जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन करती है इसी क्रम में आज दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया गया। सर्व प्रथम मां भारती व श्री राम की चित्र पटल पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि से सभी का परिचय करवाया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद प्रांत सह मंत्री रवि ब्रह्मचारी जी ने विश्व हिंदू परिषद के के गठन और उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र निर्माण में परिषद की भूमिका, और उसके उद्देश्यों, के साथ उसके संघर्षों का स्मरण करवाया। इसी के साथ आज राष्ट्र निर्माण में परिषद की महती भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। मंच पर उपस्थित सभी वक्ताओं ने अपने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया। प्रशिक्षण वर्ग में भारी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सामाजिक समरसता प्रमुख व जिला पलक अखिलेश लुनिया,प्रांत सत्संग प्रमुख सुनील वर्मा,संत शंकर दास महाराज,विभाग मंत्री कांति लाल साहू,विभाग सह मंत्री श्रीनिवास रेड्डी,ज़बिता मांडवी सुशीला सौ आस्था गुप्ता जिला अध्यक्ष शंकरलाल गुप्ता जिला मंत्री नवीन देवांगन,योगेंद्र कौशिक, उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू,प्रेम चलकी,संयोजक विष्णु ठाकुर सुरेंद्र तिवारी,प्रतीक गुरु घनश्याम नाग,भवानी सिंह चौहान,अजय प्रताप सिंह,सूरज पटनायक,शत्रुघ्न कश्यप राजू तोमर,शिव चौहान,नितेश सेठिया,सुरेश बघेल,खानू सेठिया आसी चलकी सुंदर कश्यप,पवन राजा व अन्य प्रखंड स्तर के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

25 अगस्त को शिक्षक संघर्ष मोर्चा करेगा एक दिवसीय हड़ताल

कांकेर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में विकासखंड के सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं व्याख्याता अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 25 अगस्त को एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल में शामिल होंगे। शिक्षक जिला मुख्यालय कांकेर पहुंचकर रैली निकालेंगे और मुख्यमंत्री, शिक्षामंत्री एवं संचालक के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। मोर्चा की प्रमुख मांगों में टीईटी से मुक्ति, पेंशन के लिए पुरानी सेवा अवधि जोड़ना, विभागीय बीएड करवाना, सहायक शिक्षकों को समतुल्य वेतन, पदोन्नति, पदोन्नति संबंधी 2026 के राजपत्र में संशोधन तथा शनिवार को जिले में सुबह शाला संचालन शामिल हैं।मोर्चा पदाधिकारियों का कहना है कि वर्ष 1998 से 2018 तक की सेवा अवधि को पेंशन के लिए नहीं गिना जा रहा है। वहीं 13 फरवरी 2026 को जारी नए भर्ती नियमों में एलबी संवर्ग का कोटा समाप्त होने से पदोन्नति प्रभावित हुई है। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों पर शासन-प्रशासन ने सकारात्मक पहल नहीं की तो आगामी समय में अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया जा सकता है।बैठक में जिला उपाध्यक्ष डूमेंद्र कुमार साहू, विकासखंड संयोजक राजीव चक्र, विकासखंड अध्यक्ष खम्मन नेताम, दुर्गा सोलंकी, आशारानी गजबीये, कमलकंठ टेकाम, नंदकिशोर आड़े, टहरसिंह ठाकुर, विनय साहू, बिरेन्द्र कुमार पोर्ते सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

कैंसर पीड़ित मासूम के इलाज को आगे आए सूर्यगढ़ माइंस प्रबंधक

■ **गरीब परिवार के बच्चे के मुंबई उपचार का उठाया जिम्मा, मानवीय पहल की हो रही सराहना**

पखांजूर/नव प्रदेश। क्षेत्र के गरीब परिवार के मासूम बालक विक्की ढाली, पिता पेका विप्लव ढाली,गंभीर कैंसर से पीड़ित है। बच्चे के इलाज के लिए मुंबई ले जाना जरूरी है, लेकिन आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के सामने उपचार का खर्च बड़ी चुनौती बना हुआ था। ऐसे कठिन समय में सूर्यगढ़ माइन्स के प्रबंधक रमेश कुमार दलाई ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए बच्चे के इलाज में सहयोग का जिम्मा उठाया है।

परिवार ने शासन-प्रशासन से भी आर्थिक सहायता की गुहार लगाई थी, लेकिन अपेक्षित मदद नहीं मिल पाने से परिजन परेशान थे। मासूम की

बीमारी की जानकारी मिलने पर दलाई ने आगे बढ़कर उपचार में सहयोग का निर्णय लिया। इससे परिवार को बड़ी राहत मिली है।

जरूरतमंदों की मदद में आगे रहा माइन्स प्रबंधन: क्षेत्रवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद और गरीब परिवारों की सहायता के लिए माइन्स प्रबंधन की संवेदनशीलता अनुकरणीय है। इससे पहले भी पीवी-31 क्षेत्र में उपचार के लिए सहयोग किए जाने की बात सामने आई है। सूर्यगढ़ माइन्स अस्पताल में कमजोर एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क उपचार और दवाइयां उपलब्ध कराकर भी सहायता की जाती है।

मुंबई में बेहतर उपचार की उम्मीद

मासूम के इलाज के लिए आगे आई इस पहल को क्षेत्र में मानवीय संवेदना और सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल माना जा रहा है। परिजनों ने सहयोग के लिए रमेश कुमार दलाई के प्रति आभार जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि मुंबई में बच्चे का बेहतर उपचार हो सकेगा और वह जल्द स्वस्थ होकर अपने परिवार के बीच लौटेगा।

खतरे के साए में मासूमों की पढ़ाई, 124 भवन अति जर्जर, बारिश में टपकती छतें, कीचड़ और अस्थायी ठिकानों में कक्षाएं

240 स्कूल भवनविहीन, 600 जर्जर झोपड़ियों में गढ़ रहे बच्चों का भविष्य

अनिल सामंत

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर संभाग के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में शिक्षा व्यवस्था की तस्वीर चिंताजनक है। संभाग के करीब 240 स्कूल भवनविहीन हैं, जहां कहीं झोपड़ी तो कहीं कच्चे कमरों, पंचायत भवन अथवा अन्य अस्थायी ठिकानों में बच्चों की कक्षाएं संचालित हो रही हैं। दूसरी ओर करीब 600 स्कूल भवन जर्जर स्थिति में हैं। इनमें से 124 भवन अति जर्जर होकर बच्चों के लिए खतरा बन चुके हैं। यानी जिन मासूमों के हाथों में किताबें होनी चाहिए, वे कहीं टपकती छत के नीचे तो कहीं जर्जर दीवारों के बीच अपना भविष्य गढ़ने को मजबूर हैं।

भवनविहीन स्कूलों में स्थायी व्यवस्था नहीं होने से शिक्षकों को भी कक्षा संचालन में कठिनाई होती है। कई जगह एक ही स्थान पर अलग-अलग कक्षाओं के बच्चों को पढ़ाने की मजबूरी है। इससे शिक्षण व्यवस्था प्रभावित होने के साथ बच्चों के सीखने की प्रक्रिया पर भी असर पड़ रहा है। बारिश के दिनों में झोपड़ी और कच्चे भवनों की स्थिति और खराब हो जाती है। छत से पानी टपकने, फर्श पर नमी और कीचड़ के कारण बच्चों को बैठने तक में परेशानी होती है।

स्कूल भवन केवल चार दीवारें नहीं,बल्कि बच्चों के सुरक्षित और बेहतर शैक्षणिक वातावरण की बुनियादी जरूरत हैं। ऐसे में भवनविहीन स्कूलों का प्राथमिकता के आधार पर निर्माण और जर्जर भवनों का शीघ्र सुधार जरूरी है। स्थानीय ग्रामीणों ने मांग की है कि स्थायी भवन बनने तक बच्चों के लिए सुरक्षित वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

नव प्रदेश विशेष

ग्रामीण क्षेत्रों में नए भवनों की दरकार

बस्तर जैसे आदिवासी और वनांचल क्षेत्र में शिक्षा की पहुंच मजबूत करने के लिए भवनों की कमी दूर करना जरूरी है। ग्रामीणों का कहना है कि भवनविहीन स्कूलों की सूची तैयार कर प्राथमिकता से निर्माण कराया जाए,ताकि बच्चों को झोपड़ी और असुरक्षित स्थानों पर पढ़ने की मजबूरी से मुक्ति मिल सके।

जर्जर स्कूल भवनों की होगी मरम्मत

बस्तर के जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल ने बताया कि जिले में 124 विद्यालय भवन अति जर्जर हो चुके हैं। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए इन भवनों में कक्षाएं संचालित नहीं करने और सुरक्षित स्थानों पर कक्षाएं लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जर्जर भवनों के लिए प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद मरम्मत की कार्रवाई की जाएगी।

समस्या के निराकरण का प्रयास

शिक्षा विभाग बस्तर संभाग के संयुक्त संचालक एचआर सोम ने बताया कि संभाग में 240 स्कूल भवनविहीन हैं तथा करीब 600 स्कूल भवन जर्जर स्थिति में हैं। कुछ भवन डिस्मेंटल की स्थिति में भी हैं। विभाग की ओर से जर्जर भवनों की मरम्मत और भवनविहीन स्कूलों के लिए नए भवन निर्माण का प्रयास किया जा रहा है।

बच्चों के भविष्य का सवाल

240 भवनविहीन स्कूलों में स्थायी भवन का इंतजार, करीब 600 जर्जर भवनों में सुरक्षा की चिंता और 124 अति जर्जर भवनों में बच्चों की कक्षाएं सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने की जरूरत बस्तर की शिक्षा व्यवस्था के सामने भवनों की कमी अब महज सुविधा का नहीं, बच्चों की सुरक्षा और भविष्य का सवाल बन चुकी है।

शहीद पार्क में घास कटाई शुरू, कांग्रेस पार्षद दल के निरीक्षण के बाद हुई कार्रवाई

जगदलपुर/नवप्रदेश। शहीद पार्क में लंबे समय से बढ़ी घास और साफ-सफाई की समस्या को लेकर कांग्रेस पार्षद दल की पहल के बाद नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर पालिक निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने बताया कि कांग्रेस पार्षद दल ने 19 अगस्त को नगर निरीक्षण कार्यक्रम के तहत शहीद पार्क का जायजा लिया था। इस दौरान नागरिकों ने पार्क में बढ़ी घास और सफाई व्यवस्था को लेकर शिकायत की थी। पार्षद दल ने तत्काल समस्या नगर निगम के संज्ञान में लाई। कांग्रेस पार्षद दल के निरीक्षण के अगले ही दिन 20 अगस्त को शहीद पार्क में घास कटाई का कार्य शुरू कर दिया गया। राजेश चौधरी ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि आम जनता की मांग को लेकर प्रतिपक्ष की पहल के बाद निगम को कार्रवाई करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि शहीद पार्क शहर का महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल है,जहां प्रतिदिन बच्चे,बुजुर्ग और नागरिक पहुंचते हैं। ऐसे स्थानों के रखरखाव में लापरवाही उचित नहीं है।

मलेरिया-पीलिया के बढ़ते मामलों पर कांग्रेस का निगम पर हमला

जगदलपुर/नवप्रदेश। मानसून के बाद शहर में मच्छरजनित बीमारियों और दूषित पेयजल से होने वाली बीमारियों को लेकर कांग्रेस ने नगर निगम प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुशील मौर्य ने आरोप लगाया कि निगम की निष्क्रियता के कारण शहर के कई हिस्सों में मलेरिया और पीलिया का खतरा बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि समय रहते कीटनाशक दवाओं का छिड़काव और फॉगिंग नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ा है।

मौर्य ने आरोप लगाया कि शहर में कई स्थानों पर लीकेज और क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों के कारण दूषित पानी घरों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि शुद्ध पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ जल स्रोतों की सफाई और पाइपलाइनों की तत्काल मरम्मत जरूरी है। प्रभावित वार्डों में चिकित्सकीय दल भेजकर जांच और उपचार के लिए स्वास्थ्य शिविर लगाने की भी मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष ने निगम प्रशासन से शहर के सभी 48 वार्डों, प्रमुख मार्गों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में तत्काल फॉगिंग व कीटनाशक छिड़काव शुरू करने की मांग की।

छात्र परिषद अलंकरण समारोह में विद्यार्थियों ने संभाली नेतृत्व की कमान

जगदलपुर/नव प्रदेश। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय,जगदलपुर में सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद अलंकरण समारोह शनिवार को उत्साह, गरिमा और अनुशासनपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व, अनुशासन, आत्मविश्वास और सेवा-भावना का विकास करना रहा। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य राज कुमार आसनानी ने नवनियुक्त छात्र परिषद पदाधिकारियों को बैज एवं सैशे प्रदान कर उनके दायित्वों से अलंकृत किया। पदाधिकारियों ने विद्यालय की गरिमा और अनुशासन बनाए रखने तथा सौंपे गए दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने की शपथ ली।

माध्यमिक अनुभाग में विद्यालय कप्तान योगेश बिस्वास और समृद्धि साहा,उप-कप्तान हर्षित टोप्पो,अंचल साहू एवं ईशा बिस्वास बनाए गए। अनुशासन कप्तान की जिम्मेदारी अक्षत मिश्रा और देविका को दी गई। प्राथमिक अनुभाग में विद्यालय कप्तान रुद्र, अर्नव एवं प्रेरणा तथा उप-कप्तान उत्कर्ष शांड्याल एवं प्रगति पी. बनाए गए। सांस्कृतिक कप्तान की जिम्मेदारी जीवन,विवेक एवं आलिया,खेल कप्तान की जिम्मेदारी अर्नव पटेल,मोहिल एवं वैशाली तथा अनुशासन कप्तान की जिम्मेदारी निहाल,चंद्रदेव एवं चार्वी को सौंपी गई। समारोह का संचालन पाठ्य सहगामी क्रियाकलाप प्रभारी शिक्षिका नंदिनी साहा ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

नेतृत्व पद नहीं, जिम्मेदारी है : आसनानी- प्राचार्य राज कुमार आसनानी ने शिवाजी, टैगोर,अशोक एवं रमन सदन के विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि नेतृत्व केवल पद प्राप्त करने का नाम नहीं,बल्कि निष्ठा, समर्पण, अनुशासन और सेवा-भावना से निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

स्थानीय विरासत से बच्चों की सीख को मिली नई दिशा

■ **एससीईआरटी के अतिरिक्त संचालक जेपी रथ ने किया शाला संग्रहालय का अवलोकन**

जगदलपुर/नवप्रदेश। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के अतिरिक्त संचालक जेपी रथ ने बस्तर विकासखंड के प्राथमिक शाला मुंडकटियापारा,संकुल खड़का का शैक्षिक अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में विकसित शाला संग्रहालय, कक्षा-कक्ष में चल रही शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया तथा बच्चों के सीखने के स्तर का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों से पठन, लेखन,मौखिक अभिव्यक्ति,संख्यात्मक समझ और स्थानीय परिवेश से जुड़े विषयों पर सहज संवाद कर उनकी समझ परखी।

रथ ने शिक्षकों से बच्चों के वर्तमान शैक्षिक स्तर और सीखने की आवश्यकताओं पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे की क्षमता और गति को ध्यान में रखकर शिक्षण की योजना बनाई जानी चाहिए। दैनिक कक्षा गतिविधियों के माध्यम से बच्चों के सीखने का नियमित आकलन करने पर भी उन्होंने जोर दिया।

शाला संग्रहालय में स्थानीय संस्कृति,परंपरा,लोककला, कृषि, जीवनशैली और दैनिक उपयोग की पारंपरिक वस्तुओं का अवलोकन करते हुए उन्होंने कहा कि संग्रहालय केवल वस्तुओं के प्रदर्शन तक सीमित न रहे,बल्कि इसे बच्चों के लिए जीवंत सीखने का संसाधन बनाया जाए। स्थानीय वस्तुओं के माध्यम से पहचान,वर्गीकरण,तुलना,मापन,संख्या-बोध,शब्द-भंडार, मौखिक अभिव्यक्ति और लेखन जैसे कौशल विकसित किए जा सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों को संग्रहालय की सामग्री का उपयोग भाषा, गणित,पर्यावरण अध्ययन और स्थानीय ज्ञान से जुड़ी गतिविधियों में करने का सुझाव दिया।

शिक्षकों के प्रयासों की सराहना

रथ ने बच्चों को स्थानीय संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हुए सीखने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने बाल-केंद्रित, गतिविधि आधारित और अनुभवात्मक शिक्षण को निरंतर बढ़ावा देने पर जोर दिया। विद्यालय की शिक्षकीय टीम ने संग्रहालय के निर्माण, स्थानीय सामग्री के संग्रहण और बच्चों के साथ की जा रही गतिविधियों की जानकारी साझा की। बच्चों ने भी संग्रहालय में रखी वस्तुओं के बारे में अपने अनुभव बताए।





नाबालिग बच्चे को 10 घंटे तक थाने में बैठाया, हाईकोर्ट ने डीजीपी से शपथ पत्र में मांगा जवाब

■ कोर्ट ने पूछा देहाती नालिश दर्ज करने वाले शैलेन्द्र सिंह को जांच अधिकारी कैसे बनाया गया

बिलासपुर/नवप्रदेश। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने एनडीपीएस मामले में पुलिस की जांच प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाते हुए डीजीपी को नोटिस जारी कर शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है।

मामले में कहा गया है कि जिस पुलिस अधिकारी शैलेंद्र सिह ने कथित तौर पर देहाती नालिश दर्ज कराई और जिसके आधार पर एफआईआर हुई, उसी अधिकारी को मामले की जांच करने और चार्जशीट पेश करने की अनुमति कैसे दी गई। मामला बिलासपुर के सरकंडा थाना क्षेत्र में 2925 क्लोनाजेपाम (रिवोट्रिल) गोलियों की बरामदगी से जुड़ा है। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया है, यह प्रकरण पारिवारिक विवाद के चलते महिला को फंसाने के लिए साजिश के तहत बनाया गया है। कोर्ट ने मामले में संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी कर, अगली सुनवाई में व्यक्तिगत या वकील के माध्यम से उपस्थित होने को कहा है। याचिका की अगली सुनवाई 24 अगस्त को होगी। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि कथित प्रतिबंधित दवाओं वाला पॉलीथिन बैग महिला को सीधे नहीं मिला था। करीब 14 वर्ष के एक नाबालिग बच्चे को पतंग उड़ाते समय यह बैग घर की छत पर मिला था। बच्चे ने दवाओं के बारे में मोबाइल पर जानकारी जुटाने के बाद अपनी मां को बताया। परिवार का कहना है कि बैग को अनचाही वस्तु समझकर सीढ़ियों के पास कचरे के स्थान पर रख दिया गया था। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया है। 14 वर्षीय बच्चे के खिलाफ कोई एफआईआर नहीं होने के बावजूद उसे पुलिस थाने ले जाकर 10 घंटे तक बैठाकर रखा गया। याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि दवाओं के स्रोत, बैग को छत पर रखने वाले व्यक्ति, संबंधित लोगों की भूमिका और महिला की गिरफ्तारी की परिस्थितियों की निष्पक्ष जांच कराई जाए । उन्होंने बच्चे का मोबाइल भी फोरेंसिक जांच के लिए उपलब्ध कराने की बात कही है।

शैलेंद्र सिह के आचरण के संबंध में भी जानकारी देने निर्देश

याचिका की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच में हुई। बेंच ने डीजीपी को व्यक्तिगत शपथ पत्र दाखिल कर यह बताने कहा है, शैलेंद्र सिह, जिसने कथित तौर पर देहाती नालिश दर्ज कराई और जिसके आधार पर एफआईआर हुई, उसे ही मामले की जांच करने की अनुमति कैसे दी गई? जांच अधिकारी ने आगे जांच पूरी कर महिला के खिलाफ चार्जशीट कैसे पेश कर दी? कोर्ट ने डीजीपी को शैलेंद्र सिह के पिछले आचरण के संबंध में भी व्यक्तिगत शपथ पत्र के साथ विस्तार से जानकारी देने का निर्देश दिया है। ध्यान रहे कि देहाती नालिश अपराध स्थल पर या थाने पहुँचने से पहले, पीड़ित या गवाह द्वारा पुलिस अधिकारी को दिया गया शुरुआती मौखिक या लिखित बयान है। इसे स्थानीय व सरल भाषा में घटनास्थल पर ही दर्ज किया जाता है, जो बाद में मुख्य प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) का आधार बनता है।

न्यूज गैलरी

नगरीय निकायों को एल्डरमैन निधि के 9.44 करोड़ जारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरीय निकायों हेतु कुल 9 करोड़ 44 लाख 25 हजार रुपए की एल्डरमैन निधि जारी की है। चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत एल्डरमैन निधि की प्रथम किस्त की 50 प्रतिशत राशि विभाग द्वारा जारी की गई है। इस मद से मनोनीत पार्षदों (एल्डरमैन) की अनुशंसा पर विकास कार्य किए जाते हैं । उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग ने नगरीय निकायों को ये राशि जारी कर दी है। साव ने नगरीय निकायों को इस निधि का सदुपयोग करते हुए राज्य की शहरी आबादी तक योजनाओं का समुचित लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा राज्य के 10 नगर निगमों में एल्डरमैन निधि के कुल 2 करोड़ 7 लाख रुपए जारी किए गए हैं। 53 नगर पालिकाओं में कुल 3 करोड़ 93 लाख रुपए और 102 नगर पंचायतों में कुल 3 करोड़ 44 लाख 25 हजार रुपए की एल्डरमैन निधि विभाग द्वारा जारी की गई है।

बाबू प्यारेलाल गुप्त का योगदान सराहनीय

रतनपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं इतिहासकार बाबू प्यारेलाल गुप्त की 136 वीं जयंती पर राधा माधव मंदिर परिसर में विचार संगोष्ठी एवं आंचलिक कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि बिलासपुर के वरिष्ठ साहित्यकार रमेशचंद्र सोनी थे तथा अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार विजय कुमार गुप्ता ने की। सर्वप्रथम अतिथियों ने बाबू प्यारेलाल गुप्त के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। अतिथियों के सम्मान के बाद सृजन पीठ के अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र कुमार वर्मा ने स्वागत भाषण दिया। संयोजक ब्रजेश श्रीवास्तव ने बाबू प्यारेलाल गुप्त के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि रमेश चंद्र सोनी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के साहित्य संस्कृति एवं इतिहास में बाबू प्यारेलाल गुप्त का बहुत ही सराहनीय योगदान है। उनके लिखे ग्रंथ प्राचीन छत्तीसगढ़, बिलासपुर वैभव तथा श्री विष्णु महायज्ञ स्मारक ग्रंथ को सभी को जरूर पढ़ना चाहिए। अध्यक्षता कर रहे विजय कुमार गुप्ता ने कहा कि बाबू प्यारेलाल जी मेरे ताऊ थे जिसका मुझे बहुत गर्व है। उनका साहित्य समाज को प्रेरणा देने वाला है। इनकी स्मृतियों को संजोकर रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित वरिष्ठ कवि काशीराम साहू ने कहा कि बाबू प्यारेलाल हमारे रतनपुर के लाल थे जिस पर हम सबको गर्व है। वरिष्ठ कवि दिनेश पांडेय ने बाबू जी को साहित्य का भीष्म पितामह निरुपित किया। वरिष्ठ कवि जनक राम साहू ने कहा बाबूजी के योगदान की सराहना करने के साथ ही उनके बताए मार्गों का अनुसरण भी जरूरी है। कवि एवं लेखक प्रमोद कश्यप ने बाबू प्यारेलाल गुप्त पर आलेख वाचन किया ।

माधवराव सप्रे से डिजिटल युग तक पत्रकारिता की यात्रा पर विद्वानों ने रखे विचार, विश्वसनीयता को बताया सबसे बड़ा आधार

नई तकनीक पुरानी को समाप्त नहीं करती बल्कि उसके साथ नए माध्यम विकसित होते हैं : चौबे

बिलासपुर/नवप्रदेश। करगी रोड कोटा में स्थित डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय में हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर एक दिवसीय विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पांच सत्रों में आयोजित इस आयोजन में हिंदी पत्रकारिता की परंपरा से लेकर वर्तमान स्वरूप, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक पत्रकारिता, जनजातीय एवं लोक परंपराओं, डिजिटल पत्रकारिता तथा भविष्य की चुनौतियों पर पत्रकारिता जगत के विद्वानों, साहित्यकारों, संपादकों और विशेषज्ञों ने विचार-विमर्श किया।

कुलाधिपति संतोष चौबे ने कहा कि नई तकनीक कभी पुरानी तकनीक को पूरी तरह समाप्त नहीं करती, बल्कि उसके साथ नए माध्यम विकसित होते हैं। उन्होंने कहा कि एआई के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए इसके उपयोग की स्पष्ट मर्यादाएं और दिशा-निर्देश आवश्यक होंगे। पत्रकारिता की स्वतंत्रता के साथ लोकमंगल को केंद्र में रखना जरूरी है। पत्रकारिता की बेहतर अभिलेखीय व्यवस्था से अतीत को समझकर भविष्य की दिशा तय करने में मदद मिलेगी। मुख्य अतिथि पद्मश्री विजय दत्त श्रीधर ने हिंदी नवजागरण में माधवराव सप्रे के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि सप्रे जी ने छत्तीसगढ़ में शिक्षा, हिंदी लेखन, साहित्यिक समीक्षा तथा ज्ञान-विज्ञान के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके विचारों का प्रभाव माखनलाल चतुर्वेदी, द्वारिकाप्रसाद मिश्र और मुकुटधर पांडेय जैसे साहित्यकारों पर भी दिखाई देता है।

सोशल मीडिया के दौर में फर्जी समाचार बड़ी चुनौती हैं, इसलिए तथ्यों की पुष्टि और विश्वसनीयता के प्रति मीडिया को अधिक सजग रहना होगा। उन्होंने बदलते मीडिया स्वरूप के संदर्भ में मीडिया आयोग के गठन पर विचार किए जाने का सुझाव भी दिया।

लोकतांत्रिक चेतना के विकास की यात्रा

कुलसचिव डॉ. अरविंद तिवारी ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष केवल समाचारों की यात्रा नहीं, बल्कि सामाजिक जागरण, भाषा, साहित्य और लोकतांत्रिक चेतना के विकास की यात्रा भी है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता और साहित्य की समृद्ध परंपरा पर शोध एवं रचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करेगा। कुलाधिपति संतोष चौबे ने पत्रकारिता को समाज की परिवर्तनकारी शक्ति बताते हुए कहा कि इसके मूल सरोकारों में विज्ञान और साहित्य को भी प्रमुख स्थान मिलना चाहिए।

विविधता में एकता

पत्रकारिता के 2 सौ वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कार्यक्रम में डॉ. प्रफुल्ल कुमार शर्मा ने कैलाश मानसरोवर यात्रा के अनुभव साझा करते हुए विविधता में एकता और मानवीय समानता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रकृति की तरह समाज में भी प्रत्येक व्यक्ति की अपनी उपयोगिता और विशिष्टता है। सामाजिक समरसता, पारस्परिक सम्मान और मानवीय मूल्यों को जीवन का आधार बनाया जाना चाहिए।

संस्कृति विकास की कहानी

छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पत्रकारिता पर विचार-मंथन पर वरिष्ठ रंगकर्मी एवं नाट्य निर्देशक राजकमल नायक ने कहा कि कला और संस्कृति मनुष्य के विकास की कहानी हैं और शब्द मनुष्य के विकास की खोज तथा अनुसंधान का माध्यम हैं। सांस्कृतिक पत्रकारिता में लोकमंगल का भाव महत्वपूर्ण है। आज यह केवल कला और संस्कृति की जानकारी तक सीमित नहीं।

पदोन्नति, पदस्थापना, अनुकंपा नियुक्ति और अटैचमेंट में अभिलेखों की जांच की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला शिक्षा विभाग से जुड़े पदोन्नति,पदस्थापना,अनुकंपा नियुक्ति, प्रतिनियुक्ति,अटैचमेंट और युक्तियुक्तकरण जैसे मामलों में गंभीर अनियमितताओं के आरोपों के बावजूद जांच आगे नहीं बढ़ने का मामला अब सवालों के घेरे में है। फरवरी से मई 2026 के बीच लगातार पांच शिकायतें सामने आने के बाद भी यदि जिम्मेदार अधिकारियों की भूमिका और दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच नहीं हुई है,तो यह पूरी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े करता है।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित गौरहा ने इस मामले को एक बार फिर गंभीरता से उठाते हुए संयुक्त संचालक,शिक्षा संभाग बिलासपुर से व्यक्तिगत मुलाकात की और पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की।इसके साथ ही उन्होंने पूर्व में की गई शिकायतों पर अब तक हुई कार्रवाई की लिखित जानकारी मांगते हुए विस्तृत पत्र भी सौंपा है। गौरहा ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि जिला शिक्षा विभाग से संबंधित मामलों में समय-समय पर शिकायतें सामने आती रही हैं, लेकिन गंभीर आरोपों के बावजूद अब तक ठोस जांच और कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। उनका सवाल है कि यदि शिकायतों में लगाए गए आरोप निराधार हैं तो जांच के बाद स्थिति स्पष्ट की जाए और यदि प्रथम दृष्टया अनियमितताएं सामने आती हैं तो जिम्मेदारी तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई होनी चाहिए। अनुकंपा नियुक्ति, पदोन्नति-पदस्थापना का सवाल शिकायतों के अनुसार 9 फरवरी 2026 को अनुकंपा नियुक्ति और प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया में अनियमितता तथा भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर शिकायत की गई थी। इसके बाद 20 मार्च 2026 की शिकायत में फर्जी अनुकंपा नियुक्ति, अटैचमेंट, युक्तियुक्तकरण, कोटा से संबंधित वित्तीय अनियमितताओं और पदोन्नति-प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया से जुड़े गंभीर सवाल उठाए गए। 4 मई 2026 को की गई शिकायतों में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी पदोन्नति एवं पदस्थापना आदेशों को लेकर आपत्तियां दर्ज कराई गईं। शिकायत में लोक शिक्षण संचालनालय और उच्च न्यायालय के आदेशों के संदर्भ में जारी आदेशों तथा उनके बाद की प्रक्रिया से जुड़े दस्तावेजों की जांच की मांग की गई है।

शांति समिति की बैठक संपन्न, ईद-ए-मिलाद व गणेश चतुर्थी पर्व सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का लिया गया निर्णय

बिलासपुर/नवप्रदेश। आगामी ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी) एवं गणेश चतुर्थी पर्व को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर संजय अग्रवाल एवं एसएसपी रजनेश सिंह की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी) एवं गणेश चतुर्थी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में नगर निगम को ईदगाह एवं प्रमुख मार्गों की साफ-सफाई और प्रकाश व्यवस्था, पुलिस विभाग को यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्था तथा सीएसईबी को निर्बाध विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उक्त पर्वों के दौरान सड़क पर पंडाल लगाकर यातायात बाधित नहीं करने तथा समितियों द्वारा पुलिस को स्वयंसेवकों की सहायता उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। साथ ही ईद-ए-मिलाद पर्व के दौरान भी सड़क पर पंडाल लगाकर यातायात बाधित न हो। इसकी निगरानी रखी जाए। विद्युत तारों से किसी प्रकार की दुर्घटना न हो इसका विशेष ध्यान रखने कहा गया। पंडाल में पर्याप्त स्वयंसेवकों की व्यवस्था हो, इसके निर्देश दिए गए। सभी समितियों, कमिटियों को पर्व के दौरान पंडाल लगाने के लिए संबंधित थाना प्रभारी एवं एसडीएम से अनुमति लेने कहा गया। गणेश विसर्जन के लिए रूट चार्ट एवं पार्किंग स्थल निर्धारित करने के निर्देश दिए गए। समितियों को विसर्जन स्थल एवं रूट की जानकारी संबंधित थाना प्रभारी को देने के निर्देश दिए गए। सभी पूजा पंडाल एवं आसपास सीसीटीवी कैमरा लगाना अनिवार्य होगा। पूजा पंडालों में मिट्टी की प्रतिमा स्थापित करने के निर्देश दिए गए है। पुलिस विभाग को मंदिरों, मस्जिदों, गणेश पंडालों, संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों तथा विसर्जन स्थल पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात करने कहा गया। सभी पूजा पंडालों एवं आसपास सीसीटीवी कैमरे लगाना तथा मिट्टी की प्रतिमा स्थापित करना अनिवार्य किया गया। पर्व के दौरान भंडारा एवं लंगर में प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने, दोना-पत्तल एवं डस्टबिन की व्यवस्था रखने तथा सड़क पर वाहन रुकवाकर प्रसाद वितरण नहीं किया जाए।

संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती मनाई गई

रत्नदेव साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति का आयोजन

रतनपुर/नवप्रदेश। रत्नदेव साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति द्वारा श्री राधा माधव धाम में संत शिरोमणि विप्र कुल गौरव गोस्वामी तुलसीदास की जयंती एवं विष्णु स्मारक ग्रंथ पुनर प्रकाशन मंडल के सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा श्री राधा माधव व गोस्वामी तुलसीदास की पूजा अर्चना के साथ की गई इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महंत दिव्यकांत जी महाराज रहे वही कार्यक्रम की अध्यक्षता रत्नदेव साहित्यिक एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष बलराम पांडे ने तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में किशन लाल तंबोली, के आर कौशिक, शंकर लाल पटेल, राजकुमारी बिसेन महिला मोर्चा भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर नीलम सिंह रही स्वागत भाषण होरीलाल गुप्ता ने दिया मुख्य अतिथि महोदय ने अपने उद्बोधन में रामचरितमानस को आदर्श जीवन जीने का ग्रंथ बताया उन्होंने कहा कि इस ग्रंथ में परिवार के सभी सदस्यों के एक दूसरे के प्रति कर्तव्य को बतलाया गया है इसके अनुरूप हम चलकर एक आदर्श समाज की स्थापना कर सकते हैं वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बलराम पांडे ने गोस्वामी तुलसीदास जी की जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म ही संघर्ष से शुरू हुआ जन्म के समय ही उनकी माता का निधन हो गया पिता ने उनका त्याग कर दिया दासी ने उनका पालन पोषण किया लेकिन उन्होंने भी उसे बाद में त्याग दिया इस प्रकार उनका पूरा जीवन संघर्ष से भरा रहा और यही संघर्ष की परिणिति रामचरितमानस ग्रंथ की रचना के रूप में हुई द्वितीय सत्र में विष्णु स्मारक ग्रंथ के पुनर प्रकाशन मंडल के सदस्यों बलराम पांडे, राजेंद्र मिश्रा, राजेंद्र दुबे, विकल जायसवाल, भागीरथी सोनी, शिवानंद पांडे ,अनिल अग्रवाल, होरीलाल गुप्त, ज्ञान आधार शास्त्री, आनंद नगर कर, मुकेश जोशी, दिनेश पांडे का सम्मान किया गया ज्ञात हो की सन 1944 में विष्णु महायज्ञ के पश्चात इस ग्रंथ का प्रकाशन किया गया था जो बहुत कम लोगों के पास रह गया था इसका पुनर प्रकाशन इन धर्म प्रेमियों के द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन बालकृष्णमिश्रा व आभार प्रदर्शन दिनेश पांडे ने किया इस कार्यक्रम में बलराम पांडे, राजेंद्र दुबे, राजेंद्र मिश्रा, होरीलाल गुप्ता ,राजेंद्र जायसवाल, संतोष गुप्ता, रविंद्र सोनी, लक्ष्मी पांडे, नीलू पांडे, शोभा दुबे ,राजेश्वरी दुबे, प्राची दुबे, सरस्वती कश्यप, के अलावा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मुलाकातः प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने अपनी क्षेत्र से जुड़े विषयों पर की चर्चा

सहयोग केंद्र में तोखन साहू ने सुनीं जनता की समस्याएं

रायपुर/बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश कार्यालय स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सहयोग केंद्र में आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने प्रदेशभर से आए नागरिकों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं से आत्मीय मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे नागरिकों और कार्यकर्ताओं ने अपनी समस्याएं एवं क्षेत्र से जुड़े विषय राज्यमंत्री साहू के समक्ष रखे। उन्होंने सहजता और धैर्य के साथ सभी की बातें सुनीं तथा संबंधित विषयों के समाधान के लिए आवश्यक पहल का भरोसा दिलाया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के विचार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के संकल्प को साकार करते हुए अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है।

वंदे मातरम का अपमान देश के स्वाभिमान पर प्रहारः साहू

केन्द्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने राष्ट्रगीत 'वन्दे मातरम' को लेकर कांग्रेस के रुख की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए कहा है कि जिस 'वन्दे मातरम' के उद्घोष ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में लाखों क्रांतिकारियों को मातृभूमि की रक्षा के लिए प्राण न्यौछावर करने का साहस दिया, उस राष्ट्रगीत के प्रति कांग्रेस का रवैया उसकी संकुचित मानसिकता और वोट बैंक की राजनीति को दर्शाता है। केन्द्रीय राज्यमंत्री साहू ने कहा कि 'वन्दे मातरम' केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की अस्मिता, संस्कृति और करोड़ों भारतीयों की राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। कांग्रेस द्वारा इस पावन गीत के प्रति उपेक्षा दिखाना अमर बलिदानियों और राष्ट्रीय प्रतीकों का खुला अपमान है। श्री साहू ने कहा कि सत्ता और तुष्टीकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस लगातार ऐसे मुद्दों पर राष्ट्रहित के विपरीत खड़ी नजर आती है। एक वर्ग विशेष को साधने के लिए देश की सांस्कृतिक पहचान और गौरव के साथ समझौता करना पूरी तरह अस्वीकार्य है।

बिलासपुर/नवप्रदेश। पावन नगरी सुल्तानगंज से माँ गंगा का पवित्र जल लेकर देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ को अर्पित करने के लिए देवघर के लिए प्रस्थान किए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक धरमलाल कौशिक, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष रजनीश सिंह, क्रेडा के अध्यक्ष भूपेन्द्र एव टीम के साथ प्रस्थान से पूर्व विधिवत पूजा-अर्चना कर बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया माँ गंगा की पावन धारा और भगवान शिव की असीम कृपा सब पर बनी रहे । महादेव सभी भक्तों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं आरोग्य प्रदान करें और सभी की मनोकामनाएं पूर्ण करें।

छत्तीसगढ़ के दिमागी नक्सली की काली करतूत

इस साल स्वतंत्रता दिवस छत्तीसगढ़ के लिए खास रहा। नक्सली हिंसा से मुक्त होने के बाद आदिवासी बहुल बस्तर में पहली बार विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसका नेतृत्व खुद प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा ने किया और पूरी आन, बान और शान के साथ कभी नक्सलियों का अभेद्य गढ़ कहे जाने वाले क्षेत्र में तिरंगा फहराया। आजादी का यह जश्न छत्तीसगढ़ के दिमागी नक्सलियों को रास नहीं आया। सोशल मीडिया पर अराजक तत्वों ने कुरुद में भाजपा के एक कार्यक्रम में फहराए गए भगवा ध्वज का वीडियो इस दावे के साथ वायरल कर दिया कि वहां के भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने स्वाधीनता दिवस पर तिरंगे की जगह भाजपा का झंडा फहराया है। इस फेक न्यूज और वीडियो को कांग्रेस मीडिया विभाग की प्रमुख सुप्रिया श्रीनेत और कथित लोक गायिका नेहा राठौड़ ने शेयर कर लिया। नतीजतन, अजय चंद्राकर ने इन सबके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी है। अब इन दिमागी नक्सलियों के दिमाग ठिकाने लगने लगेंगे। और नहीं तो, कम से कम तेज-तर्रार विधायक अजय चंद्राकर से तो पंगा मोल लेने की हिमाकत तो कतई नहीं करेंगे।

महासमुंद को एक बार फिर मिली राष्ट्रीय पहचान

छत्तीसगढ़ के महासमुन्द लोकसभा क्षेत्र से पहली बार निर्वाचित भाजपा सांसद रुप कुमारी चौधरी को भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने से एक बार फिर महासमुन्द को राष्ट्रीय पहचान मिली है। इसके पूर्व स्व. विद्याचरण शुक्ल महासमुन्द से लगातार चुनाव जीतकर केन्द्रीय मंत्री बनते रहे। यहां से निर्वाचित स्व. पवन दीवान और स्व. अजीत जोगी ने भी महासमुन्द का मान बढ़ाया था लेकिन पहली बार एक महिला सांसद रुप कुमारी चौधरी ने इसके राज मुकुट पर मोर पंख लगाया है। इससे महासमुन्द क्षेत्र के लोग तो गर्व कर ही रहे हैं छत्तीसगढ़ की आधी आबादी भी गौरवान्वित हुई है क्योंकि राष्ट्रीय भाजपा महिला मोर्चा की कमान तीसरी बार छत्तीसगढ़ की किसी महिला नेत्री को मिली है। अब प्रदेश की नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायतों की महिला जन प्रतिनिधियों में उम्मीद की किरण जागी है कि उन्हें स्वतंत्र रुप से काम करने का अवसर मिलेगा। वे सही मायनों में राजनीतिक रुप से सशक्त हो पाएंगी। देखना दिलचस्प होगा कि नगरीय निकायों और पंचायत क्षेत्र के लोगों पी पी अर्थात पार्षद पति व पंच पति से मुक्ति मिल पाती है या नहीं।

सुरक्षा के बदले सट्टा साम्राज्य का राज!

सौरभ चंद्राकर अब भारत लौटने से पहले सुरक्षा मांग रहे हैं और साथ में सट्टा साम्राज्य के राज खोलने का दावा भी कर रहे हैं। गजब है साहब! जब करोड़ों का खेल चल रहा था, तब सुरक्षा और कानून की चिंता शायद डायरी के आखिरी पन्ने पर थी। अब सलाखें सामने दिखीं तो परिवार की सुरक्षा, अलग बैरक और न्यायिक निगरानी सब याद आ गया। दावा है कि राजनीतिक कनेक्शन, हवाला, बेनामी संपत्तियों और नेटवर्क के बड़े किरदारों के नाम बताएंगे। यानी जिस तिजोरी में राज बंद हैं, उसकी चाबी भी इन्हीं के पास होने का दावा है। सवाल बस इतना है–इतने राज पहले क्यों नहीं खोले? अब यह सच का खुलासा है या बचाव की रणनीति, इसका फैसला बयान नहीं, सबूत करेंगे। पर्दा उठेगा तो पता चलेगा कि खेल में खिलाड़ी कितने थे और संरक्षण किसका था।

राशन कार्ड में देरी, साहब पर जुर्माना!

राशन कार्ड में नाम सुधारने में 30 दिन लग गए तो तिल्दा सीएमओ पर पूरे 100 रुपए का जुर्माना ठोक दिया गया। अब सवाल यह है कि 100 रुपए देखकर बाबू की नींद खुलेगी या फाइल की? जनता महीनों दफ्तरों के चक्कर काटती है, कभी बाबू नहीं मिलता, कभी साहब मीटिंग में होते हैं और कभी फाइल ऐसी जगह घूमती है, जैसे तीर्थयात्रा पर निकली हो। लेकिन इस बार कलेक्टर ने याद दिला दिया कि सरकारी कुर्सी सिर्फ बैठने के लिए नहीं, जिम्मेदारी निभाने के लिए भी होती है। लोक सेवा गारंटी कानून का मतलब यही है कि जनता का काम समय पर हो, न कि आवेदन सरकारी अलमारी में तपस्या करता रहे। बायोमेट्रिक हाजिरी, लंबित प्रकरण और योजनाओं की समीक्षा भी हुई। अब देखना यह है कि 100 रुपए का यह जुर्माना व्यवस्था को जगाता है या अगली फाइल फिर खर्राटे लेने लगती है!

अंग्रेजी माध्यम शालाओं के कर्णधारों की पेशानी पर बल

नाम बड़े और दर्शन छोटे वाली कहावत को चरितार्थ करने वाले और गली-गली में कुकुरमुत्तों की तरह उगने वाले स्वनामधन्य अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के कर्णधारों की पेशानी पर बल पड़ गया है। इसकी वजह है संसद में पारित नया कानून, जिसके तहत अब राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के पूरे छह पद गाना अनिवार्य कर दिया गया है। अंग्रेजी माध्यम शालाओं में 'वंदे मातरम्' के छह पद खुद हिंदी के शिक्षकों के लिए गाना मुश्किल है, तो वे क्या ही विद्यार्थियों से गवा पाएंगे? यदि इसमें कोई त्रुटि हुई, तो राष्ट्रगीत की अवमानना के मामले में नप जाएंगे। अंग्रेजी माध्यम शालाओं के हिंदी शिक्षक, जिनका हिंदी भाषा में ही हाथ तंग है, वे अब खुद अपनी (भाषा) सुधारने की कवायद कर रहे हैं।

अब अफसर पढ़ेंगे, बच्चे बताएंगे रिजल्ट!

सरकारी स्कूलों की पढ़ाई सुधारने का नया फार्मूला आया है–अब अफसर खुद कक्षा में बैठेंगे। यानी जिन फाइलों में अब तक शिक्षा 'संतोषजनक' चल रही थी, वही शिक्षा अब ब्लैकबोर्ड पर पकड़ी जाएगी। टीम स्कूल जाएगी, बच्चों से पूछेगी–गणित आता है? बच्चा चुप रहा तो 'रेड', जवाब दे दिया तो 'ग्रीन'। शिक्षा व्यवस्था अब ट्रैफिक सिग्नल हो गई है; फर्क बस इतना है कि यहां लाल बत्ती देखकर गाड़ी नहीं, बैठक रुकेगी। अफसर जांचेंगे कि शिक्षक सवाल पूछ रहे हैं या नहीं, कमजोर बच्चों पर ध्यान है या नहीं और पढ़ाई में सामग्री का इस्तेमाल हो रहा है या नहीं। फिर डीईओ, बीईओ, बीआरसी, सीएसी और डाइट वाले बैठकर एक्शन प्लान बनाएंगे। बस डर इतना है कि बच्चों की कमजोरी खोजते-खोजते कहीं व्यवस्था की कमजोरी सामने न आ जाए। क्योंकि स्कूल में 'रेड' लगाना आसान है, लेकिन वर्षों से लाल पड़े सिस्टम को 'ग्रीन' कौन करेगा?

गुरुजी ने पढ़ाया कॉमर्स, चेले ने समझा दिया क्रिप्टो!

रायपुर में गुरु-शिष्य परंपरा ने डिजिटल छलांग लगाई है। पहले शिष्य गुरु से ज्ञान लेता था, अब आरोप है कि शिष्य ने गुरु से 1.54 करोड़ रुपए ले लिए। वह भी क्रिप्टो में 25 से 30 प्रतिशत मुनाफे का सपना दिखाकर। कॉमर्स पढ़ाने वाले गुरुजी ने हिसाब-किताब जरूर पढ़ाया होगा, मगर बाजार का पहला नियम भूल गए–जहां मुनाफा तय बताया जाए, वहां नुकसान अक्सर पहले से तय होता है। शुरुआत में थोड़ा लाभ मिला तो भरोसा ऐसा बढ़ा कि जमा पूंजी कम पड़ी, बैंक का कर्ज भी निवेश में उतर गया। फिर पैसा वापस मांगने पर मुंबई, ट्रेडिंग आईडी और फंसी रकम जैसे बहानों का पाठ शुरू हुआ। आखिरी अध्याय में 9.90 लाख और जमा हुए, फिर मोबाइल बंद और मकान खाली। अब पुलिस हिसाब लगा रही है। गुरुजी को शायद समझ आ गया होगा–क्रिप्टो में 'पंप एंड डंप' सिर्फ बाजार नहीं, भरोसा भी होता है।

आरोपी पकड़ा, खुद सस्पेंड होकर लौटे!

कोरबा पुलिस 50 करोड़ की ठगी के आरोपी को पकड़ने निकली थी, मगर लौटते-लौटते खुद कार्रवाई की गिरफ्त में आ गई। मामला ऐसा कि अपराधी दिल्ली में था, पुलिस के पास ट्रेन का नियम था और मन में हवाई जहाज। टीम ने सोचा होगा–50 करोड़ की ठगी का आरोपी है, उसे पकड़ने जनरल डिब्बे में थोड़े जाएंगे! लिहाजा फ्लाइट पकड़ी, और बताया गया कि टिकट का खर्च भी उसी पीड़ित ने उठाया, जिसका पैसा पहले ही ठगा जा चुका था। यानी पीड़ित पहले ठगों से लुटा, फिर आरोपी पकड़वाने में पुलिस की हवाई यात्रा का कथित खर्च भी उठा गया। पुलिस आरोपी को पकड़कर विजयी भाव से लौटी, लेकिन आईजी ने टिकट देखकर पूरा उत्साह उतार दिया। टीआई समेत 8 निलंबित हो गए। अब सीख यही है–पुलिसिंग में आरोपी का लोकेशन ही नहीं, अपना 'ट्रैवल मोड' भी नियमों के दायरे में होना चाहिए।

समस्या: सड़कों पर घूम रहे मवेशियों से ग्रामीण परेशान, पिछले दिनों पशुओं को हांकते हुए कलेक्टोरेट परिसर पहुंच गए थे

सड़कों पर गौवंश का डेरा, 8 माह में 55 मौतें

निलांचल गौड़

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों पर निराश्रित मवेशियों का जमावड़ा अब महज यातायात की समस्या नहीं, बल्कि जानलेवा संकट बनता जा रहा है। आए दिन हो रहे सड़क हादसों और फसलों को हो रहे नुकसान से परेशान ग्रामीणों का आक्रोश अब प्रशासन के खिलाफ खुलकर सामने आने लगा है। सरगुजा जिले के ग्राम परसा-भकुरा के ग्रामीणों ने इसी समस्या को लेकर अनोखा प्रदर्शन किया था।

ग्रामीण सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को हांकते हुए करीब 13 किलोमीटर दूर अंबिकापुर कलेक्टोरेट परिसर पहुंच गए और मवेशियों को परिसर में छोड़ दिया था। ग्रामीणों का कहना था कि जब गांव और शहर की सड़कों से मवेशियों को हटाने और उनके लिए सुरक्षित व्यवस्था करने की जिम्मेदारी प्रशासन की है, तो फिर वे मवेशियों को कहां रखें? ग्रामीणों ने प्रशासन से दो टूक कहा कि अब कलेक्टर ही तय करें कि इन निराश्रित मवेशियों की व्यवस्था कहां होगी।

कलेक्टोरेट परिसर बना अस्थायी कांजी हाउस: अंबिकापुर से गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्ग समेत शहर के प्रमुख मार्गों पर बड़ी संख्या में गाय-बैल सड़कों पर बैठे या घूमते नजर आते हैं। ग्रामीणों के अनुसार रात के समय स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है। अंधेरे में सड़क पर बैठे मवेशी वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते और अचानक ब्रेक लगाने या टक्कर होने से गंभीर दुर्घटनाएं हो जाती हैं। ग्रामीणों ने बताया कि खेतों में फसल के समय आवारा मवेशियों की समस्या और बढ़ जाती है। किसान दिन-रात खेतों की रखवाली करने के बावजूद मवेशियों के झुंड फसलों को नुकसान पहुंचा देते हैं। वहीं, पशुपालकों द्वारा दूध निकालने के बाद मवेशियों को खुले में छोड़ देने की प्रवृत्ति ने समस्या को और गंभीर कर दिया है।

ग्रामीणों की प्रमुख मांगें

- सड़कों और राष्ट्रीय राजमार्गों से तत्काल निराश्रित मवेशियों को हटाया जाए।
- मवेशियों को खुले में छोड़ने वाले पशुपालकों पर भारी जुर्माना लगाया जाए।
- सभी पशुओं की ईयर-टैगिंग और पंजीयन अनिवार्य किया जाए।
- गोठानों में पर्याप्त शेड, चारा और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित हो।
- गोठान संचालकों और चरवाहों को समय पर भुगतान किया जाए।
- हाईवे के चिन्हित डेंजर स्पॉट पर विशेष निगरानी और मवेशी हटाने की व्यवस्था हो।
- दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाए।

पशुपालकों पर कार्रवाई की मांग

ग्रामीणों और शहरवासियों ने मांग की है कि दूध निकालने के बाद मवेशियों को सड़कों पर छोड़ने वाले पशुपालकों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पशुओं की ईयर-टैगिंग और अनिवार्य पंजीयन कराने की मांग भी उठी है, ताकि सड़क पर मिलने वाले मवेशियों के मालिकों की पहचान आसानी से हो सके। ग्रामीणों का कहना है कि केवल मवेशियों को पकड़कर गोठान पहुंचाना स्थायी समाधान नहीं है। जब तक पशुपालकों की जिम्मेदारी तय कर उन पर जुर्माना और आवश्यक कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी, तब तक सड़क पर मवेशियों की समस्या बनी रहेगी।

प्रशासन के सामने अब दोहरी चुनौती

कलेक्टोरेट परिसर में मवेशियों को लाकर ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने समस्या का एक तरह से प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर दिया था। यह घटना केवल एक गांव की परेशानी नहीं, बल्कि शहर और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित मवेशियों की बढ़ती समस्या की ओर संकेत करती है। अब प्रशासन के सामने चुनौती है कि सड़कों से मवेशियों को हटाने के साथ उनके लिए पर्याप्त क्षमता वाले सुरक्षित आश्रय, चारा और देखभाल की व्यवस्था कैसे करें। साथ ही पशुपालकों की जवाबदेही तय कर सड़क पर मवेशी छोड़ने की प्रवृत्ति पर रोक लगाए।

8 माह में 73 बड़े हादसे, 55 लोगों की मौत

सड़कों पर मवेशियों के कारण होने वाले हादसों को लेकर बिलासपुर हाईकोर्ट भी गंभीर चिंता जता चुका है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जनवरी से अगस्त के बीच प्रदेश में आवारा मवेशियों से जुड़े 73 बड़े सड़क हादसे दर्ज किए गए, जिनमें 55 लोगों की मौत हुई। राष्ट्रीय राजमार्गों पर ऐसे 52 डेंजर स्पॉट भी चिन्हित किए गए हैं, जहां रात के समय दुर्घटना की आशंका अधिक रहती है। इन आंकड़ों ने सड़क सुरक्षा और निराश्रित मवेशियों की व्यवस्था को लेकर सरकारी दावों पर सवाल खड़े कर दिए हैं। हाईकोर्ट ने स्थानीय निकायों और पंचायत स्तर के जिम्मेदार अधिकारियों-पदाधिकारियों की जवाबदेही को लेकर भी सख्त रुख अपनाया है।

गोठान योजना पर भी उठे सवाल

निराश्रित मवेशियों की समस्या से निपटने के लिए गोठानों की व्यवस्था की गई है। गोठानों में रखे जाने वाले पशुओं के लिए निर्धारित वित्तीय प्रावधान भी हैं। उपलब्ध जानकारी के अनुसार गोठान में रखी गायों के लिए ?10 प्रतिदिन की दर से सहायता राशि तथा चरवाहे या गौ-सेवक के लिए ?10,882 प्रतिमाह मानदेय का प्रावधान बताया गया है। पशुओं को गोठानों तक पहुंचाने के लिए स्थानीय निकायों और पंचायतों की काउ-कैचर टीमों की जिम्मेदारी तय की गई है। वहीं, गोठान में पशुओं को उपलब्ध शेड और निर्धारित क्षमता के अनुसार ही रखने का नियम है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि इन प्रावधानों के बावजूद सड़कों पर मवेशियों की संख्या कम नहीं हो रही है।

जिम्मेदारी तय, फिर भी समस्या जस की तस

सड़कों से मवेशियों को हटाने की जिम्मेदारी नगर निगम, नगरपालिका, नगर पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर तय है। इसके लिए काउ-कैचर टीमों और अन्य संसाधनों की व्यवस्था का प्रावधान है। इसके बावजूद शहर और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रमुख सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा कम नहीं हो रहा है। नागरिकों का आरोप है कि कार्रवाई केवल शिकायत या दुर्घटना के बाद होती है। नियमित रूप से मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित स्थानों पर रखने और पशुपालकों की जवाबदेही तय करने की ठोस व्यवस्था जमीन पर प्रभावी नजर नहीं आती।

महीनों से इंतजार, नेताजी चौक की सोलर हाईमास्ट अब भी मरम्मत के नाम पर बंद

छोटे कापसी/नवप्रदेश। नेताजी चौक पर लोगों की सुविधा और सुरक्षा के लिए लगाई गई सोलर हाईमास्ट लाइट लंबे समय से बंद पड़ी है। जानकारी के अनुसार खराबी आने के बाद लाइट को मरम्मत के लिए उतारकर ले जाया गया था, लेकिन महीनों गुजरने के बावजूद इसे दोबारा स्थापित कर चालू नहीं किया गया। इसके चलते रात होते ही चौक का बड़ा हिस्सा अंधेरे में डूब जाता है। नेताजी चौक पर शाम के बाद भी लोगों और वाहनों की आवाजाही बनी रहती है। हाईमास्ट बंद होने से राहगीरों और आसपास के दुकानदारों को परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल पर प्रकाश व्यवस्था लंबे समय तक बंद रहना जिम्मेदार विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है।

मरम्मत के बाद जल्द स्थापना की मांग: ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधियों से लाइट की स्थिति की जांच कराकर तत्काल मरम्मत कराने तथा उसे नेताजी चौक पर पुनः स्थापित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि सार्वजनिक सुविधा के लिए लगाई गई व्यवस्था यदि महीनों तक बंद रहे तो योजना का उद्देश्य ही विफल हो जाता है। लाइट जल्द चालू नहीं हुई तो ग्रामीणों में नाराजगी और बढ़ सकती है।

लाखों की योजना चढ़ी उपेक्षा की भेंट बदहाली के आंसू रो रहा हर्बल गार्डन

छोटे कापसी/ नवप्रदेश। सरकारी योजनाओं पर लाखों रुपये खर्च करने के बाद यदि रखरखाव की अनदेखी हो जाए तो उनकी हालत क्या होती है, इसका उदाहरण पखांजूर क्षेत्र के बड़े कापसी में बने हर्बल गार्डन में देखा जा सकता है। छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा औषधीय पौधों के संरक्षण और लोगों को उनकी उपयोगिता की जानकारी देने के उद्देश्य से तैयार किया गया यह केंद्र आज उपेक्षा का शिकार नजर आ रहा है। परिसर में झाड़ियां और खरपतवार उग आए हैं, जबकि नियमित साफ-सफाई और देखरेख का अभाव साफ दिखाई देता है।

परिसर में लगे शिलापट्ट के अनुसार हर्बल गार्डन का लोकार्पण 18 फरवरी 2021 को किया गया था। इसका निर्माण छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड योजना मद के तहत भानुप्रतापपुर वनमंडल अंतर्गत कराया गया था।

एक महीने से टूटा पुल, हादसे के इंतजार में प्रशासन?

हादसे को न्योता दे रहा टूटा पुल, बारिश में बढ़ी ग्रामीणों की मुश्किलें

छुरा/नवप्रदेश। छुरा तहसील मुख्यालय से कई गांवों को जोड़ते हुए ओडिशा राज्य तक पहुंचने वाली महत्वपूर्ण सड़क पर स्थित पुल पिछले बारिश के कारण करीब एक महीने से क्षतिग्रस्त पड़ा है। पुल के टूटने से ग्रामीणों, राहगीरों और स्कूली बच्चों के सामने आवागमन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। हालात यह हैं कि जान का जोखिम उठाकर लोग टूटे पुल और उसके आसपास बनाए गए अस्थाई रास्ते से आवाजाही करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद आवागमन बहाल रखने के लिए स्थानीय स्तर पर कई बार मिट्टी, रेत और बोरियों की मदद से अस्थाई रास्ता तैयार किया गया। लेकिन बारिश होते ही पानी के तेज बहाव में यह रास्ता बह जाता है। इसके बाद फिर आवागमन बाधित हो जाता है और ग्रामीणों को उसी जोखिम भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है।

बारिश में बढ़ जाता है खतरा: इन दिनों बारिश के कारण पुल के क्षतिग्रस्त हिस्से से आवागमन और भी खतरनाक हो गया है। पानी का बहाव बढ़ने पर रास्ता फिसलन भरा हो जाता है और दोपहिया वाहन चालकों तथा पैदल राहगीरों के दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। सबसे अधिक चिंता स्कूली बच्चों को लेकर है, जिन्हें रोजाना इसी मार्ग से स्कूल आना-जाना पड़ता है।

ग्रामीणों के मुताबिक, सुबह और दोपहर के समय बच्चों की आवाजाही अधिक रहती है। ऐसे में यदि पानी का बहाव अचानक बढ़ जाए या अस्थाई रास्ता धंस जाए तो बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। बावजूद इसके अब तक पुल की स्थायी मरम्मत की दिशा में ठोस पहल नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।

मोबाइल नेटवर्क बार-बार बंद राशन वितरण में आ रही बाधा

छोटे कापसी/नवप्रदेश। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत राशन लेने वाले उपभोक्ताओं को इन दिनों मोबाइल नेटवर्क की समस्या के चलते परेशानी उठानी पड़ रही है। छोटे कापसी क्षेत्र में जियो नेटवर्क आए दिन बंद होने से राशन दुकानों में ऑनलाइन वितरण प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। नेटवर्क नहीं रहने के कारण उपभोक्ताओं का सत्यापन और ऑनलाइन प्रविष्टि जैसी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी नहीं हो पा रही हैं, जिससे ग्रामीणों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।

राशन दुकान संचालकों के अनुसार राशन वितरण की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन व्यवस्था पर निर्भर है। नेटवर्क बाधित होने पर मशीन में जरूरी प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ती। दूर-दराज के गांवों से राशन लेने पहुंचे ग्रामीणों को नेटवर्क आने का इंतजार करना पड़ता है। कई बार लंबा इंतजार करने के बाद भी समस्या दूर नहीं होने पर उन्हें बिना राशन लिए वापस लौटना पड़ता है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुदित कर सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित,
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर धोटे*, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, समाचार संपादक-संदीप दीवान, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com